
4इ किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक राष्ट्रीय संस्करण RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार समाज जागरण RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्ष: 2 अंक: 01 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 11 अक्टूबर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## जनता की अदालत में काम करोगे तो हमेशा न्याय मिलेगा: नितिन गडकरी

**समाज जागरण**

**नई दिल्ली.** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि वे जो कुछ कहते हैं, उसे पूरा भी करते हैं. उन्होंने कहा, "मैंने 40 साल में जो कुछ कहा है, वह अगर पूरा न हुआ तो मुझे जिम्मेवार ठहराएं. मेरा यकीन रखिए कि मैं जो बोल रहा हूं वो निश्चित रूप से होने वाला है. मैं जो कहता हूं, वो करता हूं." वे न्यूज18 इंडिया के विशेष कार्यक्रम 'अमृत रत्न' सम्मान में बोल रहे थे.

केंद्रीय मंत्री ने कहा, "आप पहली प्राथमिकता अपने स्वास्थ्य को दीजिए, दूसरी प्राथमिकता ईमानदारी से अपनी संपत्ति को दीजिए और तीसरी प्राथमिकता में आपको जो करना है उसे कीजिए. पहले अपने पेट में कुछ जाएगा, तभी आप कुछ सेवा कर पाएंगे. पहले लोगों को अपने घर को ठीक करना चाहिए, तभी वो देश को ठीक करने निकल पाएंगे."



आगामी लोकसभा चुनाव और पार्टी की तरफ से टिकट मिलने को लेकर नितिन गडकरी ने कहा, "जो होना होता है, वो होता है. आप काम करते रहिए. धीरे-धीरे लोगों का आशीर्वाद मिलता है. अगर मैं चुनाव लड़ता हूं तो, मैं कोई पार्टी या नाश्ता-चाय-पानी नहीं दूंगा. मैं केवल अपने काम के ऊपर लोगों का आशीर्वाद लूंगा. सोशल मीडिया के माध्यम से अपने काम को दिखाऊंगा."

उन्होंने आगे कहा, "जनता की अदालत में काम करोगे तो हमेशा न्याय मिलेगा. मैं चुनाव में जनता के बीच जाकर आशीर्वाद लूंगा और जनता मुझे आशीर्वाद देगी क्योंकि जनता को कोई खरीद नहीं सकता, जनता सिर्फ आपका काम देखती है. अच्छे काम करने वालो को सम्मान मिलना चाहिए." इसके साथ ही उन्होंने कहा कि किसे चुनाव लड़ना है और किसे नहीं, उसका निर्णय पार्टी लेती है.

नितिन गडकरी ने यह भी बताया कि वे इंजीनियर बनना चाहते थे. उन्होंने कहा, "मैं सिविल इंजीनियरिंग का एक्सपर्ट नहीं हूं. लेकिन मैं चाहता हूं कि लोग जानें कि मैं सिविल इंजनीयरिंग का एक्सपर्ट हूं ताकि ठेकेदार को डर रहे कि मैं सब जानता हूं." उन्होंने कहा, "मेरी हैंडराइटिंग गंदी है. मैं 2004 से बायो फ्यूल की बात करता हूं. मैं हमेशा से कहता था कि इस देश का किसान अन्नदाता, ईंधनदाता बनेगा."

## आधुनिक शिक्षा एवं अनुशासित जीवन के मूल मंत्र

### विषयक शैक्षिक दक्षता वृद्धि व्याख्यानमाला की द्वितीय प्रस्तुति का आयोजन किया

**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**

लखनऊ । राम प्रसाद बिस्मिल मेमोरियल पब्लिक स्कूल, काकोरी, लखनऊ के तत्त्वावधान में नक्षत्र फाउण्डेशन द्वारा आधुनिक शिक्षा एवं अनुशासित जीवन के मूल मंत्र विषयक शैक्षिक दक्षता वृद्धि व्याख्यानमाला की द्वितीय प्रस्तुति का आयोजन किया गया। उक्त व्याख्यानमाला में वक्ता के रूप में डॉ0 सतीश तिवारी,असिस्टेंट प्रोफेसर, स्कूल ऑफ दर्शन एवं संस्कृति, माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय, कटरा, जम्मू और कश्मीर उपस्थित रहे। डॉ0 सतीश तिवारी ने अपने व्याख्यान में कहा कि समय का प्रबंधन, स्वयं का मूल्यांकन, इच्छाशक्ति की प्रबलता



एवम लक्ष्य को निर्धारण ये अनुशासित जीवन के मूल मंत्र हैं। उक्त व्याख्यानमाला में विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा उक्त विषय से संबंधित प्रश्न भी पूछे गए।

उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक मो0 इरफान हुसैन, विद्यालय की प्रधानाचार्या विनीता अग्निहोत्री, नक्षत्र फाउण्डेशन से सोनम सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ ऋचा आर्या एवम रेखा झा द्वारा किया गया।

## हरियाणा में कांग्रेस की सरकार आने पर एक नहीं बल्कि बनाएंगे 4 उपमुख्यमंत्री- भूपेन्द्र सिंह हुड्डा

**विनोद कश्यप**
**प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़ ,अक्टूबरः हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने हाल ही में एक बयान दिया था कि यदि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार आती है तो प्रदेश का उपमुख्यमंत्री ब्राह्मण समाज से बनाया जाएगा। हुड्डा का यह बयान आने के बाद राजनीति में काफी हो-हल्ला हुआ। हुड्डा के इस बयान को नेताओं ने केवल एक राजनीतिक बयान करार दिया। मगर अब हुड्डा ने फिर एक बड़ा बयान दे दिया है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अब हरियाणा में एक-दो नहीं बल्कि 4 उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की बात कही है।

हुड्डा ने स्पष्ट किया है कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार आने पर 4 उपमुख्यमंत्री बनाए जाएंगे। इसे लेकर 2019 से ही फामूर्ला तैयार है और पार्टी की तरफ से अप्रूव भी है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि, कांग्रेस की सरकार में हरियाणा के जो 4 उपमुख्यमंत्री बनेंगे, उनमें ब्राह्मण, दलित, आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग और सामान्य वर्ग से डिप्टी सीएम होंगे। वहीं



हुड्डा ने उनके बयान पर बयानबाजी करने वाले नेताओं को लेकर कहा कि वो जो बोलते हैं उन्हें बोलने दो। हुड्डा ने कहा कि, पार्टी की नीति से 4 डिप्टी सीएम बनाने की बात की जा रही है।

**रोहतक में गौड़ ब्राह्मण समाज के सम्मान समारोह में दिया था एक ब्राह्मण डिप्टी सीएम वाला बयान**

विदित हो कि, रोहतक जिले में ब्राह्मण सम्मेलन का आयोजन किया गया था। जहाँ इस ब्राह्मण सम्मेलन को संबोधित करने के लिए भूपेंद्र सिंह हुड्डा पहुंचे थे। जहां अपने सम्बोधन में ही उन्होने कहा था कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार आई तो ब्राह्मण समाज से डिप्टी सीएम होगा। हुड्डा ने ब्राह्मण आयोग बनाने की भी बात कही थी। हुड्डा ने कहा था कि सरकार आते ही ब्राह्मण आयोग बनाए जाने पर भी फैसला लिया जाएगा।

### क्या भारत रुकवा सकता है इजरायल-हमास की जंग? फिलिस्तीन राजदूत बोले, महात्मा गांधी के समय से ही...

नई दिल्ली. फिलिस्तीन मुद्दे के साथ भारत की एकजुटता महात्मा गांधी के समय से चली आ रही है और अपने बढ़ते वैश्विक कद और पश्चिम एशिया के सभी प्रमुख पक्षों पर प्रभाव से वह इजरायल-हमास संघर्ष से उत्पन्न संकट को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिहाज से अच्छी स्थिति में है. फिलिस्तीनी राजदूत अदनान अबु अलहैजा ने मंगलवार को यह बात कही.

## अस्सी घाट पर सौरव दास एवं अर्पिता अग्रहरि ने दर्शक गण के हृदय को मंत्र मुग्ध किया

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी काशी सांसद महोत्सव के विशेष चरण के अंतर्गत सायंकाल अस्सी घाट पर सुबह ए बनारस आनंद कानन के संयोजन में बनारस के युवा कलाकार श्री सौरभ दास एवं स-श्री अर्पिता अग्रहरि ने कथक नृत्य का शुभारंभ गणेश वंदना परंपरागत कत्थक एवं समापन डगर विच कैसे चलू प्रस्तुत कर दर्शक गण के हृदय को मंत्र मुग्ध किया। संगत कलाकारों में तबला पर प्रद्युम्न शर्मा , हारमोनियम एवम गायन पर देवेन्द्र झा, बोल पढंत पर अनुजा एक्का उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का समन्वय डॉ सुभाष चंद्र यादव और संयोजन सुबह ए



बनारस के सचिव एवं संस्थापक डॉ रत्नेश वर्मा ने किया। सीमा केसरी ने सारगर्भित संचालन कर महोत्सव की महत्ता से अवगत कराया। इस अवसर पर भारी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

## सीएमओ हुए सख्त अबैध पैथालॉजी लैब व क्लीनिकों पर होगी छापेमारी

### अबैध पैथालॉजी लैब व क्लीनिकों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाई के निर्देश

**समाज जागरण,बी जी मिश्र**

हरदोई।अबैध रूप से संचालित पैथालॉजी लैब व क्लीनिकों की लगातार खबरे प्रकाशित होने के बाद सीएमओ ने संज्ञान लेते हुए नोडल अधिकारी की नियुक्ति करते हुए छापेमारी कर अबैध रूप से संचालित क्लीनिकों,अल्ट्रासाउंड सेंटरो व पैथालॉजी लैबो के खिलाफ कड़ी कार्यवाई के लिए मन बना लिया है। आप को बताते चले कि हिंदी दैनिक समाज जागरण में अप्रशिक्षित लोगो द्वारा अबैध रूप से संचालित पैथालॉजी लैब व क्लीनिकों के साथ साथ अल्ट्रासाउंड सेंटरो पर क्षेत्र के मरीजों से जांच व इलाज के नाम पर उनका आर्थिक शोषण करने की खबरे लगातार प्रमुखता से प्रकाशित होने पर सीएमओ डॉक्टर रोहिताश्व ने संज्ञान लेते हुए कहा कि ऐसे फजी क्लीनिकों व सेंटरो की जांच पड़ताल के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त कर जांच कराई जाएगी तथा अबैध रूप से चल रहे पैथालॉजी लैब व क्लीनिकों की जांच कर कड़ी कार्यवाई की जाएगी।इसके लिए नोडल अधिकारी जांच कर अबैध संचालन करने वालो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा कर उन्हें कानून के हवाले करेंगे।सीएमओ डा.रोहिताश्व ने कहा है कि स्वास्थ्य महकमें के नाम पर कहीं भी फजीवाड़ा नहीं होने दिया जाएगा। इसके लिए उन्होंने शाहाबाद सीएचसी अधीक्षक डा.प्रवीण कुमार दीक्षित और अहिरोरी सीएचसी अधीक्षक डा.मनोज कुमार को नोडल अधिकारी बनाया है। इसमें शाहाबाद सीएचसी अधीक्षक डा.दीक्षित को शाहाबाद के अलावा साण्डी, हरपालपुर, टोंडरपुर, सवायजपुर, पिहानी,बावन,भरखनी, हरियावां और टड़ियावां ब्लाक की ज़िम्मेदारी सौंपी है। वहीं अहिरोरी सीएचसी अधीक्षक डा.कुमार को अहिरोरी के अलावा बिलग्राम, माधौगंज, मल्लावां, बेहंदर,सण्डीला, भरावन, कोथावां,सुरसा और कछौना ब्लाक का नोडल अधिकारी बनाया है। सीएमओ ने नोडल अधिकारियों से सख्ती के साथ कहा है कि फजी डाक्टरों, नर्सिंग होम, पैथालॉजी, कलेक्शन सेंटर,लैब, जच्चा-बच्चा और अल्ट्रासाउंड सेंटर चलाने वालों को किसी भी हालत में नहीं छोड़ना है। ऐसे लोगों के खिलाफ केस दर्ज करा कर उन्हें कानून के हवाले करना है।

**अप्रशिक्षित युवक पैथालॉजी लैब पर कर रहे जांच व चला रहे क्लीनिक**

हरपालपुर। कस्बे सहित बेड़ीजोर, दहेलिया, श्रीमऊ, पलिया, चौंसार, अजतूपुर में खुलेआम अबैध रूप से चल रही क्लीनिकों व पैथालॉजी लैब पर अप्रशिक्षित युवकों द्वारा की जा रही जांचों की रिपोर्ट लोगो की सेहत से खिलवाड़ साबित हो रही है।हरपालपुर कस्बे के अस्पताल रोड पर आधा दर्जन से अधिक पैथालॉजी लैब व क्षेत्र में चल रही



अबैध क्लीनिकों पर बिना लैब टेक्नीशियन व डॉक्टर के जांच कर मरीजों का इलाज के नाम पर आर्थिक शोषण किया जा रहा है। वहां लगे बोर्ड पर जिन डाक्टर व लैब टेक्नीशियन का नाम लिखा हुआ है,उन्ही डाक्टर के फजी हस्ताक्षर कर रिपोर्ट दी जा रहीं हैं।सीएमओ ने नोडल अधिकारी नियुक्त कर इन अबैध पैथालॉजी लैब व क्लीनिकों पर कार्यवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कराकर कार्यवाई के निर्देश दिए हैं।

## नरसंहार पर उतर आए हमास के आतंकी, 40 बच्चों को उतारा मौत के घाट

**नई दिल्ली**: इजरायल पर हमास के हमले के बाद लगातार वहां से खून जमा देने वाले विवरण सामने आ रहा है. फिलिस्तीन का आतंकवादी संगठन हमास ने इजरायल में कत्ले आम मचा दिया है. आतंकवादी संगठन द्वारा कम से कम 40 बच्चों को मौत के घाट उतार दिया गया है. यह तब हुआ जब कई सैनिकों को रिजर्व सेवा के रूप में बुलाया गया.

इजरायल स्थित 24 न्यूज ने मंगलवार को बताया कि स्थिति बद से बदतर होती जा रही है. सैनिकों को पहले से ही सबसे खराब की उम्मीद करके पहुंचे थे, लेकिन दृश्य कल्पना से परे था. 7 अक्टूबर को हमास द्वारा इजरायल पर किए गए बर्बर 'आश्चर्यजनक हमले' के बाद कम से कम 900 इजरायली



मारे गए और 2,600 से अधिक लोग घायल हो गए.

टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के अनुसार, इससे पहले दिन में क्छ्क्ष अंतरराष्ट्रीय पत्रकारों को सीमा के करीब एक किबुत्ज, केफर अजा में ले गया, जहां हमास आतंकवादियों द्वारा विनाशकारी हमले के दौरान लगभग 70 निवासियों की हत्या कर दी गई थी. IDF के मेजर जनरल इताई वेरुव ने कहा ह्ययह युद्ध नहीं है, यह युद्ध का मैदान नहीं है, यह नरसंहार है.

टाइम्स ऑफ इजरायल ने वेरुव के हवाले से कहा ह्यआप बच्चों, उनकी माओं और उनके पिताओं के शवों को देख कर सहम जाएंगे और आतंकवादियों ने उन्हें कैसे बेरहमी से मार डाला, यह कोई युद्ध नहीं है.ह्व उन्होंने आगे कहा ह्ययह कुछ ऐसा है जो मैंने अपने जीवन में कभी नहीं देखाह्व हम यूरोप में नरसंहार के दौरान अपनी दादी और दादाओं की कल्पना करते थे. यह कुछ ऐसा नहीं है जिसे हमने हाल के इतिहास में देखा हो.'

## अमृत महोत्सव मेरी माटी मेरा देश के तहत ब्लाक की 60 ग्राम पंचायतों में कलश यात्रा निकालकर ब्लाक मुख्यालय पहुंची महिलाएं

अयोध्या। आजादी का अमृत महोत्सव मेरी माटी मेरा देश के तहत मंगलवार को हैरिंग्टनगंज ब्लॉक की 60 ग्राम पंचायतों से महिलाएं कलश यात्रा निकाल कर हैरिंग्टनगंज ब्लाक मुख्यालय पहुंची। कलशयात्रा का खण्ड विकास अधिकारी अखिलेश कुमार मिश्र, एडीओ आईएसवी अविनाश चतुवेर्दी, एडीओ पंचायत अरविन्द कुमार ने स्वागत किया। और विकास खण्ड मुख्यालय सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम कार्यक्रम भी किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत परुवा की सीमा सिंह एवं चिखडी की ममता ने स्वागत गीत और राष्ट्र गीत गाकर लोगों का मन मोह लिया।

मंगलवार को हैरिंग्टनगंज ब्लॉक की सभी 60 ग्राम पंचायतों से महिलाएं कलश




लेकर हैरिंग्टनगंज विकास खण्ड मुख्यालय पहुंची। जहाँ एक साथ महिलाओं ने गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली। विकास खण्ड मुख्यालय सभागार परिसर में बीडीओ अखिलेश कुमार मिश्र ने कलश यात्रा का स्वागत किया। कलशयात्रा के स्वागत के बाद मुख्यालय सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी ने बोलते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हमारे अन्दर देश प्रेम जागृत हो रहा है। हम अपने देश की रक्षा के लिए तन मन से तैयार हैं, यदि किसी ने हमारे देश पर आंख दिखाने की कोशिश की तो हम उसे करारा जवाब देने के लिए तैयार हैं।

## पाकिस्तान की वर्ल्ड कप में करिश्माई जीत, रिजवान और शफीक की धमाल पारी, श्रीलंका विशाल स्कोर बनाकर हारा

नई दिल्ली. पाकिस्तान की टीम ने आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप में करिश्माई प्रदर्शन करते हुए टूनार्मेंट के इतिहास का सबसे बड़ा रन चेज कर डाला. मोहम्मद रिजवान की लाजवाब शतकीय पारी ने श्रीलंका के खिलाफ मैच को अकेले दम पर पलट दिया. श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 344 रन का स्कोर खड़ा किया था. पाकिस्तान ने अब्दुल्लाह शफीक और मोहम्मद रिजवान की साहसिक पारी के दम पर 48.2 ओवर में 4 विकेट खोकर जीत हासिल की. रिजवान ने 121 गेंद पर 131 रन की नाबाद पारी



खेली. आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप में श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच बेहद ही रोमांचक मुकाबला खेला गया. टॉस श्रीलंका के कप्तान ने जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 9 विकेट पर 344 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया. कुसल मेंडिस ने धमाकेदार 122 रन की पारी खेली तो वहीं सदीरा समरविक्रमा ने 108 रन की पारी खेली. इन दोनों की शानदार बल्लेबाजी की वजह बड़ा स्कोर खड़ा करने के बाद गेंदबाजों ने पाकिस्तान के दो विकेट जल्दी गिरा दिए थे लेकिन मोहम्मद रिजवान और अब्दुल्लाह शफीक ने ऐसी साझेदारी निभाई जिसने मैच को रुख मोड़ दिया.

# आखिर ये युद्ध किसके नाम पर है ?

दैनिक समाज जागरण

दुनिया शांति के लिए जितनी एकजुटता दिखाती है युद्ध उसे उतना ही पीछे धकेल देता है। दुनिया के किसी न किसी कौन में युद्ध चलता ही रहता है। आज की दुनिया खतरनाक रूप से असंवेदनशील होती जा रही ह। युद्ध दो पक्ष लड़ते हैं और फिर पूरी दुनिया इन दो पक्षों के साथ अपनी-अपनी सुविधा और स्वार्थों के हिसाब से खड़ी हो जाती ह। युद्ध रोकने के लिए कोई काम नहीं करना चाहता। इस साल में रूस और यूक्रेन के बाद इजराइल और फिलिस्तीन के बीच ये दूसरा निर्मम युद्ध है। युद्ध की भेंट निर्दोष लोग चढ़ रहे हैं। लेकिन कोई नहीं बता सकता की ये युद्ध किसके नाम पर लड़े जा रहे हैं।

इस बार जंग का आगाज हमास ने बड़े ही अप्रत्याशित तरीके से किया। हमास द्वारा इजरायल पर अचानक किए गए हमले में 800 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। इनमें 40 विदेशी भी मारे गए हैं और कई घायल हुए हैं। मारे गए लोगों में ज्यादातर इजराइली थे। लापता विदेशियों में से कई दक्षिणी इजराइली रेगिस्तान में संगीत समारोह में मौजूद थे जहां बड़ी संख्या में लोगों की हत्या कर दी गई।इजराइल और फिलिस्तीन का आसामन काले धुएं और जमीन विध्वंश की घ्रणित तस्वीर में बदल चुकी है। दुनिया में कोई ऐसा देश नहीं है जो इस जंग को शांति में तब्दील करने के लिए अणि प्रभावी भूमिका निभा सके। इस जंग में कोई हमास के साथ है तो कोई इजराइल के साथ। मानवता के साथ कोई खड़ा नहीं है।

अजराइल और फिलिस्तीन के बीच विवाद कोई आज का नहीं है लेकिन जिस मुहाने पर आज ये दोनों पक्ष पहुँच चुके हैं वो बेहद खतरनाक है। इस खतरे को समाप्त करने की तो छोड़िये , इसे कम करने की कोशिशें भी नाकाफी नजर आ रहीं हैं। युद्ध की विभीषका का आकलन और अनुमान आप घर बैठे नहीं लगा सकते । टीवी चैनल्स भी इस युद्ध की विभीषका का शतांश ही आप तक पहुंचा पाते हैं वो भी जान हथेली पर रखकर। लेकिन दुनिया जितना कुछ देख -सुन पा रही है वो भी कम हृदयविदारक नहीं है। युद्ध में आप मानवता को सिसकता,बिलखता देख सकते है। आप देख सकते हैं की मनुष्य ने युद्ध के लिए कितने खौफनाक तरीके ईजाद कर लिए हैं और उनका बेरहमी से इस्तेमाल किया जा रहा है।

इजराइल और फिलस्तीन के बीच विवाद कोई नया नहीं है. दरअसल, इजराइल के पूर्वी और दक्षिण-पश्चिम हिस्से में दो अलग-अलग क्षेत्र मौजूद हैं. पूर्वी हिस्से में वेस्ट बैंक और दक्षिण-पश्चिम हिस्से में एक पट्टी है, जिसे गाजा पट्टी के तौर पर जाना जाता है। वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी को ही फिलस्तीन माना जाता है. हालांकि, वेस्ट बैंक में फिलस्तीन नेशनल अथॉरिटी सरकार चलाती है और गाजा पट्टी पर हमास का कब्जा है। जमीन के एक टुकड़े के लिए दोनों पक्ष एक -दुसरे के खून के प्यासे बने हुए हैं। दोनों एक - दुसरेको नेस्तनाबूद कर देना चाहते हैं ,और कर रहे है। इन दोनों के स्मार्टक देश जनग को समाप्त करने के बजाय आग में घी डालने का काम कर रहे हैं। दुनिया में इस समय एक -दो नहीं बल्कि तीन -चार युद्ध हो रहे हैं ,लेकिन किसी के पास इतनी ताकत नहीं जो इन जंगों को रोक सके । रूस और यूक्रेन की जंग के अलावा अजरबेजान और आर्मीनिया आपस में भिड़े हुए है। इजराइल और हमास की जंग सबसे ज्यादा भयावह और विद्रूप ह। इस जंग के चलते पूरा फिलस्तीन बेचिराग होने को है। लाखों लोगों को अपना घर छोड़कर जाना पड़ा है।जो हैं वे सब मौत के मुहाने पर खड़े हैं। लेकिन इन त्मा युद्धों का नतीजा ठन-ठन गोपाल है। विश्व गुरु भारत की भूमिका इन तमाम युद्दों में तमाशबीनों से ज्यादा नहीं है और इसका कारण है भारत का अपनी पारम्परिक विदेशनीति से हट जाना।

भारत इस समय अपनी आंतरिक समस्याओं में उलझा हुआ है। रूस और यूक्रेन की जंग के दौरान भारत ने अपने नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने का पुरषार्थ अवश्य दिखाया था ,जिसके लिए भारतीय नेताओं ने निकाले गए लोगों से अपनी आरती भी लगे हाथ उतरवा ली थी । आर्मीनिया और अजरबेजान के जंग में भारत की कोई रूचि नहीं है । हमास और इजराइल की जंग में भारत अघोषित रूप से इजराइल के साथ खड़ा है ,हालाँकि भारत के रिश्ते अतीत में इजराइल से आज की तरह प्रगाढ़ नहीं थे । भारत की मजबूत दोस्ती फिलस्तीन के साथ थी। भारत आखिर हमास के आतंकी पहल का समर्थन कर भी कैसे सकता है ? उसके तमाम मित्र देश भी तो फिलस्तीन के साथ नहीं हैं।दोस्त अब दोस्त नहीं दुश्मन बन चुके हैं। भारत के पड़ौस में रहने वाले-छोटे-छोटे देश तक भारत के समर्थक नहीं

आज का भारत कल के भारत से सर्वथा भिन्न भारत है । आज के भारत में कल के तमाम मित्र भारत के शत्रु बन चुके हैं या शत्रुभाव रखते हैं । यहां तक कि मालदीव भी अब हमारा दोस्त नहीं रहा। भारत के तमाम मित्र या तो चीन के साथ हैं या अमरीका के साथ। भारत किसी अनजान ऊंचे पहाड़ पर अपनी गुरुता के साथ खड़ा है। भारत को अपनी विदेशनीति की परवाह है और न विदेशों से संबंधों क। अभी भारत की परवाह अपनी कुर्सी बचाये रखने की है। भारत ने अपने कानों में रुई ठूंस ली है । आँखों पर काला चश्मा चढ़ा लिया है। ' मूँदहु आँख,कतहु कछु नाँहीं ' की तर्ज पर।

हमारे यहां कहावत है कि -' जिसका मरता है ,वो ही रोता है ' आज हम इसी कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं। हमारे कल के मित्र फिलिस्तीन के लोग मर रहे हैं ,हमारे आज के मित्र इजराइल के लोग मर रहे हैं ,लेकिन हमारे पास ऐसा कोई फामूर्ला नहीं है कि जो हम अपने कल के और आज के मित्र देशों की जनता को जंग की बारूद में जलने से बचाने के लिए इस्तेमाल कर सकें। बहरहाल हमें जंग की बलि चढ़ती जा रही दुनिया से एकदम बेखबर नहीं रहना चाहिए। हमारे यहां चुनाव बेशक हैं लेकिन हमें ऐसा कोई कदम नहीं उठाना चाहिए की जिससे हमारे मित्रों की संख्या कम हो और शत्रुओं की बढ़े। शत्रुओं की बढ़ती संख्या से नुक्सान ही होता है। हम आतंकवाद का समर्थन नहीं कर सकते। हम गांधीवादी लोग है। हमारा गांधीवाद हमेशा जंग के खिलाफ खड़ा होना सिखाता है। जंग और बारूद हमेशा से मानवता के खिलाफ मानी जाती है। अगर कहीं कोई ईश्वर है तो उसे इजराइल और हमास के बीएच की जंग को फौरन स्थगित कराना चाहिए। मनुष्यों के बूते की ये बात नहीं है ,क्योंकि मनुष्य तो इस समय बौराया हुआ है।

@ राकेश अचल

# बैठकी "देश की चुनावी प्रक्रिया का यथार्थ"

दैनिक समाज जागरण




कॉलबेल की आवाज पर दरवाजा खोला तो अन्य सदस्यों के अलावे प्रोफेसर दयानिधि भी खड़े थे। परस्पर अभिवादन के पश्चात हमसभी बैठकखाने में जम गये...

सुने न सरजी !चुनाव आयोग ने राजस्थान, तेलंगाना,मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ और मिजोरम में चुनाव की घोषणा कर दी है।अब इंडी एलायंस और एनडीए का चुनावी संघर्ष,पराकाष्ठा पर नजर आयेगा।--बैठकी जमते हीं राजनीतिशास्त्र के व्याख्याता,दयानिधीजी बोल पड़े।

ए प्रोफेसर साहब,अब हिंदुस्तान में चारों ओर वोटरों की दो तरह की गुटबंदी नजर आ रही है।--मास्टर साहब अपनी कहे।

उ केवन,केवन मास्टर साहब!!--मुखियाजी प्रश्न किये।



इंडी एलायंस अर्थात विपक्षियों के पक्ष में-मुस्लिम+तथाकथित सेक्युलर एवं स्वार्थी हिंदू+जातिवादी हिंदू जबकि दुसरी तरफ एनडीए के पक्ष में-हिंदूवादी+राष्ट्रवादी। पुरे देश में, वोटों का ध्रुवीकरण इसी रुप में होने की प्रबल संभावना दिखती है।--मास्टर साहब अपनी कहे।

मास्टर साहब, आपका अनुमान लगभग ठीक है। जहाँ तक मेरा आंकड़ा है पुरे देश में 7-10 प्रतिशत ऐसे लोग हैं जो पारिवारिक स्तर पर अपने को कांग्रेसी मानते हैं। और इसी में अपनी प्रतिष्ठा समझते हैं। आप उन्हें, कांग्रेस की हिंदू विरोधी करतूतों का प्रमाण दें, तो भी वो सत्य से आँखे मूंद लेंगे।उसी तरह बिहार, यूपी में आज भी ऐसे वोटरों की संख्या,औसतन 40-50 प्रतिशत के बीच है जो सिर्फ जातिगत आधार पर आँख मूंदकर वोट देते हैं। भले हीं मोदी सरकार की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ क्यों न लिये हों या ले रहें हों।--दयानिधीजी ने अपनी कही।

मेरा अनुमान है कि वैसे वोटर जो आजादी और आजादी के बाद की कांग्रेस की हिंदू-विरोधी कारगुजारियों से वाकिफ हैं वो,हर हाल में भाजपा को हीं पसंद करेंगे। साथ हीं वैसे हिंदू लोग भी जो, पहले कांग्रेस और अन्य क्षेत्रीय दलों को वोटिंग करते आये हैं, लेकिन वर्तमान में इंडी एलायंस के घटक दलों की,सनातन के विरुद्ध मानसिकता और साम्प्रदायिक माहौल से वाकिफ हैं,अपने आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए, भाजपा को हीं वोटिंग करना चाहेगा।--पारसनेता ने,अपना विचार रखा।

ए नेताजी,बुरा न माने तो एक बात कहता हूँ। हमारे देश के हिंदू वोटर से मूर्ख और लालची वोटर,संसार में "दीया लेकर" खोजियेगा तो भी नहीं मिलेगा।मुफ्त की रेवड़ी चाभने के चक्कर में,अपना और अपने बच्चों के भविष्य को भी दाव पर लगा देता है। उसके क्षणिक लालच का कितना दूरगामी प्रभाव पड़ेगा,इसे वो समझने को तैयार हीं नहीं होता। राजनीतिक दल भी हिंदू वोटरों की इस कमजोरी से, अच्छी तरह वाकिफ हैं।तभी तो चुनाव आया नहीं कि राजनीतिक पार्टियों द्वारा,रेवड़ियों की व्योछार होने लगतीं हैं और रिजल्ट भी अनुकूल आता है। उदाहरणार्थ विगत के दिल्ली,राजस्थान,कर्नाटक,पंजाब, हिमाचल प्रदेश,के चुनाव परिणाम को लिजिये!--कुंवरजी, अखबार पलटते हुए। इसबीच बेटी चाय का ट्रे रख गई और हम सभी एक-एक कप उठाकर वार्ता की ओर.......

बिलकुल सही कहा कुंवरजी ने, ऐसे रेवड़ी बांटने वाले राजनीतिक दलों को इससे कोई मतलब नहीं होता कि राज्यों की आर्थिक स्थिति पर इसका कितना प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा!!उन्हें तो बस सत्तासीन होना होता है।अब पंजाब,राजस्थान हिमाचल आदि की आर्थिक स्टेटस को देखिये तो ये राज्य घोर कर्ज में डुब चूके हैं।कुछ राज्यों को तो अपने कर्मचारियों को सही समय पर वेतन देने में भी दिक्कत हो रही है लेकिन वे तो सत्ता का मजा ले रहें हैं।--उमाकाका हाथ चमकाये।

काकाजी, इस देश में हिंदू वोटर निहायत मूर्ख है,इसमें दो मत नहीं क्योंकि कांग्रेस का विगत के 55-60 बर्षो का क्रियाकलाप देखें तो हिंदू बाहुल्य भारत,का इस्लामीकरण करने से उठा नहीं रखी है।और दस साल केंद्र में रह जाती तो घोषणा भी कर देती।--मास्टर साहब मुंह बनाये।

एक बात आपलोगों ने नोट किया है!!--प्रोफेसर दयानिधी बोले।

उ का दयानिधी बाबु!!--मुखिपाजी पुछे।

हिंदूओं का वोट विभिन्न दलों को प्रसाद की तरह बंट जाता है लेकिन मुस्लिम वोट के साथ ऐसा नहीं है।वो एक मुस्त वोटिंग,उसी पार्टी को करते हैं जिसे वो भाजपा को हराने में सक्षम समझते हैं या जो धार्मिक आधार पर मुसलमानों को अहमियत देते हैं और हिंदुत्व के विरुद्ध आचरण रखते हैं।--दयानिधीजी,की बातों में दम था।

एक बात और है! देश के मुसलमानों का



वोटिंग पर्सेंटेज भी हिंदूओं की अपेक्षा अधिक होता है। हम हिंदू, वोटिंग के दिन भी, वोट देने की अपेक्षा,अपने रोजमर्रा के कामों को अधिक महत्व देते हैं।कितनों को कहते सुनते होंगे कि "अरे वोट खाने को देगा"! ये साले नेता सब, जीतेगा और अपने मालामाल होगा।हमलोगों को क्या मिलेगा जो अपना समय, लाइन में लगकर बर्बाद करें!!--पारसनेता सही कहे।

नेताजी,देहातों में आज भी सबर्ण घर की औरतें बहुत कम वोट देने,बुथ पर जातीं हैं।क्योंकि बाहर जाकर लाइन में लगना,पारिवारिक प्रतिष्ठा के विपरीत समझते हैं। इसके ठीक उलट,मुस्लिम परिवार की औरतें वोटिंग करने में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेतीं हैं।इसलिए हिंदू औरतों का वोटिंग पर्सेंटेज कम होता है। वैसे इधर इसमें कुछ सुधार हुआ है लेकिन वो काफी नहीं।--कुंवरजी,ने सही कहा।

हिंदूओं का वेटिंग पर्सेंटेज,कम होने का एक बड़ा कारण,रोजी-रोजगार के चक्कर में प्रवासी होना है। आजकल चुनाव आयोग ने सुविधा दे रखी है कि प्रवासी भी दूर रहकर, अपने कॉन्युयेंसी में मतदान कर सकें लेकिन बहुत कम लोग इस व्यवस्था का लाभ ले रहें हैं। असल में हिंदूओं में मतदान के प्रति उदासीनता घर कर गई है।--मास्टर साहब सही कहे।

ए भाई, हम त 70 के दशके से, देखतानी कि हमरा देश के मियाँसब,धरम देख के वोट करे ले स। ओहनी के देश के विकास आ साफ-सुथरा राजनीति से मतलब ना ह। ओह जमाना में दिल्ली के जामा मस्जिद के "बुखारी साहब",जेकरा के वोट देबे के एलान करीहें,मये देश के मुस्लिम, ओकरे के वोट दिहें। इ लोग, कबो देशहित ना देखसु। आपन धरमहित पहिले ताके ले।--मुखियाजी भी अनुभव शेयर किये।

छोड़िये मुखियाजी,आज कांग्रेस और विपक्ष का मुख्य एजेंडा जातिय जनगणना बना है जबकि इसी कांग्रेस ने इमर्जेंसी में लाखों हिंदूओं की नसबंदी की थी ताकि हिंदूओं की जनसंख्या कम होती जाय। जिसमें हजारों हिंदू मर गये फिर हिंदूओं के लिये नारा दिया--"बच्चे दो हीं अच्छे" और "जाति पर न पाति पर, मुहर लगावो हाथ पर"।आज यही कांग्रेस जातिय जनगणना के माध्यम से "हिंदू तोड़ो,भारत तोड़ो" की आश लगाये है।--दयानिधीजी ने याद दिलाया।

ए सरजी,रउवो कुछ कहीं,कि खाली सुनबे करब!!--मुखियाजी मेरी ओर देखकर।

मुखियाजी, देश का दुर्भाग्य था कि धर्म के आधार पर बंटवारा के बावजूद भारत को हिंदू राष्ट्र नहीं बनाया गया।खैर इसके बाद भी विडंम्बना ये रहा कि जिस कांग्रेस ने आजादी के बाद से दशकों तक देश पर शासन किया उसके शिर्षक पर वह परिवार बैठा रहा जिसकी नियत हीं बहुसंख्यक हिंदूओं के विरुद्ध रही। हिंदूओं के विरुद्ध जिस तरह का कुचक्र होता रहा जिसके परिणामस्वरूप आज देश कट्टरवाद का शिकार बन चूका है। अगर नियत ठीक होती और तुष्टीकरण की जगह,,सभी समुदायों में देशहित और राष्ट्रहित का चक्र चलाया होता तो आज हमारे देश की स्थिति कुछ और होती। देश में धार्मिक कट्टरता के रुप में "कोई भाई और कोई चारा" महीं होता। सच में भीईचारा दिखता और आज हमारी गिनती विश्व के सर्वश्रेष्ठ मुल्क में होती।--मैं चुप हुआ।

चलिये,अब तो भविष्य बतायेगा कि इंडी एलायंस का जातिय जनगणना का दाव,भाजपा के समर्थकों को जातिय आधार पर तोड़ पाता है कि नहीं। वैसे संविधान का मजाक उड़ाते- जाति,धर्म एवं मुफ्त की रेवड़ी के राजनीति पर,चुनाव आयोग और न्यायालय की संवेदनहीनता अखरता है।अच्छा अब चला जाय।--कहकर उमाकाका उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी....!!!!



प्रोफेसर राजेंद्र पाठक (समाजशास्त्री)

# हड़बड़ी में पार्टी की फजीहत करवाते भाजपा नेता

दैनिक समाज जागरण

राजस्थान में भाजपा को चुनाव जीतने की कितनी जल्दी बाजी हो रही है। इसका एक उदाहरण हाल ही में सामने आया है। जिससे भाजपा की बड़ी फजीहत हो रही है। विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा द्वारा राजस्थान में कांग्रेस सरकार के खिलाफ नहीं सहेगा राजस्थान अभियान चलाया जा रहा है। कुछ दिनो पूर्व इसी अभियान के तहत भाजपा द्वारा किसानों से जुड़ा हुआ एक पोस्टर जारी किया गया था। जिस पर एक किसान का फोटो लगाकर लिखा गया था कि राजस्थान में 19000 से अधिक किसानों की जमीनें नीलाम नहीं सहेगा राजस्थान।

पोस्टर पर जिस किसान माधुराम की फोटो लगाई गई है उसका कहना है कि पोस्टर में मेरी जमीन नीलाम होने की बात लिखी गयी है। जबकि मेरी तो कोई जमीन नीलाम ही नहीं हुयी है। मुझसे पूछे बिना ही बेवजह पोस्टर पर मेरी फोटो लगा दी गई है। मेरा कहीं भी किसी भी बैंक में कोई लोन बकाया नहीं है। जिसने भी मेरी फोटो का गलत इस्तेमाल किया है उनको तुरंत ही मेरी फोटो पोस्टर से हटाकर माफी मांगनी चाहिए। पूरे प्रदेश में मेरी फोटो लगे पोस्टर लगने से मेरी बहुत बदनामी हुई है। मेरे पास आज भी 188 बीघा जमीन है। मगर किसी का भी कोई कर्जा नहीं है।

करीबन 70 वर्षीय माधुराम जयपाल जैसलमेर जिले के रामदेवरा क्षेत्र के रिखियों की ढाणी के रहने वाले हैं। पोस्टर पर अपनी फोटो आने के बाद उन्होंने भाजपा के जिला स्तरीय नेताओं से संपर्क कर अपनी फोटो हटवाने के लिए बोल दिया है। इस बाबत जैसलमेर जिले के भाजपा अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शारदा का कहना है कि सभी तरह के पोस्टर प्रदेश स्तर से बनवाए गए हैं। स्थानीय स्तर पर हमारी जानकारी में ऐसी कोई बात नहीं थी। एक किसान ने आकर बताया था। हम प्रदेश नेतृत्व को अवगत करवा देंगे। माधुराम का कहना है कि 2 महीने पहले दो लड़के हमारे गांव में कैमरे लेकर आए थे। तब उन्होने बोला था कि हम फसल खराबे की रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं। सरकार के सामने आपके फसल खराबे की रिपोर्ट रखेंगें। तब उन्होंने मेरी फोटो ली थी। उगर उन्होंने मुझे नहीं बताया था कि पोस्टर पर मेरी फोटो लगाई जाएगी।

किसान माधुराम के सबसे छोटे बेटे जुगताराम का कहना है कि जब से मेरे पिताजी को पोस्टरों पर उनकी फोटो लगने के बारे में पता लगा है तब से वह बहुत टेंशन में रहने लगे हैं। मुझे बार-बार पूछते हैं कि वह फोटो हटी कि नहीं। मेरी बहुत बदनामी हो गई। मेरे पिताजी को बहुत तकलीफ हो रही है। हम लोग भाजपा के नेताओं से प्रार्थना करते हैं कि पोस्टरों से मेरे पिताजी की फोटो को हटवा देवें।

इस तरह की घटनाओं से राजनेताओं ने तो अपना स्वार्थ साध लिया है। मगर गांव में रहने वाले एक इज्जतदार किसान की इज्जत तो खराब हो गई जिसकी भाजपा कैसे भरपाई कर पाएगी। भाजपा नेताओं को चाहिए कि कोई भी कार्य करने से पहले उसे अच्छी तरह से जांच परख कर ही आगे बढ़ायें। जिस तरह की घटना एक गरीब किसान माधुराम के साथ घाटी है उस घटना को उसका परिवार जन्म-जन्मांतर तक नहीं भूला सकेगा। जिन पोस्टरों के बल पर भाजपा राजस्थान में सरकार बदलने के लिए हवा बन रही है। वह पोस्टर ही फुस्स हो गया। भाजपा के एक झूठ ने पूरे अभियान की हवा निकाल कर रख दी है।

इसी तरह सिरोही जिले के रेवदर कस्बे में एक अति उत्साही भाजपा नेता ने अपने बैनरों पर प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के स्थान पर विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी की फोटो लगे बैनर बनवाकर ऑटो रिक्शा पर लगाकर प्रचार भी शुरू कर दिया। उन्होंने ऑटो रिक्शा पर बैनर लगाते वक्त भी उसको देखना उचित नहीं समझा। जब शहर में लोगों ने टोका-टाकी की तो कहा गलती हो गई। रेवदर शहर में भाजपा के स्थानीय नेता रमेश कोली को पार्टी ने सदस्यता अभियान का विधानसभा का संयोजक नियुक्त कर रखा है। रमेश कोली खुद बीजेपी की टिकट के लिये दावेदारी जता रहें हैं। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में अपना प्रभाव जमाने के लिए कई ऑटो रिक्शा पर बैनर लगवा कर बूथ जनसंपर्क अभियान चला रहे थे। बैनर पर रमेश कोली ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी तथा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की फोटो लगा रखी थी।

यहां गलती से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी की फोटो के स्थान पर राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी की फोटो लग गई और बैनर छपवाकर ऑटो रिक्शा पर लगाकर शहर भर में घूमवा दिए गए। जब लोगों ने इस बैनर के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया तब रमेश कोली को पता लगा और उनके कार्यकर्ता दौड़कर ऑटो रिक्शा पर सीपी जोशी की फोटो पर सफेद कागज चिपकाते नजर आए। चुनाव से पहले भाजपा में इस तरह की घटनाएं होना पार्टी को जगहंसायी का पात्र बनती है। पार्टी की गंभीरता कम होती है। किसान माधुराम की घटना से तो लगता है कि भाजपा जमीनी कार्यकताओं की के बजाय किराये की एजेंसियों से काम करवा रही है। किसान की फोटो किसी एजेंसी के लोगों द्वारा मंगवाई गई थी। जिसकी सत्यता की जांच करवाना भाजपा नेतृत्व ने उचित नहीं समझा। यदि यही काम जिला व मंडल इकाइयों द्वारा किया जाता तो गलत व्यक्ति की फोटो लगने से बचा जा सकता था और पार्टी की प्रदेश भर में जो फजीहत हुई है वह भी नहीं होती।

इसी तरह से भाजपा के विस्तारको द्वारा हर विधानसभा क्षेत्र से तीन-तीन लोगों के नाम का पैनल बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है। उसके बाद से भाजपा में अंदरूनी टांग खिंचाई शुरू हो गई है। जिन लोगों के नाम संभावित पैनल में शामिल नहीं किए गए वह लोग भाजपा मुख्यालय पर जाकर धरने प्रदर्शन करने लगे हैं इससे पार्टी का माहौल खराब हो रहा है। कहने को तो हर विधानसभा क्षेत्र में कार्य कर रहे विस्तारक संगठन से जुड़े बताए जा रहे हैं मगर उनके द्वारा फर्जी पैनल बनाकर वायरल करने की घटना से पार्टी बचाव की मुद्रा में आ गई है। मगर ऐसे विस्तारको पर शायद ही कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही हो पाए।

एन चुनाव के वक्त ऐसी घटनाओं से पार्टी के आंतरिक झगड़ा बढ़ते हैं और कार्यकताओं में अविश्वास की भावना पनपती है। इस तरह की घटनाओं को नहीं रोक पाना भाजपा संगठन की एक बड़ी कमजोरी मानी जा रही है। संगठन से जुड़े लोगों द्वारा ही अफवाह फैलाने कि घटना से पार्टी की हवा खराब हो रही है। इन घटनाओं से लगता है कि राजस्थान के भाजपा नेताओं में आपसी तालमेल की कमी है तथा सभी नेताओं में एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ मची हुई है। ऐसी होड़ में पार्टी के नेताओं द्वारा अक्सर ऐसी गलतियां हो जाती है जो पार्टी के लिए शर्मिंदगी का कारण बन रही है।



आलेखः- रमेश सर्राफ धमोरा

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# 24 अक्टूबर को बालाजी मंदिर सेक्टर-क्यू अलीगंज से प्रस्थान करेगी शुभकामना पद यात्रा

## अयोध्या मे प्रभु श्रीराम के चरणों में पूर्ण होगी

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ। श्री श्याम प्रेमी संघ ट्रस्ट लखनऊ द्वारा आगामी 24 अक्टूबर 2023 शुभकामना पद यात्रा के सन्दर्भ मे आज प्रेसवार्ता के माध्यम से अध्यक्ष अरविन्द्र अग्रवाल ने बताया कि प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से शुभकामना पद यात्रा का अयोजन श्री श्याम प्रेमी संघ ट्रस्ट लखनऊ द्वारा किया जा रहा है। यह यात्रा दशहरे के दिन मंगलवार श्री बालाजी मंदिर सेक्टर-क्यू अलीगंज से प्रस्थान करेगी और 30 अक्टूबर 2023 को अयोध्या धाम प्रभु श्रीराम के चरणों में पूर्ण होगी।

महामंत्री जितेन्द्र गुप्ता ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग अपने घर के बच्चों से एक सुंदर शुभकामना संदेश प्रभु श्रीराम के लिए लिखवायें, जिस तरह वो अपने मित्रों के जन्मदिन, टीचर डे,फादर डे, मदर डे,पर ग्रीटिंग कार्ड बनाते हैं ठीक उसी तरह अपने बचों से प्रभु श्रीराम के लिए शुभकामना संदेश लिखवाएं आपके बच्चों के द्वारा लिखा हुआ यह संदेश पैदल पद यात्रा के माध्यम से प्रभु श्री राम के चरणों में अर्पित किया जाएगा।




कोषाध्यक्ष विकाश गुप्ता ने बताया कि सभी लोग प्रथम दिन के यात्रा में अलीगंज से पॉलिटेक्निक तक साथ चलें और प्रभु श्री राम की ध्वजा जरूर उठाएं, आपकी यह ध्वजा कुबेर लॉन पॉलिटेक्निक चौराहे पर जमा कर ली जाएगी और उसके बाद संस्था द्वारा यह ध्वजा पैदल यात्रा करके अयोध्या जी तक पहुंचाई जाएगी, यात्रा के अंतिम दिवस अगर आप अयोध्या जी आएंगे तो आपको यह ध्वजा दोबारा मिल जाएगी और इसको आप अपने हाथ से प्रभु श्री राम को अर्पित कर सकते हैं नहीं तो संस्था के द्वारा आपकी ध्वजा अर्पित कर दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान जगह जगह संस्था द्वारा फूलो की बरसात एवं जल पान की व्यवस्था की गई। महामंत्री जितेन्द्र गुप्ता के अनुसार राष्ट्रीय पालिटेकनिक प्रथम विश्राम होगा। कोषाध्यक्ष विकाश गुप्ता ने अपने ने बताया कि पदयात्रा में शामिल होने व सफल बनाने के लिए के लिए सदस्यों ने संकल्प लिया।

# उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेशों के क्रम में जनपद में 2 से 8 अक्टूबर तक मनाया गया स्वच्छता जागरूकता अभियान सप्ताह।

## स्वच्छता जागरूकता अभियान सप्ताह के अंतर्गत आयोजित चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट चयनित विद्यार्थियों को माननीय जनपद न्यायाधीश ने किया पुरस्कृत।

समाज जागरण/गौतमबुद्धनगर

वरिष्ठ न्यायाधीश माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद/कार्यपालक अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के माननीय न्याय मूर्ति सूर्य प्रकाश केसरवानी द्वारा जारी किए गए निदेशों के क्रम में एवं माननीय जनपद न्यायाधीश अवनीश सक्सेना के नेतृत्व में जनपद में 2 से 8 अक्टूबर तक स्वच्छता जागरूकता अभियान सप्ताह संचालित किया गया। इसी श्रृंखला में 2 से 8 अक्टूबर तक स्वच्छता जागरूकता अभियान सप्ताह के तहत समस्त प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों तथा महा-विद्यालयों में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया गया। स्वच्छता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट चयनित विद्यार्थियों को आज मा0 जनपद न्यायाधीश अवनीश सक्सेना के द्वारा जनपद न्यायालय परिसर में मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऋचा उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छता जागरूकता अभियान सप्ताह के अंतर्गत आयोजित चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिन विद्यार्थियों को माननीय जनपद न्यायाधीश ने पुरस्कृत किया है, उसमें प्राथमिक विद्यालय स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता दिल्ली पब्लिक स्कूल नोएडा के अगस्त्य शर्मा, मायरा गुप्ता, उच्च प्राथमिक विद्यालय स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता में कुमारी मायावती राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बादलपुर से मनी राजपूत, कनिष्का,



में दिल्ली पब्लिक स्कूल नोएडा से कशिका गोयल, नील विजय, उच्च



महाविद्यालय स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल नोएडा से इप्सिता शर्मा, नव्या जलोटा व एस0आर0एम0आई0सी0 थोरा से कृतिका चौहान एवं प्राथमिक विद्यालय स्तर पर निबंध प्रतियोगिता प्राथमिक विद्यालय स्तर पर निबंध प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल नोएडा से शारव दत्त, प्रियांशी एवं महाविद्यालय स्तर पर निबंध प्रतियोगिता में कुमारी मायावती राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बादलपुर से तृप्ति, दिल्ली पब्लिक स्कूल नोएडा से सुकृति शेट्टी तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय रा0मा0इं0 कॉलेज चीती से गुनगुन सम्मिलित हैं। पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर मा0 जनपद न्यायाधीश अवनीश सक्सेना, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऋचा उपाध्याय, मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉक्टर नितिन मदान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी, प्रतिनिधि जिला सूचना अधिकारी गौरव शर्मा तथा निर्वाचक मंडल गठित समिति के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बढ़ेगी यूपी पुलिस की कनेक्टिविटी, घटेंगे अपराध

> - उत्तर प्रदेश पुलिस के जवानों को 4जी सीयूजी सिम से लैस कर रही योगी सरकार
>
> - 4जी सिम से अधिक कॉल होने पर बीटीएस के जाम होने की समस्या से पुलिस को मिलेगी निजात
>
> - पुलिसकर्मियों को मिलेगा हाई स्पीड मोबाइल डाटा, नेटवर्क फेल की समस्या भी होगी दूर

लखनऊ, 10 अक्टूबरः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के विभिन्न विभागों को टेक्नोलॉजी से जोड़ने पर जोर दे रहे हैं। उनकी मुहिम का ही असर है कि प्रदेश के सभी विभाग ई ऑफिस से संचालित होने लगे हैं। अब इसी के तहत योगी सरकार ने यूपी पुलिस में इस्तेमाल होने वाले सीयूजी नंबर के सिम को अपग्रेड करने का निर्देश दिया है। गृह विभाग की बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह निर्देश दिए हैं, जिस पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके 3जी सिम की जगह 4जी सिम देने की तैयारी शुरू कर दी गयी है। इसको लेकर डीजीपी मुख्यालय के अधिकारियों ने भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) को निर्देशित किया है। 4जी सिम मिलने के बाद पुलिसकर्मियों को हाई स्पीड से जोड़ा जा सकेगा। उन्हें पहले की तुलना में ज्यादा डाटा मिलेगा और उनकी कनेक्टिवटी भी बेहतर होगी, जिससे अपराधों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी।

### इमरजेंसी सेवाओं में नही होगी देरी

यूपी पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी कई वर्षों से 3जी सिम से काम चला रहे हैं। इसमें अब तकनीकी समस्याएं भी आने लगी हैं। मोबाइल टेक्नोलॉजी में बदलाव की वजह से जल्द ही 5जी इस्तेमाल होने लगेगा। वहीं, वर्तमान में इस्तेमाल हो रहे 3जी सिम की वजह से कई जगहों पर नेटवर्क की समस्या का सामना भी करना पड़ता है, जिसे इस पहल से दूर किया जा सकेगा। इसके अलावा ट्राई की गाइडलाइन के मुताबिक मोबाइल सर्विस प्रोवाइडर कंपनियों को पुलिस के सीयूजी से होने वाली कॉल को प्राथमिकता देनी होगी। उदाहरण के तौर पर यदि किसी जगह बड़ी घटना होने पर आमजन के साथ पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का जमावड़ा लग जाता है, तो वहां मौजूद बीटीएस अधिक संख्या में कॉल करने की वजह से जाम हो जाता है। इस समस्या को देखते हुए ट्राई ने कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत मोबाइल सर्विस प्रोवाइडर्स को निर्देश दिया है कि वह पुलिस के सीयूजी सिम से होने वाली कॉल को प्राथमिकता प्रदान करे, ताकि आपात स्थिति में इमरजेंसी सेवाओं में देरी न हो।

# छह वर्ष में 6 लाख से अधिक नौजवानों को दी सरकारी नौकरी: सीएम योगी

## सीएम योगी ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित 393 होम्योपैथिक फार्मासिस्ट को नियुक्ति पत्र वितरित किया

**बोले सीएम- उत्तर प्रदेश देश नए रोजगार सृजन का गंतव्य बनकर उभरा है**

**सीएम योगी ने कहा- सब मिलकर यूपी को एक समर्थ और समृद्ध राज्य बनाएंगे**



10 अक्टूबर, लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारी सरकार विगत 6 वर्ष में 6 लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरी देने में सफल रही है। ये नौजवान पूरी निष्ठा और ऊर्जा के साथ मिलकर कार्य करेंगे तो उत्तर प्रदेश को कोई बीमारू नहीं रख सकता है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर यूपी को एक समर्थ और समृद्ध राज्य बनाएंगे। सीएम योगी ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश में लोक सेवा आयोग के परिणाम आने में डेढ़ से 2 साल लग जाते थे, लेकिन अब अधीनस्थ सेवा चयन आयोग निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से 6 महीने से 9 महीने के अंदर परिणाम दे रहा है। फरवरी 2023 में उत्तर प्रदेश में ग्लोबल इन्वेटर्स समिट का आयोजन हुआ। इससे प्रदेश को 38 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इससे एक करोड़ से अधिक नौजवानों को नौकरी मिलेगी। आज उत्तर प्रदेश देश के अंदर नए रोजगार सृजन का गंतव्य बनकर उभर रहा है। सीएम योगी ने मंगलवार को लोकभवन में आयोजित निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित 393 होम्योपैथिक फार्मासिस्ट को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विगत साढ़े नौ वर्षों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की यात्रा शानदार तरीके से आगे बढ़ रही है। इसी का नतीजा है कि ट्रेडिशनल मेडिसिन के क्षेत्र में भारत ने एक लंबी छलांग लगाई है। सीएम योगी ने कहा कि आयुर्वेद हमेशा से हमारे जीवन का हिस्सा रहा है। योग प्राचीन काल से भारत की परंपरा के साथ जुड़ा रहा है। होम्योपैथ का उपयोग गांवों में लोग किसी न किसी रूप में करते रहे हैं। लेकिन पहली बार, आयुर्वेद, योग, प्रकृति चिकित्सा, सिद्धा और होम्योपैथ को मिलाकर जब आयुष मंत्रालय का गठन होता है तो इससे भारत की ट्रेडिशनल मेडिसिन को एक नई पहचान मिलती है।

# अज्ञात व्यक्ति ने दी भाजपा नेता हिना किन्नर को जान से मारने धमकी

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ। बीजेपी नेता हिना किन्नर को रात में अज्ञात व्यक्ति के द्वारा फोन कर जान से मारने की धमकी दी गई जिसकी प्राथमिक सूचना उन्होंने संबंधित थाना गाजीपुर मे दर्ज कराई। प्राथमिक सूचना देने के उपरांत हिना ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि जब मैं रात में अपने घर पर थी तो इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आता है मेरे पास व्यक्ति ने मुझसे सीधे बोला बीजेपी छोड़ दो अन्यथा तुम्हें अपनी जान से हाथ धोना पड़ेगा। हिना ने बताया कि जब मैंने इसकी प्राथमिक सूचना गाजीपुर थाने में दी तो थानेदार द्वारा मुझसे वह नंबर मांगा गया। थानेदार के द्वारा उसे नंबर पर फोन किया गया और उनकी कुछ बात उस व्यक्ति से हुई है।जिसकी मुझे कोई जानकारी नहीं है बीजेपी की नेता हूं इसलिए मुझे गोली मारने की धमकी दी जा रही है मेरा निवेदन अपनी सरकार से और अपने मुख्यमंत्री से है कि इन जैसे को लोगों को सरकार ऐसा सबक सिखाएं जिससे कि आने वाले समय में इन जैसी कुल्सित मानसिकता के लोग समाज में गंदगी ना फैलाएं।




आकर्षक ऑफर,
मात्र 300 मे
लगवाए विज्ञापन
समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ

# नगर में गृहकर के बकाएदारों के विरुद्ध जोनवार चला कुर्की अभियान

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ (विधान केसरी) ।नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह जी के निदेशों के क्रम में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी श्रीमती अम्बी बिष्ट के नेतृत्व में नगर में गृहकर का भुगतान नही करने वाले बड़े/छोटे गृहकर के बकायेदारों के विरुद्ध कुर्की/सीजर की कार्यवाही हेतु निरन्तर जोनवार अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही गृहकर का भुगतान करवाने एवं आम जनमानस को सुविधा प्रदान करने हेतु जोनवार कैम्प भी लगाये जा रहे है, जिस क्रम में आज जोनवार वृहद रूप से अभियान चलाकर गृहकर बकाया जमा एवं कुर्की/सीजर तथा अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की गई, जिसका विवरण निम्नवत है:-




जोन-1 क्षेत्रांतर्गत कालीदास मार्ग से जी.पी.ओ. होते हुए गेट नंबर-8 व 7 के आसपास तथा त्रिलोकनाथ रोड से नावेल्टी चौराहे तक दो व चार पहिया वाहनो को हटवाया गया। अभियान में 20 ठेले, 4 काउंटर, 11 स्थानो पर नाली पर किए गए अस्थाई अतिक्रमण हटाये गये तथा 35 चार पहिया व 19 दो पहिया वाहनो को रोड से हटाया गया।

जोन-2 वार्ड अम्बेडकर नगर में बड़े बकायेदारों के विरूद्ध कुर्की/सीलिंग की कार्यवाही के दौरान रु. 64262 जमा कराया गया तथा वार्ड राजेन्द्र नगर में स्थित राजेन्द्र नगर चौराहे से होते हुए राजेन्द्र ढाल के आस-पास किये गये अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान मुख्य मार्ग से 25 से अवैध अतिक्रमण हटायें गये।

जोन-3 वार्ड मनकामेश्वर मंदिर के सामुदायिक केन्द्र पर गृहकर वसूली कैम्प लगाया गया जिसमें रु. 31000 जमा कराया गया एवं 02 आपत्ति प्राप्त की गयी। वार्ड लाला लाजपत राय में कुर्की/सीलिंग का अभियान चलाया गया जिसमें रू 84554 का चेक प्राप्त हुआ तथा विवरण निम्नवत है- 1. भ.सं. 652/एसए/जीएफ-12, 15.(1235) तनुश्री बैनर्जी पर बकाया गृहकर की धनराशि 157515 मौके पर जमा न किए जाने पर सील करने की कार्यवाही की गयी।

2. भ.सं. 652/007 प्रदीप सिंह पर बकाया गृहकर की धनराशि रु. 104193 मौके पर जमा न किए जाने पर सील करने की कार्यवाही की गयी।

3. 652/14/ जीएफ-22 डॉ० जी०सी० माशीवाल पर बकाया धनराशि रु. 91125 जमा न किये जाने के कारण सील किया गया।

4. भ.सं. 652/13/शॉप/जीएफ-02 लईक पर बकाया गृहकर धनराशि रु. 86390 के सापेक्ष मौके पर आपत्ति प्राप्त हुई।

5. भ.सं. 652/13/ शॉप / जीएफ- 06 नियाज पर बकाया गृहकर धनराशि रु. 86390 को मौके जमा न किये जाने के कारण सील किया गया। इसके अतिरिक्त पुरनियाँ रेलवे क्रासिंग से अहिबरनपुर तक सीतापुर रोड से लगभग 54 अस्थायी अतिक्रमण हटाये गये एवं 01 ट्रक सामान जब्त किया गया।

जोन-4 प्लासियो मॉल से अहिमामऊ चौराहा व अहिमामऊ से गोमती नगर विस्तार लोहिया अस्पताल के सामने रोड पर व उसके आस पास अतिक्रमण अभियान चलाया गया। अभियान में 2 सिलेन्डर, 1 ठेला, 2 बेंच लकड़ी की बेंच, 1 लोहे की बेंच, 7 पानी की पेटी व अन्य समान को जब्त किया गया।

जोन-5 वार्ड गीतापल्ली में भवन संख्या 561क/जी-1022 स्थित मिलबा आजाद नगर (मो० सुलेमान) पर रू-285702 बकाया, 551क/जी-1026 स्थित भिलॉवा आजाद नगर (अशरफ अली) पर रु. 220423 बकाया, भ.सं. 568ख/039 स्थित गीतापल्ली (श्रीमती बिटाना देवी) पर रू 93813 बकाया, 553/189 स्थित आदर्श नगर (चन्द्रमोहन एडवोकेट) रू०- 63248. 00 बकाया, 567/272 स्थित आनन्द नगर (श्री हरीश कुमार कक्कड) पर रू0 207243 बकाया होने पर सील किया गया। सील किये गये भवनों के सापेक्ष लगभग रू-110000 का भुगतान नगर निगम कोष में जमा कराया गया।

वार्ड लोहिया नगर में बड़े बकायेदारो के विरूद्ध सीलिंग / कुर्की अभियान के अन्तर्गत कार्यवाही की गयी जिसमे भवन संख्या - 3 / 120 (जीआईएस) विकास नगर सेक्टर-3 पर बकाया धनराशि रू - 168893, भवन संख्या-5/068 (८२) विकास नगर सेक्टर-4 पर बकाया धनराशि रू - 76439, भवन संख्या - 2 /फ/4 (पी.एन-009, 10) महेश नगर पर बकाया धनराशि रू- 141802, बकाया जमा कराया गया तथा भवन संख्या - 2 /सी-017-उउ विकास नगर सेक्टर-2 पर बकाया धनराशि रू - 53724, भवन संख्या - 1/306 विकास नगर सेक्टर-1 पर बकाया धनराशि रू०- 50264, बकाया जमा न होने के कारण सील किया गया तथा भवन संख्य - शॉप - एफ-10 सीसी जीवन सहारा टॉवर (विकास नगर) बकाया धनराशि रू0 - 35982, भवन संख्य- 4/0753 (८२) विकास नगर सेक्टर-4 बकाया धनराशि रू०- 35982, पर आपत्ति प्राप्त हुयी है निस्तारण उपरान्त जमा करा दिया जायेगा । सड़क / डिवाइडर / नाला / नाली पर किये गये अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध जोन-07 क्षेत्रान्तर्गत मटियारी चौराहे से होते हुये नौबस्ता तक एंव आस-पास अभियान चलाया गया। जिसमे 03 काउण्टर जब्त किया गया तथा लगभग 06 गुमटी, ठेला, व 25 प्रचार सामग्री को हटाया गया साथ ही पुनः अतिक्रमण न करने हेतु सचेत किया गया।

जोन-8 के अंतर्गत बड़े बकायेदारो से डोर-टू-डोर सम्पर्क करते हुए रु. 10,20,450 वसूल किए गए। साथ ही आशियाना थाना क्षेत्र के अंतर्गत अवध हास्पिटल तक एवं पी.जी.आई. थाना क्षेत्र में वृंदावन गेट से पी.जी.आई. तक दोनो ओर अवैध एवं अस्थाई रूप से लगाये गये ठेलो व खोमचो को हटाया गया।

# विकास भवन परिसर में लगाई गई है उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा थीम पर आधारित तीन दिवसीय प्रदर्शनी।

**उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा थीम पर आधारित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का डीएम मनीष कुमार वर्मा ने फीता काटकर किया शुभारंभ।**

**केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनमानस तक पहुंचाना प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य।**

**उत्तर प्रदेश की विकास प्रदर्शनी का अवलोकन करने के लिए जिलाधिकारी ने जनपद वासियों का किया आह्वान।**

**विकास प्रदर्शनी के माध्यम से एक ही छत के नीचे केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की मिलेगी जानकारी।**



गौतम बुद्ध नगर 10 अक्टूबर 2023 केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों एवं विकास कार्यक्रमों की जानकारी आम जनमानस तक पहुंचाने के उद्देश्य से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश के माध्यम से प्रदेश के सभी जनपदों में उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा थीम पर आधारित तीन दिवसीय प्रदर्शनी लगाई जा रही है। इसी श्रृंखला में आज सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश के सौजन्य से जनपद गौतम बुद्ध नगर के विकास भवन परिसर में भी तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश विकास की यात्रा थीम पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई है। विकास भवन परिसर में लगाई गई उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा नामक प्रदर्शनी का डीएम मनीष कुमार वर्मा ने फीता काटकर दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से शुभारंभ किया। प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर जिला सूचना अधिकारी राकेश चौहान के द्वारा जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।जिलाधिकारी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रदर्शनी की सुंदरता और कंटेंट, क्रिएटिव की प्रशंसा करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा आम जनमानस के हितार्थ विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं एवं कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रमों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन सामान्य को आसानी से प्राप्त हो सके, इसके लिए इस चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। जिलाधिकारी ने इस अवसर समस्त जनपद वासियों का आह्वान किया कि विकास भवन परिसर में लगाई गई तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश विकास की यात्रा नामक प्रदर्शनी का सभी लोग अवलोकन करते हुए केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रमों एवं योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ उठाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालय के छात्र-छात्राओं को भी प्रदर्शनी का अवलोकन अवश्य कराया जाए, ताकि विद्यार्थियों को भी सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों व कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त हो सके।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई तीन दिवसीय प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों, विकास कार्यों के प्रचार प्रसार के उद्देश्य से एवं सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास विषय पर आधारित चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन को प्रचार सामग्री एवं चित्रों के माध्यम से विकास कार्यक्रमों, योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी दी जा रही है। प्रदर्शनी में रामायण का और राम मंदिर का भी चित्रण किया गया है, जिससे प्रदर्शनी बहुत ही आकर्षित



और भव्य लग रही है तथा खेलों के क्षेत्र में बढ़ रही प्रतिभाओं को भी प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी के माध्यम से एक ही छत के नीचे सभी योजनाओं की जानकारी जन सामान्य को आसानी के साथ उपलब्ध हो सकेगी एवं यह प्रदर्शनी 10 अक्टूबर से 12 अक्टूबर 2023 तक विकास भवन परिसर में लगी रहेगी।

# कार्यालय नगर पंचायत मक्खनपुर ( फिरोजाबाद )

पत्रांक- 701 /न0पं0म0 / 2023-24.  दिनांक- 10/10/2023

## नीलामी सूचना

सर्व साधारण एवं पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पंचायत मक्खनपुर ( फिरोजाबाद) में निम्नलिखित सामग्रियों की खुली बोली के द्वारा दिनांक 12.10.2023 के समय प्रातः 11:00 बजे दिन में एम0आर0एफ0 सेन्टर के कुड़े से निकली हुई प्लास्टिक, पॉलीथीन, थमाकौल आदि की नीलामी की जानी है।

अतः इच्छुक व्यक्ति जो नीलामी की बोली बोलना चाहते हैं। वह नीलामी तिथि से एक दिन पूर्व कार्यालय में सामग्री का निरीक्षण कर निर्धारित तिथि को बोली में भाग ले सकते है।

| क्र०सं० | मद का नाम | बोली हेतु जमानत धनराशि |
|---|---|---|
| 1. | एम०आर०एफ० सेन्टर के कूड़े से निकली हुई प्लास्टिक, पॉलीथीन, थमाकौल आदि. | 10000.00/- |

**नोट-**

1. नीलामी की समाप्ति के बाद बोली प्राप्त करने वाले को आधी धनराशि उसी समय और आधी धनराशि माल उठाने से पूर्व नगर पंचायत में जमा करानी होगी।
2. इस नीलामी में सफल बोलीदाता को इस वित्तीय वर्ष में होने वाली आगामी नीलामी में प्राथमिकता दी जाएगी।
3. नीलामी में सफल होने वाले बोली दाता को माल उठाने के लिए अपने वाहनों का ही प्रयोग करना अनिवार्य है।
4. शर्तों का उल्लंघन करने पर तत्काल प्रभाव से बगैर नोटिस दिये तत्काल प्रभाव से बोली निरस्त कर दिया जायेगी जिसका अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा ।
5. बिना कारण बताये नीलामी स्वीकृति / अस्वीकृति अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

अमर बहादुर सिंह
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत मक्खनपुर
फिरोजाबाद

गीता देवी
अध्यक्ष
नगर पंचायत मक्खनपुर
फिरोजाबाद

# जिलाधिकारी ने विश्व मानसिक दिवस पर मानसिक स्वास्थ्य जागरूक सप्ताह का फीता काटकर किया शुभारम्भ।

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी डा0 उज्वल कुमार ने सौ सैया जिला अस्पताल के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया शुभारम्भ। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 10 से 16 अक्टूबर तक मानसिक स्वास्थ्य जागरूक सप्ताह में विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के प्रति लोगों को किया जाएगा जागरूक। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मेडिकल के विद्यार्थियों व स्वास्थ्य कर्मियों की रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना। कार्यक्रम में जिलाधिकारी द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में अच्छे कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों व चिकित्सकों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रखने पर गहराई से प्रकाश डाला उन्होने कहा कि शारिरिक स्वास्थ्य के प्रति हम जागरूक रहते है और वहीं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही बरती जाती है, जिससे जीवन के किसी न किसी पडाव में मानसिक रोगों का सामना करना पडता है, इसलिए मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सभी को हमेशा सजग रहना चाहिए और कोई भी मानसिक समस्या होने पर मनोचिकित्सक से अपना इलाज अवश्य कराना



चाहिए। इसमें किसी प्रकार का कोई संकोच नही होना चाहिए। उन्होने कहा कि अगर आपका मन सही अवस्था में है तो आपके पास सब कुछ है, आप जीवन में कुछ भी करते है लेकिन अगर मन को सुकून नही है तो सब कुछ बेकार है। उन्होने कहा कि जीवन की बढती आपादापी में दिमाग पर दबाब बडता चला जा रहा है। इसलिए मानसिक स्वास्थ्य के लिए हम सभी को जरूर सजग होना चाहिए। आज विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर हम स्वंय जागरूक हो और दूसरे को भी जागरूक करें। उन्होने मेडिकल के विद्यार्थियों को कहा भी शारिरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य की भी बात करें और अपने पाठय क्रम में इसे अच्छे से पडे। उन्होने कहा कि डाक्टर, नर्स से लेकर आशा कार्यकत्री को लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना होगा। उन्होने बढते मोबाइल के उपयोग से मानसिक स्वास्थ्य पर पडने वाले दुष्प्रभावों को रेखांकित किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी राम बदन सिंह राम, प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज डा बलवीर सिंह, एच ओ डी मेडिसिन फिजिशियन डा मनोज ने मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रकाश डालते हुए उनके लक्षणों व उपचार के बारें में विस्तार से बताया।

# मयार्दा पुरुषोत्तम पुरषोत्तम भगवान राम की शोभायात्रा आज धूमधाम से निकलेगी।

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। उत्तर भारत की सुप्रसिद्ध रामलीला महोत्सव फिरोजाबाद में हर वर्ष भांति इस बार भी मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की भव्य रामबारात को लेकर आज तदर्थ प्रशासनिक श्री रामलीला महोत्सव समिति फिरोजाबाद द्वारा एक प्रेसवार्ता का आयोजन अयोध्या भवन रामलीला मैदान में किया गया।। प्रेस वार्ता में श्रीमती संगीता गौतम नगर मजिस्ट्रेट व अध्यक्ष तदर्थ प्रशासनिक श्री रामलीला महोत्सव समिति फिरो. ने बताया। दिनांक 11 अक्टूबर दिन बुधवार को शाम 6:00 बजे से इस बार बड़ी भव्य प्रभु श्री राम की रामबारात निकाली जाएगी , राम बारात श्री राधा कृष्ण मंदिर से प्रारंभ होकर छोटे चौराहे , घण्टाघर चौराहे , शास्त्री मार्केट चंद्रशेखर मार्केट सदर बाजार होती हुई , गंज चौराहे से होती हुई डाकखाने चौराहे से होती हुई रामलीला मैदान में पहुँचेंगी ।। एस डीएम सदर / सचिव सुश्री विकल्प ने कहा कि इस बार ऐतिहासिक राम भारत निकलेगी , जगह जगह भव्य सजावट की जा रही है, और जगह



जगह स्वागत द्वार बनाये जायेगे ।। राम बारात संयोजक अमित गुप्ता ने बताया कि उत्तर भारत की सुप्रसिद्ध रामबारात में लगभग 35 आकर्षक झांकियां व 5 डोले , G20 की झाँकी , शिव तांडव , बाहुबली रामभक्त श्री हनुमान जी का भव्य रोड शो , काली अखाड़ा आदि प्रमुख झांकियां को शामिल किया गया है और इस बार भव्य राम बारात निकलने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है । झांकियां में फिरोजाबाद जनपद के अलावा मैनपुरी, इटावा ,एटा, आगरा जनपद की की प्रमुख झांकियां शामिल होगी।। बारात में शहर के प्रमुख बैंड बाजों को शामिल किया गया है। रामबारात में मुख्य अतिथि के रूप विधायक सदर मनीष असीजा , जिलाधिकारी फिरोजाबाद , महापौर श्रीमती कामिनी राठौर , व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद को आमंत्रित किया गया है।। सह संयोजक लकी गर्ग ने सभी शहर वासियों से निवेदन किया है कि रामबारात निकलने वाले मार्गो पर अपने-अपने प्रतिष्ठानओं व अपने-अपने घरों से पुष्प वर्षा कर कर और स्वागत करने की अपील की है।। ऐतिहासिक सुप्रसिद्ध मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की रामबारात में परिवार सहित पधार कर प्रभु श्री राम और माता जानकी का आशीर्वाद प्राप्त करे।

प्रभु श्री राम की बारात में सपरिवार, इष्ट मित्रों सहित सादर आमंत्रित हैं। वार्ता के दौरान प्रमुख रूप से प्रबंध समिति के सदस्य श्याम सिंह यादव , नीतेश अग्रवाल , सह संयोजक लकी गर्ग , पीके पाराशर , अनूप झा , विजय कुशवाह , कौशल किशोर उपाध्याय , पंडित वीनेश शर्मा , प्रदीप शर्मा गुड्डा पंडित , बारात कमेटी रामनरेश कटारा , राहुल गुप्ता , मोहित भारद्वाज , बारात कमेटी आकाश गर्ग बारात कमेटी सतीश प्रजापति , हरेन्द्र यादव , हिमांशु शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

# जिला अस्पताल 100 सैया रसोईघर के निरीक्षण के दौरान गंदगी देख भडकी मुख्यविकास अधिकारी सफाई व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के दिए निर्देश।

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने मंगलवार की दोपहर जिला अस्पताल सौसैया डेंगू वार्ड और रसोई घर के अलावा सरकारी ट्रामा सेंटर का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान वह वार्डों में गंदगी देख भड़क गई और मौजूद अधिकारियों को सफाई व्यवस्था बनाए रखने के कड़े निर्देश दिए

मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन मंगलवार को अचानक जिला अस्पताल पहुंची और वहां वार्डों में भर्ती रोगियों से उपचार के बारे में जानकारी हासिल की इसके बाद वह डेंगू वार्ड में पहुंची जहां डेंगू रोग से पीड़ित रोगियों से स्वास्थ्य के बारे में जानकारी हासिल की तपश्चात वह रसोई घर पहुंची जहां उन्होंने रोगियों को दिया जाने वाला भोजन के बारे में विस्तृत से जानकारी हासिल की और रोगियों को समय से भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए तत्पश्चात वह 100 सैया अस्पताल जहां उन्होंने पूरे अस्पताल का निरीक्षण किया और उपस्थित चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए इसके बाद वह सरकारी ट्रामा सेंटर पहुंची जहां उन्होंने भर्ती रोगियों से उपचार के बारे



में जानकारी हासिल की इसके बाद हुआ ट्रामा सेंटर में स्थापित डिजिटलएक्स-रेऔर सिटी स्कैन मशीनों का भी निरीक्षण किया तथा अभिलेख भी देखें तत्पश्चात पत्रकारों ने मुख्य विकास अधिकारी से निरीक्षण के बारे में जानकारी हासिल की तो उन्होंने बताया जिला अस्पताल के वार्ड में और संबंधित अस्पतालों में सफाई व्यवस्था का अभाव है यही नहीं टॉयलेट भी गंदे पड़े हैं जिससे दुर्गंध आती है जबकि वर्तमान में वायरल फीवर और डेंगू जैसी बीमारी चल रही है इस बीमारी के मध्य नजर सफाई व्यवस्था हर समय से सुचारु रखने के आवश्यकता है उनसे अल्ट्रासाउंड के बारे में जानकारी की तो उन्होंने बताया कि चिकित्सकों का अभाव है इसकी वजह से रोगियों और प्रसुताओं के अल्ट्रासाउंड समय से नहीं हो पा रहे हैं उन्होंने कहा इस संबंध में चिकित्सकों की व्यवस्था की जा रही है निरीक्षण के दौरान उनके साथ प्राचार्य डॉक्टर बलवीर सिंह सीएमएस डॉक्टर नवीन जैन वरिष्ठ फिजीशियनडॉक्टर मनोज कुमार डॉक्टर मोहम्मद शाहिद के अलावा अन्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कमीमौजूद थे।

# जिलाधिकारी ने कर-करेत्तर व राजस्व समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए कडे निर्देश।

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी डा0 उज्जवल कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कलैक्ट्रेट सभागार में राजस्व वसूली व कर-करेत्तर की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने वाणिज्यकर, स्टाम्प, आवकारी, परिवहन, विद्युत, सामाजिक वानिकी, लोक निर्माण, मण्डी, राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों के निर्धारित किये गए लक्ष्य के सापेक्ष अब तक की गई राजस्व वसूली की एक-एक कर समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होने कहा कि अगले माह की बैठक तक सभी अधिकारी दिए गए राजस्व वसूली के लक्ष्य को शत-प्रतिशत हासिल कर लें। अन्यथा की दशा में सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होने विद्युत विभाग के अधिकारियों को लक्ष्य से कम वसूली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्व वसूली में तेजी से कार्य किया जाए। उन्होने सभी तहसीलदारों को निर्देश दिए कि वह सभी विभागों की आर सी वसूली तेजी से करें। उन्होने सभी तहसीलदारों को अगले माह का लक्ष्य तहसीलदार, जसराना, सिरसागंज, सदर को तीन-तीन करोड एवं टूण्डला व शिकोहाबाद के तहसीलदारों को दो दो करोड की आर सी वसूली का निर्धारित करते हुए निर्देश दिए कि वह इसे पूरा करने में लग अभी से लग जाए। उन्होने सभी



न्यायिक तहसीलदारों व उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने तहसील में लम्बित राजस्व वादों का निस्तारण तेजी से करें। उन्होने कहा कि वह वकीलों से वार्ता कर कोर्ट संचालित कर वादों को निस्तारित करें।

बैठक में अनुपस्थित रहे न्यायिक तहसीलदार जसराना का वेतन रोकने के निर्देश दिए। तहसीलदार जसराना की कम आरसी वसूली में नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि लक्ष्य के सापेक्ष आरसी वसूली नही कर पाते है तो उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने लेखपालों पर सख्ती दिखाते हुए सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने लेखपालों के कार्य व्यवहार पर पैनी नजर रखें और इनसे अच्छे से कार्य लें, कार्य में लापरवाही बरतने वाले लेखपालों के विरूद्ध कडी कार्यवाही करें। उन्होने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र में भू माफिआयों को चिन्हित कर पूरी प्लानिंग के साथ पर्याप्त पुलिस बल को साथ लेकर कठोर कार्यवाही करें। उन्होने स्पष्ट कहा कि कितना भी बडा दबंग व भू माफियाओं हो उसे बख्शा नही जाएगा और उसके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार व जिला स्तरीय अधिकारी सहित कलैक्ट्रेट के पटल सहायक उपस्थित रहें।

# फिरोजाबाद के नवाचारी किसानों ने प्रदेश स्तरीय प्रदर्शनी में दिखाई अपनी प्रतिभा।

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश सरकार के तत्वाधान में राज्य स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन 10 अक्टूबर 2023 दिन मंगलवार को प्रातः 9:00 बजे से अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर, लखनऊ में किया गया। जिसमें जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के साथ असंगठित क्षेत्र के नवप्रवर्तकों में से जनपद के नवाचारी किसानों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन प्रदेश में किया। जिसमें जैविक फलों की खेती करने वाले देवी दयाल ने निर्णायक मंडल के समक्ष जैविक फलों ड्रैगन फ्रूट, मौसमी, कागजी नींबू, अन्ना, ड्रोसल सेब एवं रागी का प्रदर्शन किया



गया। इसके साथ ही जैविक सब्जियों की खेती करने वाले राकेश कुमार ने हल्दी, तौरई, बीज रहित नींबू, करेला, बैंगन, रत आलू, सतावर का प्रदर्शन किया।

जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस राज्य स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में 18 मण्डलों के विद्यार्थियों के साथ असंगठित क्षेत्र के नवप्रवर्तकों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया था। जिसमें जनपद के नवाचारी किसानों की प्रतिभा का सभी निर्णायक मंडल, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के महानिदेशक नरेन्द्र भूषण आई ए एस, सचिव शिव प्रसाद आई ए एस, निदेशक अनिल यादव एवं संयुक्त निदेशक राधेलाल ने प्रशंसा की।

# साइकिल सवार अधेड़ रीड पर गिरकर घायल, जिला अस्पताल में भर्ती

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले के थरियांव थानां क्षेत्र के बलईपुर गाँव के समीप एक साइकिल सवार अधेड़ रोड पर गिरकर घायल हो गया। परिजनों ने घटना की सूचना सरकारी एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेन्स घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जानकारी के अनुसार थानां क्षेत्र के बलईपुर गाँव निवासी स्व. भग्गू का 60 वर्षीय पुत्र ननकू घर से किसी काम के लिए साइकिल पर सवार होकर गया था। गाँव के समीप उसकी साइकिल अनियंत्रित हो गई और वह रोड पर गिरकर घायल हो गया। परिजनों ने घटना की सूचना सरकारी एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेन्स घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची।

# दिल का दौरा पड़ने से किसान की मौत, पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया

फिरोजाबाद। थाना खैरगढ़ क्षेत्र में एक किसान की हार्ट अटैक से मौत हो गई। लेखपाल ने एक दिन पूर्व खेत की पैमाइश की थी। उसकी तबीयत खराब हो गई। पारिवारिक जनों के कहने पर पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

नगला रघोल निवासी भूप सिंह 45 वर्ष पुत्र सोबरन की मंगलवार को अचानक दिल का दौरा पढ़ने से तबीयत खराब हो गई। कुछ देर के बाद ही उसकी मौत हो गई।

उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पारिवार के लोगों ने उसकी मौत के बारे में पुलिस को सूचना दी। पुलिस मृतक केशव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई।

मृतक के बेटे विकास में बताया गांव में उसकी जमीन है। उसकी जमीन की प्रधान ने लेखपाल से सोमवार को पैमाइश कराई थी। वह लोग जमीन को सरकारी बता रहे हैं।

बेटे ने बताया इस समय से पिता की तबीयत खराब हो गई। उन्होंने खाना भी नहीं खाया। उनकी अचानक दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने मृतक के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# बाइक की टक्कर से महिला व बाइक चालक दोनों घायल, जिला अस्पताल में भर्ती

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले के हुसैनगंज थाना क्षेत्र के चौथा मील के समीप बाइक चालक ने महिला को टक्कर मार दिया। जिससे महिला व बाइक चालक दोनों रोड पर गिरकर घायल हो गए। घटना की सूचना सरकारी एंबुलेंस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मुंधन मंसूरपुर गांव निवासी सुरेश की 35 वर्षीय पत्नी सुमन जंगल से लड़कियां बिनकर घर जा रही थी। तभी रायबरेली जनपद के लालगंज थानां क्षेत्र के पखरारी गाँव निवासी शुसील सिंह का 27 वर्षीय पुत्र अभिषेक बाइक पर सवार होकर फतेहपुर रहा था तभी उसने सुमन को टक्कर मार दिया। जिसमें महिला सुमन और बाइक चालक अभिषेक दोनों घायल हो गए। घटना की सूचना स्थानियों ने सरकारी एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर घायलों को भर्ती कर उनका इलाज कर रहे हैं।

# मिठवल ब्लॉक में आयोजित हुआ मेरी माटी मेरा देश के तहत कार्यक्रम

**कार्यक्रम में पहुंचा ब्लॉक के 121 गांव के मिट्टी का कलश**

**विकास खण्ड अधिकारी सतीश सिंह के नेतृत्व में हुआ कार्यक्रम**

**सांसद जगदंबिका पाल और विधायक जय प्रताप सिंह ने किया कलश का स्वागत**

**दैनिक समाज जागरण**
**सुनील श्रीवास्तव**

सिद्धार्थनगर। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत जिले के मिठवल ब्लाक में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया 121 गावों के मिट्टी के कलश ब्लाक पर पहुचा खण्ड विकास अधिकारी मिठवल सतीश सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आपको बताते चले कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल बांसी विधायक जय प्रताप सिंह ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में हुए शामिल 121 गांव



से आये कलशों का सांसद जगदम्बिका पाल बांसी विधायक जय प्रताप सिंह ने किया स्वागत। वहीं सांसद जगदम्बिका पाल ने मीडिया से बात करते हुए कहा की प्रधानमंत्री के आवाहन पर पूरे देश में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि हमारा सिद्धार्थनगर जनपद एक आकांक्षी जनपद है सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की तारीफ करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री जी वा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में तेजी से विकास का कार्य हो रहा है। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में मिठवल ब्लॉक के प्रमुख प्रतिनिधि डॉ दशरथ चौधरी खण्ड विकास अधिकारी मिठवल सतीश सिंह सांसद प्रतिनिधि प्रिंस ब्लाक कर्मचारी वा सम्मानित जनता रहे मौजूद।

# पानी भरे गड्ढे में गिरने से बालक की मौत

फिरोजाबाद। थाना रामगढ़ क्षेत्र में 6 वर्षीय बालक की पानी भरे गड्ढे में गिरकर मौत हो गई। गांव के लोगों ने उसे बाहर निकाला। उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आए। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया थाना रामगढ़ के चनौरा निवासी भूरेलाल का 6 वर्षीय पुत्र प्रिंस उर्फ शिवम मंगलवार की प्रातः खेलते समय पानी भरे गड्ढे में गिरकर डूब गया परिजनों को इसकी जानकारी काफी देर बाद हुई तो परिजन वहां पहुंचे और लोगों की सहायता से उसे गड्ढे से निकाला परिजन उसे आनंन-फानन उसे उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आए जहां चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया जिसे परिजनों में कोहराम मच गया परिजन उसे बिना पोस्टमार्टम कराए घर ले गए हैं।

# सपाईयों ने मुलायम सिंह यादव की मनाई पुण्य तिथि

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर सपा पार्टी के संरक्षक स्व0 मुलायम सिंह यादव की पुण्य तिथि पूरे प्रदेश में सपाईयों ने मनाई।जहां उसी क्रम में आज 10 अक्टूबर को जनपद फतेहपुर के थाना गाजीपुर के शाह कस्बे में भी सपाइयों ने पुण्य तिथि मनाए।जहां इस मौके पर एडवोकेट अभिषेक सिंघम (राहुल पासवान) पूर्व विधानसभा महासचिव ,फिरोज खान एडवोकेट, सौरव यादव, डॉक्टर अखिलेश सविता,नीरज यादव,अभिलाष यादव,दलजीत निषाद जी पूर्व जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, ऊॠकुशवाहा पूर्व जिला महासचिव, आनंद यादव, विधानसभा अध्यक्ष मनोज यादव ,शिव सिंह यादव जगतपाल पासवान ,सलमान खान जिला पंचायत सदस्य ललौली ,आलोक यादव चेयरमैन प्रत्याशी ,सुरेंद्र यादव प्रधान कमलापुर , रावेंद्र निषाद ,सुधीर यादव,राजेश यादव, आदि लोग मौजूद।।

# सन्दिग्ध अवस्था मे युवती ने फाँसी लगाकर की आत्महत्या

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले के मलवा थाना क्षेत्र के सहली गाँव में संदिग्ध आवस्था में एक युवती ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जिसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार थानां क्षेत्र के सहली गाँव निवासी सन्तोष कुमार की 20 वर्षीय पुत्री शिवानी ने घर के अंदर सन्दिग्ध अवस्था में फाँसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना परिजनों ने स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

# ट्रैक्टर ने बाइक चालक को मारी टक्कर, एक की मौत एक गंभीर

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले की सदर कोतवाली क्षेत्र के सुल्तान नगर एनएच 2 पर ट्रैक्टर ने बाइक चालक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक पर सवार एक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर घायल को सरकारी एंबुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार असोथर थाना क्षेत्र के सातों जोगा पलिया गांव निवासी सूरज दीन का 45 वर्षीय पुत्र छेदीलाल व बुद्धू का 60 वर्षीय पुत्र मोहन और कैलाश की 20 वर्षीय पुत्री फूलमती तीनों बाइक पर सवार होकर गाजीपुर थाना क्षेत्र के मिजार्पुर गांव इलाज करने जा रहे थे। जब वह सदर कोतवाली क्षेत्र के सुल्तान नगर एनएच 2 पर पहुंचे तभी ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे 60 वर्षी मोहन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। और वही छेदीलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि फूलमती मामूली रूप से चोटिल हो गई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर घायलों को इलाज के लिए सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर घायल छेदीलाल को भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। वही मामूली रूप से घायल फूलमती को प्राथमिक उपचार कर घर जाने की सलाह दी।

# अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम सहित क्लिनिकों किए गए सीज

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ़।आपको बताते चलें लंबे समय से हो रही स्वास्थ्य विभाग से शिकायतों के बाद स्वास्थ्य विभाग अचानक नींद से जागा,और जागे भी क्यों ना क्योंकि इस समय स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के पास है और वह लगातार औचक निरीक्षण कर रहे हैं।इसी का असर आज कस्बे और गांव में देखने को मिला,जनपद मुख्यालय से आई स्वास्थ्य विभाग टीम की छापेमारी से नगर और क्षेत्र में मचा हड़कंप नगर सहित चार नर्सिंग होम व तीन क्लिनिकों पर छापा मार कर किया सील। कई नर्सिंग होम और क्लिनिक स्वामी अपने संस्थान बंद कर कर भाग खड़े हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर में आज उसे समय हड़कंभ मच गया जब जनपद से उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में




आई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्लिनिकों एवं नर्सिंग होम पर छापामारी शुरू कर दी स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नगर के धामपुर मार्ग पर नवजीवन नर्सिंग होम का ओ टी (आप्रेशन थिएटर), सिटी नर्सिंग,,फराह खान दवाखाना, वेलफेयर नर्सिंग होम पर छापामार कर सील कर दिया तथा जसपुर मार्ग पर अनीता नर्सिंग होम व वेदांश हॉस्पिटल सहित कई अपने संस्थान बंद कर भाग खड़े हुए।समीपवर्ती ग्राम मानियावाला पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने डॉक्टर जुनैद क्लीनिक, डॉक्टर इकबाल क्लीनिक, डॉक्टर शिवराम सिंह क्लिनिक पर छापामार कर सील कर दिया। उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ऐ के सिंह ने बताया कि शासनादेश पर अवैध रूप से चलने वाले क्लिनिक,नर्सिंग होम, अस्पतालों व जच्चा बच्चा केंद्रों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी इस अवसर पर छापामारी टीम में उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ऐ के सिंह,जबर सिंह, ध्यान सिंह, फ्रैंक आस्किन रहे

# भाई ने अपनी बहन के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए दो युवकों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया।

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार नगर के मोहल्ला नेजा सराय निवासी मौहम्मद इस्माईल पुत्र मौहम्मद इरफान ने पुलिस को तहरीर देकर अपनी बहन के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए शाहफहद पुत्र रियासत निवासी मौहल्ला नेजा सराय,सोहेल पुत्र इब्राहिम निवासी मौहल्ला जैनुलाब्दीन पर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया पुलिस ने वादी की तेरी पर दोनों युवकों को विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 283/23 धारा 354 व 67 आईटी एक्ट धारा 7/8 पोसको एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह ने हमरा कांस्टेबल सत्यवीर सिंह वह हेड




कांस्टेबल सोमवीर सिंह के साथ दोनों युवकों को हिरासत में लेकर न्यायालय पेश किया।उधर दोनों युवकों के परिजनों का आरोप है कि वादी की बहन अपने सहपाठी प्रेमी से मिलने मोहल्ला मुमताज हुसैन उसके घर पर गई थी मौहल्ले वासियों ने युवती को रंग हाथों पड़कर उसके परिजनों को सूचना दी जिसकी ऑडियो रिकॉर्डिंग मौजूद होने के बावजूद ज्योति के भाई ने खिन्न होकर दोनों युवकों को मुकदमे में फंसाया है कोतवाली प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह ने बताया कि इस संबंध में आवश्यक जांच की जा रही है।

# जंगली जानवरों के आतंक से किसान परेशान फसल की रखवाली करने को मजबूर

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ़। आसपास क्षेत्र के गांवों में बड़ी तादाद में आवारा पशुओं की संख्या में इजाफा होने से किसानों की फसलों को नुकसान हो रहा है जिससे किसानों में रोष व्याप्त है।आवारा पशुओं को खेतों में घुसने से रोकने के लिए किसानों को दिन-रात पहरा देना पड़ रहा है थाना कोतवाली क्षेत्र इस्लामनगर पंचायत के लोग जंगली जानवरों के आतंक से किसान परेशान हैं। कभी गुलदार, बाघ तो कभी हाथी से हर रोज किसी ने किसी को सामना करना पड़ता है। आलम यह है कि किसान जान जोखिम में डालकर फसल की रखवाली करने को मजबूर है। इस्लामानगर के कालागढ़ परिक्षेत्र में



आज कल जंगली हाथियों का आतंक है। बीती रात को जिम कार्बेट पार्क से निकलकर हाथियों का एक भिक्कावाला के खेतों में घुस गया। जहां हाथियों के झुंड ने खड़ी धान की फसल और गन्ने को काफी नुकसान पहुंचाया। हाथियों के फसल को खाने से किसान काफी परेशान और दुखी हैं। इससे पहले दो हाथी सुखा सोत के निकट सिराजुद्दीन अंसारी, मनोज और मूला के खेत आ घुसे। जहां उन्होंने लगभग तीन बीघा धान की फसल को नष्ट कर दिया। किसान विनोद, दीपू रावत, कैलाश थपलियाल, बच्चू आदि ने बताया कि जंगली जानवरों के आतंक से सभी किसान परेशान हैं। न ही दिन में शुकून है और न ही रात को आराम है। रात भर किसान खेत पर बिताने के लिए मजबूर हैं। ऐसे में करें तो क्या करें। खड़ी फसल को नष्ट होता देख आंखों से आंसू निकल आते हैं।

# आम के बाग में रखवाली कर रहे एक वृद्ध की संगधि परिस्थितियों में मौत।

**अजमल हसन**
**दैनिक समाज जागरण**

अफजलगढ देर शाम में जब सनसनी फैल गई आम के बाग शव उसकी चारपाई के समीप पड़ा मिला प्राप्त जानकारी अनुसार मंगलवार थाना क्षेत्र के ग्राम जिकरीवाला निवासी विक्रम सिंह 65 वर्ष पुत्र चन्द्रू सिंह ग्राम मैघपुर के निकट शेख जी शेरकोट वालों के आम के बाग में लगभग दो वर्ष से रखवली करते आ रहे थे सुबह से शाम तक वह बाग में रहते थे देर शाम घर न पहुंचने पर परिजनों को चिंता हुई तो मृतक के पुत्र अरूण ने अपने पिता को मोबाइल पर काल करने पर नहीं



उठाया पुत्र ने जब बाग में जाकर देखा तो उसके पिता का शरीर आधा चारपाई से नीचे लटका मिला जिससे गुलदार के हमले की अफवाह फेल गई भारी संख्या ग्रामीणों लाठी डंडे लेकर मौके पर पहुंचे गये सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया कोतवाली प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने बताया कि पीएम रिपोर्ट के बाद ही घटना का पता चलेगा

# सरकारी स्कूल कि अध्यापिका बताकर टाइल्स विक्रेता संस्थान स्वामी से 72 हजार रुपए ठगे।

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ।**

लोगों की मेहनत की कमाई मिनटों में गायब हो रही है। कारण है- ऑनलाइन ठगी। एक मामला सामने आया कि थाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुआवाला निवासी टाइल्स विक्रेता संस्थान के स्वामी शंकर सिंह चौहान पुत्र रामपाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पास अचानक 9863114592 नंबर से मेरे मोबाइल नंबर 9528896573 पर 01 अक्टूबर 2023 सुबह 9:09 बजे काल आया उसने मुझसे कहा की में आप के गाँव के सरकारी स्कूल कि अध्यापिका बोल रही हूं और मुझे स्कूल में टाईल्स लगवानी है और उसने मुझे कहा कि में आप को ऑनलाइन पैमेन्ट कर दूंगी आप मुझे बिल बना कर बता दो मेने उनको 8000 का बिल बना कर उन्हें बता दिया फिर उन्होंने मुझे



काल करके कहा कि मैने आप को गलती से 80000 रुपए का पेमेंट सेंड कर दिए है तभी मेरे पास उनके नंबर से 80000 हजार का मैसेज आया उन्होंने मुझसे कहा कि आप मेरे पैसे वापस सेंड कर दो और उन्होंने एक लिंक भेजा जिस पर उसने मुझे क्लीक करने को कहा और पीड़ित द्वारा उस लिंक पर क्लीक कर कर दिया इस दौरान पीड़ित के एकाउंट से 72 हजार रुपए कट गए । पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 तथा प्रौद्योगिकी संशोधन अधिनियम की धारा 66 डी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

# विवाहिताओं की जिद्द के सामने छत्तीसगढ़ पुलिस को खाली हाथ लौटना पड़ा।

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ दो दिन से डेरा डाली यूपी में खाली हाथ लौटना पड़ा छत्तीसगढ़ पुलिस को प्रात जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ के अनंतपुर जिलांतर्गत कुंडा से फरार विवाहिताओं की तलाश के लिए मंगलवार को छत्तीसगढ़ पुलिस यहां पंहुची। पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव हीरापुर गढवावाला से छत्तीसगढ़ के गांव कुंडा निवासी पदमा पत्नी मुनेश्वर वैद्य (30 वर्ष) और कासमपुर गढ़ी से सीमा पत्नी इन्द्रजीत मलिक (40 वर्ष) को बरामद कर परिजनों के साथ चलने को कहा। लेकिन विवाहिताओं ने जाने से इंकार कर दिया। पुलिस द्वारा घंटों समझाए जाने के बावजूद विवाहिताओं ने पति संग जाने को तैयार नहीं हुईं तथा प्रेमियों संग ही रहने की बात कहती रहीं। जिसके कारण छत्तीसगढ़ पुलिस को बैरंग लौटना पड़ा। छत्तीसगढ़ स्थित कुंडा थाने में तैनात हेड कांस्टेबल रमेश भरकाम ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि कानूनी बाध्यता के चलते विवाहिताओं को ले जाना मुमकिन नहीं है।


## आवश्यकता है

हिंदी दैनिक समाचार पत्र दैनिक समाज जागरण जिला बिजनौर की संपूर्ण तहसील एवं क्षेत्र मे संवाददाताओं एवं तहसील प्रभारी की आवश्यकता है पत्रकार बनने हेतु संपर्क करे।



जिला प्रभारी बिजनौर शमीम अहमद सिद्दीकी मो07300987906


# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का हुआ समापन

ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर स्योहारा सरकार के आदेशानुसार चल रहे खास कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आज भव्य समापन नगरपालिका द्वारा मानसरोवर पर हुआ।
जहां चेयरमैन फैसल वारसी,इओ विजेंद्र सिंह व अरुण कुमार वर्मा,डॉ विनीत देवरा,समस्त सभासद एवं स्टाफ आदि की मौजूदगी में एकत्र किए गए चावलों व मिट्टी को संग्रहीत किया गया,इसके बाद नगरपालिका सभाकक्ष में आयोजित खास कार्यक्रम के तहत जहां मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम पर प्रकाश डाला गया तो वहीं समस्त सभासदो,पालिका स्टाफ एवं



अन्य समाजसेवियों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर डॉ विनीत देवरा, अरुण वर्मा, डॉ इमरान,स-रेश तोमर अमित शर्मा अरविंद वाल्मीकि सुरेंद्र जोशी डॉक्टर विनीत देवड़ा विनोद तोमर श्वेत रस्तोगी अकरम मेंबर ,जब्बार मेंबर राधे मेंबर आदेश मेंबर, कदीर मंसूरी,जामिन मलिक, मास्टर खुर्सीद,आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन फेसल वारसी व संचालन इओ विजेंद्र सिंह ने किया।

# डेंगू से अब तक कई लोगों की हो चुकी है मौत : हसीब अहमद

## सीएमओ और डीपीआरओ आफिस पर बेमियादी धरने का किया ऐलान

**शावेज अहमद/दैनिक समाज जागरण**

रामपुर। भाकियू की पंचायत में किसान स्वास्थ्य विभाग और जिला पंचायती राज विभाग पर भड़क गए। आरोप है कि दोनों विभाग संचारी रोगों को नियंत्रण नहीं कर पा रहे हैं। डेंगू से अब तक कई लोगों को मौत हो चुकी है। इसे लेकर सीएमओ और डीपीआरओ आफिस पर बेमियादी धरने का ऐलान किया।



जिले में रोजाना डेंगू से मौते हो रही हैं। मरने वालों में अधिकतर किसान परिवारों के हैं। इस मामले को लेकर प्रदेश कैंप कार्यालय पर आकस्मिक पंचायत बुलाई। प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने कहा कि बीते दो महीने से डेंगू का प्रकोप जारी हैं। क्योंकि गांवों की सफाई व्यवस्था चैपट हैं। अधिकतर सफाई कर्मी अधिकारी और नेताओं के घरों का काम कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग भी मच्छर जनित रोगों पर नियंत्रण नहीं कर पा रहा हैं। क्योंकि न तो मच्छर नाशक दवा का छिड़काव न ही बुखार पीड़ितों के रक्त की जांच हो रही है। सरकारी अस्पताल में भी इलाज नहीं मिल रहा हैं। प्रदेश सचिव ने कहा कि शीघ्र कंट्रोल नहीं किया तो किसान सुबह 9 से 12 तक सीएमओ दफ्तर और फिर डीपीआरओ पर रोजाना धरना देंगे। पंचायत में मनजीत सिंह अटवाल, सुखविंदर सिंह, बलजीत सिंह, इरफान हसन, मुस्तकीम, सुखविंदर सिंह गिल, अमृतपाल भिंडर, चैधरी अजीत सिंह, चैधरी राजपाल सिंह, राम बहादुर, परविंदर सिंह सुखविंदर सिंह हुंडल आदि मौजूद थे।

## प्रदेशभर में महा सदस्यता अभियान में रामपुर तीसरा स्थान पर

# प्रदेश सरकार द्वारा बी-पैक्स में महा सदस्यता अभियान चलाया गया

**शावेज अहमद/दैनिक समाज जागरण**

रामपुर। प्रदेशभर में महा सदस्यता अभियान में रामपुर ने पूरे प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त कर जमकर वाह वाही लूटी हैं। सहायक आयुक्त निबंधक एवं सहकारिता डा. गणेश गुप्ता के अथक प्रयासों से आज रामपुर का नाम पूरे प्रदेश में रौशन हुआ हैं। आज जिला सहकारी बैंक के सभागार में सहाकारिता विभाग द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन समितियों के संचालकों को सम्मानित किया गया।

बताते चले कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेशभर में बी-पैक्स में महा सदस्यता अभियान चलाया गया था। जिसमें रामपुर ने बाजी मारते हुए प्रदेश में तीसरा तो वही मुरादाबाद मंडल में पहला स्थान प्राप्त किया हैं। डा. गणेश गुप्ता ने बताया कि




सहाकारिता विभाग किसानों को सबसे कम ब्याज दर पर ऋण की सुविधा उपलब्ध कराता हैं। कृषक सदस्य बनकर मात्र तीन प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। आज प्रदेश में तीसरा स्थान व मंडल में पहला स्थान प्राप्त करने के बाद सहाकरिता विभाग द्वारा जिला सहकारी बैंक के सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर डा. गणेश गुप्ता ने कहा कि विभाग के आला अफसरों के दिशा-निर्देश व कर्मचारियों की अथक मेहनत का ही यह नतीजा हैं कि रामपुर पूरे प्रदेश में तीसरा पा सका।

# पुलिस अधीक्षक ने थाना सैफनी और पटवाई का किया निरीक्षण

**शावेज अहमद/दैनिक समाज जागरण**

रामपुर। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने आज थाना पटवाई और थाना सैफनी का औचक आकास्मिक निरीक्षण किया।
पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी द्वारा थाना पटवाई का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, डयूटी रजिस्टर, फ्लाईसीट आदि एवं उनके रख रखाव, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयों को चैक किया गया। साथ ही थाना परिसर में बने बैरक, मालखाना, कम्प्यूटर रूम, आगन्तुक कक्ष आदि की साफ-सफाई तथा महिला हेल्प डेस्क को चैक किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक



दिशा-निर्देश दिये गये। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक ने थाना सैफनी का भी निरीक्षण किया।
पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने थाना सैफनी का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, डयूटी रजिस्टर, फ्लाईसीट आदि एवं उनके रख रखाव,उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयों को चैक किया गया। साथ ही थाना परिसर में बने बैरक, मालखाना, कम्प्यूटर रूम, आगन्तुक कक्ष आदि की साफ-सफाई तथा महिला हेल्प डेस्क को चैक किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# ज़िले में 12 से 25 अक्टूबर के बीच होगा खाद्यान्न वितरण: अभिषेक कुरील

**शावेज अहमद/दैनिक समाज जागरण**

रामपुर।जिला पूर्ति अधिकारी अभिषेक कुरील ने बताया कि आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग उ०प्र० लखनऊ द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय कार्डधारकों को 35 किग्रा खाद्यान्न (14 किग्रा गेहूं तथा 21 किग्रा चावल) तथा पात्र गृहस्थी राशनकार्डों से सम्बद्ध यूनिटों पर 05 किग्रा खाद्यान्न प्रति यूनिट (02 किग्रा गेहूं व 03 किग्रा चावल) का निःशुल्क वितरण 12 अक्टूबर 2023 से प्रारम्भ होकर 25 अक्टूबर 2023 के मध्य किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में 01 जनवरी 2023 से 31 दिसम्बर 2023 तक की अवधि के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत सभी कार्डधारकों को गेहूँ, चावल का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है जिसका सम्पूर्ण व्यय भार भारत सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। योजना के अन्तर्गत वितरण की अन्तिम तिथि 25 अक्टूबर 2023 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न कराया जायेगा।

# अंधाधुंध विद्युत कटौती से हाहाकार, अघोषित विद्युत कटौती से लोगों का जीना मुहाल

**दैनिक समाज जागरण**

बिसौली आई एम खान। नगर व क्षेत्र में अंधाधुंध विद्युत कटौती से हाहाकार मच गया है। बीते चार दिन से दिन और रात में 10 घंटे की अघोषित कटौती ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। बेहिसाब पावर कट से जहां पसीने छुड़ाती गर्मी में उपभोक्ता बेहाल हो रहे हैं वहीं किसानों की फसलों पर भी काफी असर पड़ता नजर आ रहा है। रात



में कई कई घंटे की आकस्मिक कटौती से लोगों की नींद उड़ने लगी है। वहीं लोगों को अंधेरे में चोर उचक्कों का डर भी सता रहा है। अधिशासी अभियंता रामलाल ने बताया कि उक्त आकस्मिक कटौती पावर ग्रिड लखनऊ से की जा रही है। वितरण विभाग को जितना बिजली मिल रही है उतना दी जा रही है।

# ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत ठगी और चोरी का हुआ खुलासा

## दरोगा बन बरेली में सुनार को लगाया चुका है चूना

**शावेज अहमद/दैनिक समाज जागरण**

रामपुर।आप्रेशन त्रिनेत्र के तहत थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा ठगी व चोरी के अभियुक्त विवेक शर्मा निवासी ग्राम जौहरपुर थाना सी.बी. गंज जनपद बरेली हाल निवासी सहसपुर ज्योति का मकान थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया है जिसके कब्जे से घटना से सम्बन्धित एक सोने की चैन व दो अंगूठी एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल स्पेलेण्डर बरामद की गई ।
पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर राजेश द्विवेदी द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में समय 06.30 बजे मार्निंग वाक के लिये अम्बेडकर पार्क के पास वादी हरीशचन्द्र चौधरी की सोने की चैन व अंगूठी अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ठगी कर चोरी कर ली थी एवं दिनांक 03.09.2023 को 10.00 बजे प्रातः अज्ञात व्यक्तियों द्वारा राजेन्द्र



सिंह की सोने की अंगूठी शिवापुरम कालोनी से ठगी कर चोरी कर ली थी जिसके सम्बन्ध में थाना सिविल लाइंस में मुकदमा दर्ज किया गया था । इन घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त विवेक शर्मा पुत्र विनोद कुमार शर्मा निवासी ग्राम जौहरपुर थाना सी.बी. गंज जनपद बरेली हाल निवासी सहसपुर ज्योति का मकान थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद को आश्रम पद्धित रोड कच्चे रास्ते के पास से 12.30 बजे गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे अम्बेडकर पार्क के पास से की गयी घटना में धोखा धड़ी कर चोरी किये गये एक चैन सोने की । शिवापुरम कालोनी से एक अंगूठी सोने की । एक अंगूठी सोने की जनपद बरेली में की गयी घटना से सम्बन्धित एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल हीरो स्पेलेण्डर प्लस बिना नम्बर प्लेट नई बरामद हुई है । मौके से अभियुक्त विनोद कुमार शर्मा पुत्र स्व0 सम्पूर्ण नन्द शर्मा उर्फ पूरन लाल निवासी ग्राम जौहरपुर थाना सी.बी. गंज जनपद बरेली भागने में सफल रहा, जिसके गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता कर यह बताया की उक्त लोग अन्तर्राज्यीय गिरोह के सदस्य है जिनके द्वारा उत्तराखण्ड के देहरादून जनपद के थाना पटेलनगर , बसन्त विहार , क्लेमन्टाउन और जनपद ऊधमसिंहनगर के थाना काशीपुर व उत्तर प्रदेश के जनपद मेरठ, बरेली , मुरादाबाद , सम्भल व रामपुर में भी कई ठगी कर चोरी की घटना की गयी है उल्लेखनीय है कि सह अभियुक्त विनोद कुमार शर्मा पुत्र स्व0 सम्पूर्ण नन्द शर्मा उर्फ पूरन लाल निवासी ग्राम जौहरपुर थाना सी.बी. गंज जनपद बरेली द्वारा जनपद बरेली के थाना बहेड़ी में वर्ष 2017 में पुलिस उप निरीक्षक बनकर एक सुनार के यहाँ से ठगी कर करीब 17 सोने की अंगूठिया भी चोरी की थी।इसका अपराधिक इतिहास है और छानबीन भी की जा रही हैं।

# एक मुट्ठी मिट्टी व अक्षत अमृत कलश यात्रा समारोह 12 को

बिसौली आई एम खान। अमृत कलश यात्रा को लेकर पालिका प्रशासन की ओर से आगामी 12 अक्टूबर दिन वृहस्पतिवार को कस्तूरबा आवासीय विद्यालय परिसर में शिलाफलकम समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान एक अक्टूबर से नगर के विभिन्न वार्डों से अमृत कलशों में एकत्र एक मुट्ठी मिट्टी या अक्षत को एक अमृत कलश में समाहित किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए अधिशासी अधिकारी ने बताया कि सांसद डा. संघमित्रा मौर्य कार्यक्रम की मुख्य अतिथि होंगी। कार्यक्रम में नगर व क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी शिरकत करेंगे।

# नगर में एक युवक व किशोरी की बुखार के चलते मौत

## नगर व क्षेत्र में बुखार जिंदगियां लील रहा है वहीं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी हाथ पर हाथ धरे बैठे

बिसौली आई एम खान। बुखार जानलेवा साबित होता जा रहा है। नगर में एक युवक व एक किशोरी की बुखार के चलते मौत हो गई। जानलेवा बुखार के चलते निजी अस्पताल मरीजों से पटे पड़े हैं। अस्पतालों में मरीज व तीमारदारों की भारी भीड़ से पांव रखने की जगह नहीं है। मोहल्ला ईदगाह रोड निवासी 40 वर्षीय युवक निजाकत पुत्र चाऊ को कई दिनों से बुखार आ रहा था। बीती रात जब उसकी हालत खराब हुई तो एक निजी अस्पताल ले गए। चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए उसे बरेली या मुरादाबाद ले जाने को कहा। परिजन युवक को बाहर ले जाने की तैयारी कर रहे थे इसी दौरान उसने दम तोड़ दिया। इधर मोहल्ला कटरा निवासी 14 वर्षीय किशोरी गौसिया पुत्री कल्लू ठेकेदार की तेज बुखार के चलते मंगलवार सुबह मौत हो गई। मृतकों के परिजनों में हाहाकार मचा हुआ है। नगर व क्षेत्र में बुखार जिंदगियां लील रहा है वहीं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं।

# समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव को दी श्रद्धांजलि

बिसौली आई एम खान। समाजवादी पार्टी के संस्थापक भारत के पूर्व रक्षा मन्त्री एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमन्त्री धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर समाजवादियों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। एड. राहुल यादव भीष्म के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में राहुल यादव भीष्म, काजी शाहनवाज खान, मोहित यादव, राजीव यादव, सोमेश प्रताप, राहुल, अफजल फारूकी, अनीस, रामनिवास, आकाश यादव, रोहिताश मीणा आदि समाजवादी विचारधारा के लोग मौजूद रहें।



# प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए उनका उत्साह वर्धन करना आवश्यक:- जिला जज

समाज जागरण ,प्रशांत तिवारी

हरदोई।जिला विधिक सेवा प्राविधिक के तत्वाधान में 02 से 08 अक्टूबर तक राजकीय इण्टर कालेज हरदोई में स्वच्छता जागरूकता अभियान के दौरान चित्रकला, वाद-विवाद, संवाद आदि प्रतियोताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि के रूप में मा0 जिला जज राजकुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी तथा सचिव विधिक प्राधिकरण सुधाकर दुबे के साथ स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला जज ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाये सामने आती है और ऐसी प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए इनका उत्साह वर्धन आवश्यक है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जीआईसी सहित अध्यापक एवं छात्र-छात्राये उपस्थित रहें।



# तेज रफ्तार ऑटो की टक्कर से बाइक सवार की मौत

समाज जागरण कमलेश कुमार

मल्लावां ,हरदोई। राघौपुर मार्ग पर ऑटो की टक्कर से बाइक चालक की मौत हो गई वहीं उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को आनन फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

आपको बता दें कोतवाली क्षेत्र के गांव गाड़ी रसूलपुर निवासी जगदीश पुत्र पहाड़ी अपने साढ़ू के लड़का सुभाष के साथ राघोपुर के निकट सोमवार की देर साम पेट्रोल पंप पर डीजल लेने गया था।जहां से वह देर शाम घर वापस जा रहा था। गढ़ी गांव की मोड़ के पास जैसे ही पहुंचा की विपरीत दिशा में तेज रफ्तार से आ रहे सीएनजी ऑटो ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।परिजनों नेआनन फानन में जिला अस्पताल कन्नौज में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सको ने जगदीश की हालत गंभीर देखते हुए कानपुर रेफर कर दिया था।कानपुर ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। मौत का समाचार मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल की इलाज के बाद छुट्टी कर दी गई। मृतक खेती-बाड़ी कर परिवार का भरण पोषण करता था। इस मामले में चौकी इंचार्ज वालेंद्र मिश्रा ने बताया की वाहन को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। परिजनों के द्वारा तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

**महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत बालिकाओं एवं महिलाओं को महिला अधिकारों के सम्बन्ध में किया जा रहा है जागरूक**

_धर्मेन्द्र कुमार स्वतंत्र पत्रकार महोबा। महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा हेतु उ.प्र. शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से महिलाओं को अवगत कराए जाने एवं अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति जागरुकता अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा एवं जागरूकता के दृष्टिगत चलाए जा रहे ॥मिशन शक्ति अभियान॥ के अंतर्गत जनपद के थानों में नियुक्त महिला बीट पुलिस अधिकारी (शक्ति दीदी) द्वारा सम्बन्धित बीट क्षेत्र एवं स्कूलों में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक करने के उद्देश्य से चौपाल लगाकर शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे-शक्ति मोबाइल, महिला हेल्पडेस्क, महिला साइबर सेल, मातृत्व को सम्बल, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मातृ वंदना योजना आदि के साथ-साथ महिला अपराध से सम्बन्धित धाराओ एवं उनकी प्रक्रिया, विभिन्न हेल्पलाइन नं. (112,1090,181,108,1076,1098) इत्यादि की जानकारी से जागरुक

# डीसीएम श्रीराम शुगर मिल रूपापुर व आर्यावर्त बैंक ने एम ओ यू पर किये हस्ताक्षर

## कृषकों को कृषि निवेश पर लाभ के लिए संयुक्त कार्यशाला आयोजित

समाज जागरण,बी जी मिश्र

हरदोई।मंगलवार को डीसीएम श्री राम शुगर मिल रूपापुर परिसर में डीसीएम श्रीराम ग्रुप व आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के संयुक्त तत्वावधान में एक कार्यशाला आयोजित की गई।जिसमें कृषको को कृषि निवेश पर लोन व अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। डीसीएम श्री राम शुगर मिल रूपापुर परिसर में डीसीएम श्री राम व आर्यावर्त ग्रामीण बैंक द्वारा संयुक्त रूप से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में आर्यावर्त बैंक के चेयरमैन संतोष एस, जनरल मैनेजर,रीजनल मैनेजर आर के वर्मा सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साथ डीसीएम श्री राम समूह की सभी इकाईयों के इकाई प्रमुख,समस्त गन्ना प्रमुख,सभी लेखा प्रमुख एवं चारो चीनी मिलों के कृषक बन्धु मौजूद रहे।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डीसीएम शुगर मिल रूपापुर के महाप्रबन्धक प्रभात कुमार सिंह ने कहा कि डीसीएम श्री राम समूह की चारो चीनी मिलों के द्वारा आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के माध्यम से गतवर्ष 76915 कृषको को रुपये 657 करोड़ का भुगतान किया गया।जो कि कुल गन्ना मूल्य का 29 प्रतिशत है।इस अवसर पर इकाई प्रमुख प्रभात सिंह ने कहा आर्यावर्त बैंक के साथ डीसीएम श्री राम समूह की चारो इकाई ने एक एम ओ यू पर हस्ताक्षर किए जिसके तहत आर्यावर्त बैंक कृषको को सस्ते ब्याज दरों पर कृषि निवेश हेतु लोन उपलब्ध कराएगा।इस एम ओ यू के तहत चार योजनाएं बनाई गई। जीएम प्रभात कुमार ने कहा यह एक ट्रेलर प्रोग्राम है इसमें



एक प्रतिशत कम ब्याज पर किसानों को ऋण मिलेगा फिलाहल चार स्कीम क्रियान्वित की जा रही हैं.जैसे अक्षय धारा योजना के अंतर्गत बोर बेल पर ऋण देगा। कवच योजना जिसमे किसान



जाल लगाकर फसलों को नुकसान से बचा सकेगें।

इक्षु यंत्र योजना जिसके अंतर्गत कृषि यंत्रों पर ऋण एवं कृषि सेवा योजना जिसके अंतर्गत कृषि यंत्रों के सेवा प्राप्तकर्ता को ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।इकाई प्रमुख ने यह भी बताया कि जो गन्ना कृषक इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहते है वह सम्बंधित मिल कर्मचारियों से सम्पर्क करें। इसी क्रम मे आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के चेयरमैन संतोष एस. ने कहा हमारी बैंक डीसीएम श्री राम ग्रुप से एक एम ओ यू साइन किये हैं जिससे अब गन्ना किसानों को अक्षय धारा योजना मे ब्याज दर 9.50 प्रतिशत, कवच योजना मे 10 प्रतिशत इक्षु योजना मे 9.50 प्रतिशत व कृषि सेवा योजना मे 10 प्रतिशत ब्याज दर किसान को देय होगा। उन्होने बताया इसमें किशत बार्षिक



होंगी। इस मौके पर एल मंगल, आर के वर्मा, अनिल कुमार, गन्ना प्रमुख ललित सैनी, शोभित रस्तोगी, संजय सिंह,अवधेश गुप्ता,अभिनव सिंह, अभय शंकर गौड़ सहित तमाम कृषक बंधु मौजूद रहे।

# नि:शुल्क खाद्यान्न का वितरण 12 अक्टूबर से 25 अक्टूबर के मध्य किया जायेगा

समाज जागरण ब्युरो

हरदोई।जिला पूर्ति अधिकारी कमल नयन सिंह ने बताया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत माह अक्टूबर, 2023 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न को अन्त्योदय कार्डधारकों को 14 कि०ग्रा० गेहूं व 21 कि०ग्रा० चावल (कुल 35 कि०ग्रा० प्रति कार्ड) एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 02 कि०ग्रा० गेहूं व 03 कि०ग्रा० चावल (कुल 05 कि०ग्रा० प्रति यूनिट) नि:शुल्क वितरण 12 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2023 के मध्य वितरण किया जायेगा। खाद्यान्न के वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमातक पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन कर सकेंगे। उक्त योजनान्तर्गत वितरण की अन्तिम तिथि 25 अक्टूबर 2023 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाईल ओ०टी०पी० वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा।

# दो माह पूर्व बनाया गया मार्ग जर्जर

समाज जागरण,सावन सैनी

सांडी,हरदोई। इलाके मदारपुर स्कूल जाने वाले मार्ग डामरी करण के नाम पर ठेकेदार ने विभाग के अधिकारियों से मिलकर जमकर खेल खेला।दो माह पूर्व बनाया गया मार्ग फिर से जर्जर होने लगा है।

विकास खण्ड सांडी के मदारपुर गांव मे प्राथमिक स्कूल तक लगभग एक किलो मीटर मार्ग का दो माह पूर्व डामरी करण कराया गया था।सड़क पर हुए इस कार्य के दो माह बीतते ही गिट्टी पूरी तरीके से उखडने लगी। ग्रामीणो ने बताया कि दो माह पहले ठेकेदार ने पीडब्लू डी विभाग द्वारा सडक का निर्माण कराया था। घटिया कार्य के चलते दो माह के अन्दर पूरा मार्ग उखडने लगा है।फिलहाल विभाग के अधिकारियों की कारगुजारी का खामियाजा ग्रामीणो को भुगतना पड रहा है।अगर इसी तरह रहा तो वह दिन दूर नही जब पूरा मार्ग गढ्ढे मे तप्दील हो जाएगा।



**अजनर पुलिस टीम ने आपराधिक प्रवृत्ति के 02 अभियुक्तों को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ किया गिरफ्तार।**

_धर्मेन्द्र कुमार स्वतंत्र पत्रकार महोबा। आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने हेतु अवैध शस्त्रों की बिक्री एवं उनके निर्माण में प्रभावी रोकथाम व ऐसे अपराधों में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाये जा रहे सघन चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के अड्डपालन में अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम व क्षेत्राधिकारी हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में शिवआसरे, प्रभारी निरीक्षक थाना अजनर द्वारा उ0नि0 शिवदान सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आपराधिक प्रवृत्ति के 02 नफर अभियुक्त क्रमशः 1.नफीस खान 31 वर्ष 2.श्रीराम उर्फ सियाराम रैकवार उम्र करीब 24 वर्ष को पुलिस हिरासत में लिया गया जिनके कब्जे से क्रमशः एक - एक अदद तमंचा 315 बोर मय एक - एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज की बरामदगी करत हुए नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । बरामदगी के आधार पर थाना अजनर में क्रमशः मु.अ.सं. 196/2023 व मु.अ.सं. 197/2023 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया

# महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत बालिकाओं एवं महिलाओं को महिला अधिकारों के सम्बन्ध में किया जा रहा है जागरुक

**खन्ना पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 07 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार**

धर्मेन्द्र कुमार स्वतंत्र पत्रकार महोबा। पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद में अवैध जुआ/सट्टा की रोकथाम हेतु इसमें संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम व क्षेत्राधिकारी नगर राम प्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में यज्ञ नारायण भार्गव थानाध्यक्ष खन्ना द्वारा संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया। उ.नि. चेतराम के नेतृत्व में गठित हुई प्रथम पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 03 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.प्रहलाद पुत्र रतीराम वर्मा उम्र करीब 52 वर्ष 2.सुखराम पुत्र प्रताप वर्मा उम्र 50 वर्ष 3.बाबू पुत्र रामदीन उम्र 45 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम बरभौली थाना खन्ना, महोबा को हिरासत में लिया गया, जिनके कब्जे से मालफड़ 600/रु0 जामा तलाशी रू0 730/- व 52 अदद ताश के पत्ते बरामद हुए।

उ.नि. राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में गठित हुई द्वितीय पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 04 नफर अभियुक्तगण क्रमशः1.विरेन्द्र कुमार वर्मा पुत्र रामेश्वर वर्मा उम्र करीब 44 वर्ष 2. मलखान वर्मा पुत्र चुनवाद वर्मा उम्र 50 वर्ष 3. सुरेन्द्र वर्मा पुत्र प्रनवा उम्र 45 वर्ष 4. कन्धे वर्मा पुत्र राजा भईया उम्र करीब 32 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम बरभौली थाना खन्ना जनपद महोबा को हिरासत में लिया गया, जिनके कब्जे से मालफड़ 700/रु0 व रू0 815/- जामा तलाशी व 52 अदद ताश के पत्ते बरामद हुए।

# मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर हुआ विधिक जागरूकता शिविर

समाज जागरण,अभय तिवारी

हरदोई।अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई सुधाकर दुबे ने बताया कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई राज कुमार सिंह के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा



प्राधिकरण के तत्वाधान में आज जिला चिकित्सालय में मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया । अपर जिला जज द्वारा चिकित्सालय प्रांगण में उपस्थित आमजनमानस से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई और कहा कि अपने जीवन मे उत्साह बनाये रखिये और खुश रहिये और सारी चिंताए छोड़ दीजिए मानसिक तनाव बिल्कुल मत लीजिये तथा अपर जिला जज द्वारा लोगो को विधिक सेवा प्राधिकरण के विषय मे विस्तृत रूप से जानकारी दी। अपर जिला जज द्वारा प्रतिदिन प्रातः योग करने हेतु आमजनमानस को जागरूक किया गया। इस अवसर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जे0के0 वर्मा, चिकित्सक शेर सिंह व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिपिक अभिषेक अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

# निर्विवादित प्रकरणों में आवेदन प्राप्त कर वरासत आदेश पारित करायें:-डीएम

समाज जागरण,आलोक सिंह

हरदोई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि शासन द्वारा निर्विवाद उत्तराधिकार/ वरासत के प्रकरणों को अभियान चलाकर खतौनी में दर्ज कराने के निर्देश दिये गये थे। उन्होंने ने बताया कि उक्त निर्देश के क्रम में विस्तृत निर्देश निर्गत किये गये थे। उक्त के पश्चात 30 मई 2023 से 31 जुलाई 2023 तक अभियान में निर्विवाद वरासत के 6143 प्रकरणों में वरासत का अंकन अधिकार अभिलेखों में कराया गया। उक्त के बावजूद निर्विवाद वरासत के काफी पुराने पुराने प्रकरण संज्ञान में प्रकाश में आ रहे हैं। उन्होंने समस्त लेखपालों, राजस्व निरीक्षकों एवं नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि वह अपने क्षेत्र के समस्त राजस्व ग्रामों में खतौनियों को ग्रामवासियों के मध्य पढ़कर मृतक कृषकों तथा उनके वारिसानों को चिन्हित करें तथा प्राप्त सभी निर्विवादित प्रकरणों में आवेदन प्राप्त कर वरासत आदेश पारित करायें तथा खतौनियों में वरासत का अंकन करायें। पूर्व में भी राजस्व परिषद द्वारा यह निर्देश दिये जा चुके हैं कि खतौनियों में मृतक कृषकों के वारिसानों का अंकन मृत्यु तिथि से 13 दिन के अन्दर सुनिश्चित कराकर मृतक के वारिसानों को नकल खतौनियाँ वितरित करायी जायें। उक्त के अतिरिक्त यह भी सुनिश्चित करें प्रत्येक माह के अन्त में सभी लेखपाल व राजस्व निरीक्षकों से संयुक्त रूप से लेखपाल क्षेत्रवार इस आशय का प्रमाण पत्र प्राप्त करें कि उनके लेखपाल क्षेत्र के अन्तर्गत राजस्व ग्रामों में निर्विवादित वरासत का कोई भी प्रकरण शेष नहीं है। उक्त प्रमाण पत्र को सम्बन्धित नायब तहसीलदार प्रतिहस्ताक्षरित करेंगे। प्रमाण पत्र पर सम्बन्धित लेखपाल, राजस्व निरीक्षक व नायब तहसीलदार नाम भी अंकित करेंगे। उक्त प्रमाण पत्र को तहसील कार्यालय (रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय) में डिजिटल व मैनुअल रूप से संरक्षित किया जायेगा। चूंकि निर्विवाद वरासत माननीय मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से आच्छादित है, जिसमें शीर्ष स्तर से सतत समीक्षा की जा रही है। अतः उपरोक्त निदेशों का कड़ाई से पालन करते हुये निर्विवाद वरासत के शत-प्रतिशत प्रकरणों को त्वरित गति से निस्तारित कराना सुनिश्चित करें।

# जनपदवासी प्रर्दशनी का अवलोकन कर योजनाओं का लाभ उठायें:- सांसद

## सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त होने से लोग लाभान्वित होगें:-अजीत सिंह

समाज जागरण,बी जी मिश्र

हरदोई।जिला सूचना विभाग की ओर से भारत एवं प्रदेश सरकार का ॥सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास तथा सबका प्रयास॥ अभियान के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं के तहत प्रदेश में हो रहे विकास कार्यो, उद्योग स्थापना, रोजगार परक योजनाओं के साथ पात्र गरीबों को दी जाने वाली लाभप्रद योजनाओं पर 10 से 12 अक्टूबर 2023 तक तीन दिवसीय लगायी गयी भव्य प्रर्दशनी का उद्घाटन सासंद जय प्रकाश रावत ने नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सुखसागर मिश्र तथा जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के साथ संयुक्त रूप से फीता काट करने के बाद प्रर्दशनी का अवलोकन किया।



इस अवसर पर सांसद ने लगाया गयी प्रर्दशनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रर्दशनी के जनपदवासियों के अलावा विभिन्न योजनाओं से लाभ प्राप्त करने वाले पात्र लोग भी देखें और योजनाओं का लाभ उठायें। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि शहीद उद्यान में प्रर्दशनी के आयोजन से अधिक से अधिक लोग सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेगें। जिलाधिकारी ने जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार से कहा कि प्रर्दशनी देखने आने वाले लोगों को योजनाओं की जानकारी देने हेतु एक व्यक्ति प्रर्दशनी प्रारम्भ होने से शाम समाप्ति तक लगायें। इसके उपरान्त भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह बब्बन ने भी आकाश सिंह, अमित वर्मा, प्रदीप पाठक तथा जितेन्द्र सिंह के साथ प्रर्दशनी का अवलोकन किया। प्रर्दशनी के संबंध में भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारत एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त होने से आमजनमानस लाभान्वित होगा।

# मेडिकल कालेज में फिर हुई गर्भवती की मौत

## डाक्टर बोले-ब्लीडिंग होने से नहीं बचाई जा सकी जान, पिता की तहरीर पर पुलिस ने शव का कराया पोस्टमार्टम

समाज जागरण ब्युरो

हरदोई। दर्द से छटपटा रही गर्भवती को शाहाबाद सीएचसी ले जाया गया। जहां से उसे मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया गया। जहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। डाक्टरों ने ब्लीडिंग होने से मौत होना बताया है। वहीं उसके पिता ने पुलिस को तहरीर देते हुए उसके शव का पोस्टमार्टम कराया है। उसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई किए जाने की बात कही गई है।

बताया गया है कि बेहटा गोकुल थाने के जसरथपुर निवासी विवेक की 25 वर्षीय पत्नी इशना देवी 7 माह की गर्भवती थी। सोमवार को अचानक उसके दर्द होने लगा। बताते हैं कि देखा गया कि उसके ब्लीडिंग हो रही थी। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए सीएचसी शाहाबाद ले जाया गया। जहां के डाक्टरों ने उसकी हालत देख कर सीधे मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया। इशना देवी को मेडिकल कालेज लाया जा रहा था, वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। डाक्टरों ने मौत की वजह ब्लीडिंग होना बताया है। जबकि इशना देवी के पिता सुरेन्द्र निवासी कादरी गेट ज़िला फरुर्खाबाद को इसका पता चला,वह जसरथ पुर पहुंचा, उसने सच्चाई जानने के लिए पोस्टमार्टम कराने की तहरीर दी है। वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पाली में ऐतिहासिक रामलीला महोत्सव का शुभारंभ

समाज जागरण संवाददाता

पाली,हरदोई। नगर में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक रामलीला महोत्सव का शुभारंभ हो गया है। मंगलवार की शाम को रामलीला कमेटी द्वारा भगवान श्री गणेश की स्थापना कर मेले की शुरूआत की गई है। गत बर्षो की भांति इस बर्ष भी नगर में एक भव्य रामलीला मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एक मान्यता के अनुसार एकादशी तिथि को पूरे विधि विधान से भगवान गणेश की रामलीला परिसर में स्थापना की जाती है। उसी क्रम में मंगलवार को नगर के रामलीला मैदान में रामलीला कमेटी के मंत्री व पूर्व चेयरमैन कमलाकांत बाजपेई द्वारा प्रथम पूजन किया। ततपश्चात भगवान गणेश की वेद मंत्रोंउच्चारण के साथ स्थापना की गयी। रामलीला कमेटी के कोषाध्यक्ष रामू अग्निहोत्री ने बताया कि



21अक्टूबर को धनुष यज्ञ व 22 अक्टूबर को गाजे बाजे के साथ नगर में बड़े धूमधाम से श्री राम बारात निकाली जायेगी। बारात नगर के मुख्य मार्गों से होकर रात को रामलीला मैदान पहुंचेगी। कमेटी ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है। कमेटी मंत्री पूर्व चेयरमैन कमलाकांत बाजपेई ने बताया कि 26 अक्टूबर से रात्रि में वृंदावन के कलाकारों द्वारा रासलीला का मंचन किया जाएगा। वहीं दिन में राम कथा होगी। मेले में बड़ा झूला, सर्कस, छोटे बच्चों के झूले सहित कई आकर्षक चीजों के साथ खाने पीने की दुकानों को सजाया जाएगा। बाहर से आने वाले दुकानदारों की सुरक्षा व्यवस्था का भी पुख्ता इंतजाम किया गया है। किसी प्रकार की अराजकता न फैले उसको लेकर मेला कमेटी टीम व पुलिस, पीएसी को तैनात किया जाएगा। 6 नवंबर को रावण बध के साथ रामलीला मेले का समापन होगा। इस मौके पर पंकज मिश्रा, अंकित, अमित, श्रीनिवासन, नंदकिशोर शुक्ला रामबाबू शुक्ला,आदि मौजूद रहे।

# दहेज के खातिर विवाहिता को घर से निकालने के आरोप में पांच पर रिपोर्ट दर्ज

समाज जागरण संवाददाता

पाली,हरदोई। एक नवविवाहिता ने अपने ससुरालियों पर अतिरिक्त दहेज में बुलेट, सोने की चैन व रुपयों की मांग की खातिर घर से निकालने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने पति व सास-ससुर सहित पांच लोगों पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की है। पाली थाने के थरिया गावं निवासी रामा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि आठ माह पहले 28 जनवरी को उसकी शादी थाना क्षेत्र के ही मेहंदीपुर गावं निवासी रामू के साथ आर्य समाज



मंदिर में हुई थी। जिसके बाद कुछ दिन सब ठीक चला। उसके बाद पति रामू, ससुर विजयपाल, सास विमला, जेठ हरिश्चंद्र व पप्पू अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। सोमवार को सभी ससुरालियों ने गाली गलौज करते हुए उसे मारा पीटा और अतिरिक्त दहेज में बुलेट, सोने की चैन व रुपये की मांग करते हुए घर से निकाल दिया। मांग पूरी न होने पर घर में घुसने पर जान से मारने की धमकी भी दी। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया है कि महिला की तहरीर के आधार पर पांच लोगों पर दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच की जा रही

# रामायण, गीता और भागवत, मानव के लिए कल्याणकारी : आचार्य रामचन्द्र दास

### *सांसद मनोज तिवारी के देवी गीतों से भक्तिमय हुआ कथा पण्डाल*

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

चौकियां धाम, जौनपुर। मां शीतला चौकियां धाम में चल रहे श्री हनुमत कथा के चौथे दिन आचार्य रामचंद्र जी महाराज ने संगीतमय श्री हनुमत कथा सुनाकर भक्तों को आल्हादित कर दिया। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि गीता भागवत रामायण जैसे महान ग्रंथ मानव जीवन के लिए कल्याणकारी है। कथा सत्संग श्रवण से मानव जीवन में अध्तमिकता बढ़ती है। धर्म कर्म के प्रति जिज्ञासा बढ़ती है। तुलसी दास जी कहते हैं कि जिस कान ने भगवान की कथा नहीं सुनी, वह कान सर्प के बिल के समान है। जिस प्रकार श्रीराम कथा जहां होती है तो हनुमान सुनते हैं, ठीक उसी प्रकार हनुमत कथा को श्रीराम श्रवण करते हैं। हनुमान जी के चरित्र का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि हनुमान जी ने इतना सारा कार्य किया लेकिन उनके अंदर अहंकार एकदम नहीं था। यदि जीवन में अहंकार है तो वहां भगवान नहीं होते हैं। अहम ही जीवन का सबसे बड़ा वहम है। इसके बाद पंडाल तालियों की गडहड़ाहट से गूंज उठा। कथा वाचक आचार्य रामचन्द्र दास ने कहा कि जिस तन ने भगवान, संत, सनातन का झंडा नहीं लहराया, हनुमान जी का चरित्र नहीं गाया तो ऐसे तन का क्या काम?प्रभु से कहिए हे कि प्रभु कृपा करिए कि यह मन आपके चरणों में लगा रहे। मेरी स्मृति में संसार का चिंतन न रहे। स्वामी विवेकानंद ने अमेरिका में कहा था कि हनुमान जी का जो समर्पण श्रीराम के प्रति था, वही समर्पण युवाओं का धर्म के प्रति होना चाहिए। कथा पंडाल में पहुंचे सांसद मनोज तिवारी ने समझा कतहू नाही गइला, जब ना धाम चौकियां गईला पचरा के गीत से समां बांध दिया। कथा से पहले भोजपुरी गायक/सांसद मनोज तिवारी



ने मां शीतला का दर्शन पूजन किया जिसके बाद वह सीधे मंच पर पहुंचे जहां उन्होंने कहा कि अयोध्या में भव्य श्रीराम मन्दिर बन रहा है। उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देते हुए कहा कि बड़े भी सौभाग्य की बात है कि आज हम लोग अयोध्या धाम में मन्दिर निर्माण कार्य अपने जीवन काल में देख रहे हैं। 24 जनवरी को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा श्रीरामचंद्र जी मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा पूजन कर जन्मभूमि पर दर्शन पूजन करने वाले राम भक्तों के लिए खोल दिया जायेगा। 24 जनवरी 2024 में हम सब वहां दर्शन करने चलेंगे। सब जानते हैं कि मनोज तिवारी का नया जन्म मां शीतला के दरबार में हुआ है। मां शीतला चौकियां माता अत्यंत पूजनीय हैं। कथा व्यास पर बैठे रामचंद्र जी महाराज उर्फ जय महाराज के बारे में कहा कि हमारे प्रिय है। जहां कथा कहेंगे, मैं वहां जरूर पहुंचूंगा। रविन्द्र सिंह ज्योति छोटे भाई हैं। बढ़िया गीत गाते हैं। कथा में अहमदाबाद से आये अखिलेश्वर दास जी महाराज ने कहा कि दास कभी स्वामी नहीं होता है और स्वामी कभी दास नहीं होता है। श्री हनुमत चरित्र सुनना प्रभु की अहैतुक कृपा है। अंत में आरती पूजन किया गया जहां जिलाधिकारी अनुज झा भी शामिल रहे। मां शीतला कार्यसमिति अध्यक्ष व आयोजक विनय त्रिपाठी ने कथा पंडाल में आए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष संजय माली, महामंत्री अनिल सोनकर, आदर्श उपाध्याय, पप्पू त्रिपाठी, क्षमानाथ त्रिपाठी, सुरेंद्र माली, अजय यादव, गोरख माली, लड्डू त्रिपाठी, सौरभ पंडा, बसंत माली, विनय गिरी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# अनियमित दिनचर्या से बढ़ रहे हैं मानसिक रोगी : डा. हरिनाथ यादव

### *विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मनो चिकित्सक ने दी उपयोगी जानकारी*

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर श्री कृष्णा न्यूरो एवं मानसिक रोग चिकित्सालय पर मंगलवार को संगोष्ठी हुई जहां मनोचिकित्सक डा. हरिनाथ यादव ने मरीजों और उनके साथ उपस्थित अभिभावकों को मानसिक रूप से कैसे स्वस्थ रहे, के बारे में जानकारी दिया। साथ ही कहा कि बदलती लाइफ स्टाइल के बीच मेंटल हेल्थ एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। इससे जुड़ी समस्याएं जैसे स्ट्रेस, एंग्जायटी और डिप्रेशन के मामले बढ़ते जा रहे हैं। इसकी एक बड़ी वजह यह भी है कि लोग अब भी मेंटल हेल्थ को गंभीरता से नहीं लेते और इस बारे में बात करने में भी हिचकिचाते हैं। इस ओर जागरूकता बढ़ाने और मेंटल हेल्थ की अहमियत को समझाने के लिए हर साल 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस यानी वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे मनाया जाता है। डा. यादव ने कहा कि विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2023 की थीम है, ह्यमेंटल हेल्थ इज ए यूनिवर्सल ह्यूमन राइट' यानी 'मानसिक स्वास्थ्य एक सार्वभौमिक मानव अधिकार है'। इस थीम के साथ जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया जाय। साथ ही सार्वभौमिक मानवाधिकार के रूप में सभी के मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और उसकी रक्षा करने वाले अभियान चलाया जाय। डा. यादव ने बताया कि विश्व मानसिक स्वास्थ दिवस एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम है जो हर साल





10 अक्टूबर को जागरूकता पैदा करने और किसी के जीवन और समाज में मानसिक स्वास्थ के महत्व को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य लोगों को मानसिक बिमारी के बारे में शिक्षित करना और दुनिया भर के लोगों को इसका समर्थन करने के लिए प्रोत्साहित करना और मानसिक स्वास्थ का समर्थन करने के लिए जीवन के सभी पहलुओं में एक स्वस्थ वातावरण स्थापित करना है। डा. यादव ने बताया कि मानसिक स्वास्थ सबसे ज्यादा नकारा जाने वाला स्वास्थ क्षेत्र रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार आज करीब 1 मिलियन से अधिक लोग मानसिक विकार के साथ जी रहे हैं। इस बिमारी को ज्यादातर लोग ध्यान नहीं देते जिसके फलस्वरूप प्रत्येक 40 सेकेंड में एक व्यक्ति आत्महत्या कर रहा है। ज्यादातर मानसिक रोगों में से लगभग 50 फीसदी मामले 14 वर्ष की आयु तक शुरू होते हैं। हमें इस विषय पर खास ध्यान देने की आवश्यकता है। जल्द ही इस पर ठीक प्रकार से काम नहीं किया गया तो आने वाले समय में स्थिति और खराब हो सकती है। संगोष्ठी में डा. सुशील यादव, उमानाथ यादव अध्यापक, जंग बहादुर यादव अध्यापक, लालजी यादव, शिव बहादुर यादव, सूरज, रागिनी, अवनीश के अलावा तमाम मरीज सहित उनके अभिभावक, हॉस्पिटल के सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

# आत्म हत्या के लिए प्रेरित करने के एक मामले में जेल भेजे गए पूर्व ब्लाक प्रमुख सुदामा दीक्षित ने मंगलवार को जेल से अपनों के नाम एक पाती भेजी है।

उरई जालौन इसमें उन्होंने अपनी जेल यात्रा का जिक्र किया है। लिखा है कि उन्हें जेल में प्रताड़ित करने की भरपूर कोशिश की गई है। वह अंहकार और अन्याय के सामने न तो डरूंगा और न ही झुकूंगा, हमेशा लड़ता रहूंगा। उनकी यह पाती चर्चा की विषय बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार पूर्व ब्लाक प्रमुख सुदामा दीक्षित ने 10 अक्टूबर को जेल से अपनों के नाम एक पाती भेजी है। इसमें उन्होंने अपनी जेल यात्रा का जिक्र किया है। पाती में लिखा है कि वह जीवन के सबसे कठिन और संघर्ष के दौर से गुजर रहे है। ऐसे में आप सभी का समर्थन और प्यार मुझे संबल दे रहा है। बचपन की एक जिद की मुझे समाजसेवा करनी है, मुझे जेल की सलाखों तक पहुंचा देगी नहीं पता था। उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं हुआ जब कारावास भेजकर नेस्तानाबूत करने की कोशिश हुई हो, लेकिन इस बार षड़यंत्रकारी सफल हो गए। उन्होंने अपने लोगों के समर्थन की बात और उनके आंसुओ के साथ रूंधे गले की बात लिखी। उन्होंने पाती में लिखा कि बाहर तो साजिश हुई ही है जेल के अंदर भी मुझे प्रताड़ित करने की भरपूर कोशिश हुई है। बैरक की लाइट काट दी गई, खाने पीने तक के लिए परेशान किया गया। किसी से मिलने नहीं दिया। उन्होंने लिखा है कि आपके अपनेपन ने मुझे अन्याय से लड़ने का साहस दिया। उन्होंने पाती में अपनी पीड़ा और विरोधी के षड़यंत्र के साथ अपनों के प्यार और समर्थन की बात को लिखा है। स्वाभिमान को तोड़ दिया, लेकिन उन्हें नहीं पता कि मेरा आत्म बल अब और मजबूत हुआ है। सुदामा की इस पाती से उनके परिवारीजन भावुक हो गए। उनके भाई आशीष दीक्षित ने कहा कि मेरा भाई इतना कमजोर नहीं है कि वह टूट



जाए। उनके साथ में हजारों लोगों की दुआएं है।

**सोशल मीडिया पर समर्थन की लगाई मुहर**

उरई। पूर्व ब्लाक प्रमुख की जेल से पाती जैसे ही बाहर आई तो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुई। लोगों ने सोशल मीडिया पर वायरल पाती पर अपनी प्रतिक्रिया दी और अपने समर्थन की मुहर लगाई। लोगों ने माना है कि जनपद में ऐसी गंदी राजनीति इसके पहले कभी नहीं हुई।

**वायरल ऑडियो से षड़यंत्र हुआ था उजागर**

उरई। 26 सिंतबर को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस प्रशासन इस बात को जान रहा था कि मामला राजनीतिक द्वेष भावना का है इसके बावजूद उनकी गिरफ्तारी शासन सत्ता की नजर में भले बने रहने के लिए इस तरह से की गई थी, जैसे वह कुख्यात अपराधी हों। इसके बाद उनके समर्थकों को जब यह आभाष हुआ कि कोई अनहोनी हो सकती है तो फिर पुलिस लाइन से लेकर कोतवाली, अस्पताल और न्यायालय के बाहर से लेकर जब तक सुदामा जेल के अंदर नहीं हो गए एक पल के लिए समर्थक दूर नहीं हुए। इस मामले को बुद्धजीवी वर्ग ने राजनीतिक षड़यंत्र माना था, इस बात पर 03 अक्टूबर को वायरल हुए ऑडियो ने सब कुछ साफ कर दिया था।

# साप्ताहिक कार्यक्रम स्वच्छता जागरूकता अभियान के साथ संपन्न हुआ

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला प्राधिकरण वाणी रंजन अग्रवाल के दिशा निर्देशन में बीते 2 अक्टूबर को ह्यह्यस्वच्छता जागरूकता अभियानह्यह्य के तहत साप्ताहिक कार्यक्रम का प्रारम्भ किया गया था। स्वच्छता के महत्व के सम्बन्ध में जनपद के समस्त प्राथमिक, माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में निबन्ध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में प्रतिभाग लेने वाले विद्यालयों द्वारा अपने विद्यालय की 3-3 उत्कृष्ट निबन्ध एवं चित्रकला प्रविष्टियां जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित की गयीं। विद्यालय से प्राप्त उक्त प्रविष्टियों में से उत्कृष्ट प्रथम, द्वितीय व तृतीय प्रविष्टियों को चयनित करने हेतु निर्वाचन मण्डल की बैठक 9 अक्टूबर को आहूत की गई जिसमें सभी अधिकारीगण ने प्रत्येक संवर्ग के छात्रों द्वारा लिखे गए निबन्ध व चित्रकला का आंकलन कर उत्कृष्ट छात्रों को चयनित किया। इसी अनुक्रम में स्वच्छता जागरूकता अभियान का समापन समारोह मंगलवार को दीवानी न्यायालय परिसर में स्थित मीटिंग हॉल में हुआ। उक्त समारोह में प्रत्येक स्तर के विद्यालयों में से दोनों संवर्गों में चयनित किए गए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले उत्कृष्ट प्रथम, द्वितीय व तृतीय कुल 18 प्रतिभागियों को शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यालय व छात्र को भी पुरस्कृत किया गया। इसी अनुक्रम में जनपद न्यायालय में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी लालता प्रसाद को सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ कार्य सम्पादित किए जाने हेतु 'सजीव पौधा' भेंट करके सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला प्राधिकरण वाणी रंजन अग्रवाल, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय रीता कौशिक, सिटी मजिस्ट्रेट जल राजन चौधरी, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) शैलेन्द्र सिंह, प्रभारी सचिव/सिविल जज सी.डि. ज्योति अग्रवाल, अपर जिला विद्यालय निरीक्षक रमेश चन्द्र यादव, बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल, जिला सूचना अधिकारी सुश्री मनोकामना राय सहित तमाम न्यायिक प्रतिष्ठान के सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे। प्रभारी सचिव/सिविल जज सी.डि. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ज्योति अग्रवाल ने बताया कि 2 अक्टूबर से सम्पूर्ण जिले में विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता अभियान के रूप में



साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। सम्पूर्ण जनपद व तहसील स्तर व ब्लाक स्तर पर प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों द्वारा जनपद के आमजन के मध्य स्वच्छता के महत्व का प्रचार-प्रसार करने हेतु एवं जागरूकता हेतु प्रभातफेरी एवं रैलियां निकाली गई तथा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर मध्यस्थ संजय उपाध्याय, पैनल अधिवक्ता देवेन्द्र यादव, पीएलवीगण, कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे। समारोह में उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता शपथ दिलायी गयी।

# मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि समाजवादी कुटिया के बच्चों ने धूमधाम से मनाई

### *नेता जी के सेवा भाव से प्रेरित होकर कुटिया का संचालन शुरू किया : ऋषि यादव*

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

धमार्पुर, जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गांव स्थित समाजवादी कुटिया में मंगलवार को पूर्व रक्षा मंत्री भारत सरकार व पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार नेता जी मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर उपस्थित बच्चों संग कुटिया के संचालक ऋषि यादव ने नेता जी के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित किया। साथ ही बच्चों ने नेता जी को सरकार से भारत रत्न प्रदान करने एवं उनके जीवन परिचय को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग किया। कुटिया के संस्थापक ऋषि यादव ने कहा कि आपने जीवन पर्यंत वंचित समाज को मुख्य धारा से जोड़ने का निरन्तर प्रयास किया। उसी सेवा भाव से प्रेरित होकर हमने भी 4 अप्रैल 2020 को समाजवादी कुटिया की स्थापना की। शिक्षा के साथ पोषण का विशेष ध्यान रखते हुए बच्चों को प्रतिदिन फल, दूध, बिस्कुट वितरण किया जाता है। इसके अलावा सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आशीर्वाद से एक दिव्यांग परिवार तथा एक पहलवान को गोद लिया हूं। आप सशरीर हम लोगों के बीच उपस्थित नहीं है परंतु आपके विचार हम सभी



समाजवादीयों को प्रेरित करते रहेंगे। आपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत से ही गरीब, वंचित, शोषित, दलित, पिछड़ा व अल्पसंख्यक समाज को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए न सिर्फ आवाज उठाया, बल्कि सत्ता में रहने के दौरान तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं से उन्हें लाभान्वित किया। श्री यादव ने बताया कि नेता जी हमेशा पढ़ाई, दवाई और सिंचाई मुफ्त हो, इस बात की वकालत करते थे। आप कहते थे कि जब समान शिक्षा सभी को उपलब्ध होगी तो समाज में गैरबराबरी समाप्त होगी। समाजवादी कुटिया भी आपके नैतिक मूल्यों से प्रेरित होकर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आशीर्वाद से शिक्षा के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े बच्चों के उज्जवल भविष्य हेतु प्रयासरत है। आज समाजवादी कुटिया बच्चों को ड्रेस वितरित किया गया। नेता जी की स्मृतियों को जीवंत रखने के लिए समाजवादी कुटिया में पुस्तकालय की स्थापना एवं चित्रों की प्रदर्शनी आयोजित की गयी। इस अवसर पर कुटिया के शिक्षक श्री चंद्र यादव, उमाशंकर यादव, राकेश जी, सुरेश जी, विवेक जी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे के लिए करीमुद्दीन पुर में निर्माण एजेंसी ने लगाया हाट मिक्स प्लांट

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद तहसील के करीमुद्दीन पुर रेलवे स्टेशन मोड़ के पास मुहम्मदाबाद चितबड़ागांव मार्ग से सटे निर्माण एजेंसी ने अपना प्लांट बैठा लिया है। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे और गोरखपुर वाराणसी के साथ ही बलिया एवं बक्सर बिहार को जोड़ने वाले ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे के निर्माण के लिए क्षेत्र में कंपनीयो ने अपने अपने हाट मिक्स प्लांट को स्थापित करने का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया है। प्लांट स्थापित एवं कार्यालय सेट अप के बाद इसी अक्टूबर या नवम्बर माह में निर्माण कार्य भी शुरू हो जायेगा। गाजीपुर से बलिया तक इस एक्सप्रेस वे के निर्माण में कुल चार कंपनियों रवि इंफ्रा प्रा, लि,अशोका इंफ्रा प्रा,लि,बी सी पी इंफ्रा प्रा,लि,एवं एन के सी इंफ्रा प्रा 0लिमिटेड को जिम्मेदारी दी गई है।दो फेज में बनने वाले इस ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे से एक तरफ बिहार का बक्सर व दूसरी तरफ से बलिया जनपद व छपरा जुड़ेगा।

**60 मीटर चौड़ा बनेगा एक्सप्रेस वे**

वाराणसी गोरखपुर फोरलेन के गाजीपुर के जंगीपुर के मानपुर से ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे आपस में जुड़ेंगे। 134,39 किलो मीटर लंबी ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे परियोजना 2726,27 करोड़ रुपए की लागत से 60 मीटर की चौड़ाई में दो वर्ष में बन कर तैयार होना है ।इस के निर्माण के लिए कंपनियों ने करीमुद्दीन पुर



एवं पतार में अपना आफिस एवं हाट मिक्स प्लांट लगा दिया है। कंपनी के अधिकारियों का मानना है कि बारिश बंद होते ही दशहरा के बाद या दीपावली के लगभग निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा। परियोजना के पी डी एस पी पाठक ने भी कहा की बरसात के चलते अभी काम में गति नहीं है। बरसात बाद कार्य तेजी से प्रारंभ कर दिया जाएगा। करीमुद्दीन स्थित प्लांट के पास पीलर के निर्माण का कार्य प्रारंभ है। करीमुद्दीन में प्लांट स्थापित होने से यहां पर दिन भर भारी मशीनों एवं ट्रक से गिट्टी के आने का कार्य जारी है। गौशाला से पश्चिम दिशा में गिट्टी का स्टोर किया जा रहा है ।करीमुद्दीन पुर विद्युत उपकेन्द्र को कुंडेशर से आने वाले तैंतीस हजार के एवं करीमुद्दीन पुर फीडर से ग्यारह हजार के सप्लाई के लिए गये बिजली के तार को अंडर ग्राउंड करने के लिए सडक के दक्षिण गौशाला के पास एक्सप्रेस वे के दोनों तरफ डबल डबल चार चार पोल लग गये हैं।

# जिला पंचायत अध्यक्ष, डीएम-एसपी द्वारा संयुक्त रूप से जिला अस्पताल में आयोजित मानसिक स्वास्थ्य कैम्प का फीता काटकर उदघाटन,127 मरीजों का किया गया परीक्षण कर सलाह दी गई


उरई(जालौन)। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ० घनश्याम अनुरागी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक ईराज राजा ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत "World Mental Health Day का आयोजन थीम "Mental Health is a Universal Human Right"के उपलक्ष्य में जिला पुरुष चिकित्सालय उरई में कैम्प के आयोजन का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने लोगों को आज कल के वातावरण में स्वस्थ्य रहने हेतु जीवन शैली में सुधार करना, धूम्रपान / तम्बाकू / एल्कोहल का सेवन न करना, खान-पान सही रखना, मानसिक तनाव न लेना एवं सुबह कम से कम आधा घंटा टहलना आदि की सलाह दी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि परिवार में सभी को मिलकर रहना चाहिए। आजकल मानसिक तनाव के कारण आत्महत्या के बहुत से केस आते है। परिवार में वाद-विवाद की स्थिति होने पर आपस में बात करना चाहिए जिससे मानसिक अवसाद की स्थिति उत्पन्न न हो जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में भी मानसिक रोग से ग्रसित किसी भी व्यक्ति को नजदीकी चिकित्सालय या जिला चिकित्सालय में स्थापित मानसिक स्वास्थ्य क्लीनिक पर लाकर मानसिक रोग विशेषज्ञ को दिखाये किसी भी झाड़-फूंक के चक्कर में न पड़े।

# विश्व डाक दिवस पर प्रधान डाकघर पर दिखा अद्भुत दीपावली सा नजारा-अलौकिक सजावट

### *–राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की तर्ज पर हुई अनोखी सजावट से दिखा दिव्य विहंगम नजारा*

**संतोष कुमार सिंह समाज जागरण बलिया**

बलिया : राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पर शासन के निर्देश पर सभी सरकारी भवनों को सजाया तो जाता है पर विश्व डाक दिवस पर सोमवार की शाम प्रधान डाकघर की अद्भुत सजावट हुई। डाकघर को देखने मात्र से लोगों को लगा कि दीपावली आज ही है। दिव्य झालरों से विद्युत सजावट और डाकघर का नजारा देखने लायक रहा। डाक अधीक्षक हेमंत कुमार और उनकी टीम ने विश्व डाक दिवस को उत्सव की तर्ज पर मनाया। शाम होते ही जब डाकघर झालरों की चमक बिखेरने लगा तो लोगों को लगा शायद यहां कोई उत्सव आयोजन है। जब लोगों को पता चला कि



आज विश्व डाक दिवस पर डाकघर को सजाया गया है तो लोगों ने डाक अधीक्षक को साधुवाद दिया। प्रधान डाकघर का नजारा देखने योग्य था। डाकघर प्रत्येक आने जाने वाले को अपनी ओर आकर्षित कर रहा था। डाक विभाग देश के सबसे पुराने विभागों में से एक है जो कि देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पूरे विश्व में नौ अक्टूबर को 'अंतर्राष्ट्रीय डाक दिवस' मनाया जाता है। इस बार इसकी थीम 'टूगेदर फॉर ट्रस्ट' है। 'डाकिया डाक लाया' से 'डाकिया बैंक लाया' तक के सफर में डाक सेवाओं ने तमाम नए आयाम रचे हैं। तमाम ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण घटनाक्रमों का डाक विभाग गवाह रहा है। देश की सीमाओं से परे अन्य देशों तक पहुँचने में भी हमारी मदद करता है। इसी कारण विश्व डाक दिवस भव्यता से मनाया जाता है।

# सत्यदेव कालेज परिसर में ला कालेज के तीसरे तल का निर्माण कार्य सम्पन्न

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के सत्यदेव ग्रुप्स आफ कालेजेज गाधिपुरम बोरसिया गाजीपुर के ला कालेज के तृतीय तल के छत के ढलैया का कार्य ब्रह्म बाबा एवं सैयद बाबा के पूजनोपरांत काउंसलर दिग्विजय उपाध्याय के उपस्थिति में सम्पन्न किया गया।

श्याम देव ठीकेदार के नेतृत्व में सत्यदेव ला कालेज के तीसरे तल की ढलाई का कार्य इंजिनियर अनुप कुमार विन्द,दीपक कुमार विन्द,अच्छेलाल, मिस्त्री



गामा राम, अर्जून, कन्हैया,अंगद, मकबूल अहमद,भरत, अंजनी, गुड्डू।लेवर,राजू, देवराज , अर्जुन,रमेश, सन्तोष, संजय,निजाम,राजाराम, चैंपियन, विमलेश, सतीश,जयनाथ,जयराम,रामजीत, पिंटू,गोलू,राधे,मशीन आपरेटर जोखन,के द्वारा सम्पन्न किया गया।इस मौके पर गार्ड संतोष कुमार,गार्ड सुरेश,स्वदेश नारायण,दिनेश सिंह,शकील अहमद,राम कुमार, अशोक समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।दिन भर कालेज परिसर में स्थित निर्माण स्थल पर काफी गहमागहमी रही।सभी के जलपान एवं भोजन की भी बहुत सुंदर ब्यवस्था की गई थी।

# जिला सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 दिसम्बर को होगा : प्रभारी सचिव/ न्यायाधिकारी

उरई(जालौन)।प्रभारी सचिव/न्यायाधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजीव सरन ने बताया कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 9 दिसम्बर 2023 शनिवार को प्रातः 10 बजे से जनपद की समस्त दीवानी न्यायालयों में किया जायेगा। जनपद न्यायाधीश श्री लल्लू सिंह के दिशा-निर्देशन में इस राष्ट्रीय लोकअदालत में दीवानी, राजस्व, मोटर वाहन दुर्घटना और पारिवारिक, वैवाहिक/दाम्पत्य विवाद से संबंधित वादों/मुकदमा, श्रम वाद, विद्युत एवं जल के बिल से




सम्बन्धित शमनीय दण्ड वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, लघु एवं शमनीय आपराधिक वाद और धारा 138 एन0आई0एक्ट के अन्तर्गत चैक बाउन्स के मामले नियत किये जायेंगे। इनका निस्तारण परस्पर सुलह-समझौते अथवा जुर्म स्वीकारोक्ति के आधार पर किया जायेगा। प्री-लिटिगेशन स्कीम के अन्तर्गत मोबाइल/टेलीफोन के बकाया बिल और विभिन्न बैंकों के ऐसे बकायेदारों के मामले भी नियत किये जायेंगे, जिन्होंने कई वर्षो के बाद भी बकाया बिल या बैंक ऋण जमा नहीं किया है। ऐसे बकायेदारों को इस अवसर का लाभ अवश्य उठाना चाहिए और इस राष्ट्रीय लोकअदालत में उपस्थित होना चाहिए, जिसका आयोजन सभी के हितों को ध्यान में रखकर किया जा रहा ।यातायात सम्बन्धी चालानों को वेबसाइट Vcourts. Gov.in के द्वारा ई-पेमेन्ट के माध्यम से भुगतान कर घर बैठे ही निस्तारण करा सकते हैं। समस्त वादकारियों से अपील की जाती है कि लम्बित दीवानी, राजस्व, मोटर वाहन दुर्घटना और पारिवारिक, वैवाहिक/दाम्पत्य विवाद से संबंधित वादों/मुकदमों में सुलह-समझौता करने के इच्छुक व्यक्ति/संबंधित पक्ष समय पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठायें। इसमें किसी प्रकार की समस्या होने पर वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

# खंड शिक्षा अधिकारी जालौन ने दो विद्यालय का औचक निरीक्षण कर शिक्षण कार्य को परखा

जालौन। शिक्षकों द्वारा सोमवार को आकस्मिक अवकाश लेकर धरना प्रदर्शन के लिए लखनऊ गए शिक्षकों द्वारा मंगलवार को अपने-अपने विद्यालयों में शिक्षण कार्य किए जाने का खंड शिक्षा अधिकारी ने दो विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण। निरीक्षण में शिक्षक कार्यों की गुणवत्ता के लिए दिए दिशा निर्देश । खंड शिक्षा अधिकारी शैलजा व्यास ने जानकारी देते हुए बताया कि महानिदेशक के निर्देशन पर मंगलवार को शिक्षकों की शिक्षण कार्य का निरीक्षण किया गया उन्होंने बताया कि



सोमवार को धरना प्रदर्शन पर लखनऊ गए शिक्षकों के द्वारा मंगलवार को शिक्षण कार्य किया जा रहा है आज की आकस्मिक अवकाश पर हैं महानिदेशक के निर्देश पर कंपोजिट विद्यालय प्रतापपुर तथा भिटारा का औचक निरीक्षण किया जिसमें सभी मौजूद मिले, लेकिन शिक्षण कार्य में और भी सुधार लाए जाने के लिए दिशा निर्देश दिए गए।

# टिकट मांगते मांगते विधायक प्रत्याशी की चाहत में कई नेता बूढ़े हो गए पर भोजपुर विधानसभा क्षेत्र से नहीं मिला टिकट

## *स्थानीय प्रत्याशी हुए सक्रिय, भोजपुर क्षेत्र से पटवा का टिकट अधर में, क्षेत्र में चल रही बदलाव की बहार*

**सीएल गौर, संभागीय ब्यूरो, राष्ट्रीय समाज जागरण की विशेष रिपोर्ट,,,,**

भोपाल/ रायसेन। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही आगामी 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा पार्टी हाई कमान द्वारा सांची सिलवानी एवं उदयपुरा सीट पर अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं परंतु भोजपुर विधानसभा क्षेत्र से अभी तक किसी के नाम की घोषणा नहीं हो पाई है वर्तमान विधायक सुरेंद्र पटवा टिकट को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं क्योंकि उनकी पार्टी के ही अनेक नेताओं ने विरोध करना शुरू कर दिया है । वैसे भी देखा जाए तो जब-जब भी मध्य प्रदेश में विधानसभा के चुनाव हुए हैं तब भोजपुर विधानसभा क्षेत्र हमेशा चचाओं में रहा है इस बार भी क्षेत्र की चर्चा हो रही है वहीं सबसे बड़ी बात इस क्षेत्र में है देखने में आ रही है कि इस क्षेत्र के कई वरिष्ठ भाजपा नेता पार्टी का काम करते-करते और टिकट मांगते मांगते बूढ़े हो गए हैं परंतु पार्टी ने उन्हें अभी तक टिकट नहीं दिया है, इस बार ऐसे आधा दर्जन नेता टिकट की आस में एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। भोजपुर विधानसभा क्षेत्र में इस समय जिन नेताओं की चर्चा है उनमें प्रमुख रूप से पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता जोधा सिंह अटवाल, विपिन भार्गव, कृष्ण गोपाल पाठक, राजेंद्र अग्रवाल, श्रीमती सुधा बेध चौरसिया आदि कई नेता भोजपुर क्षेत्र से टिकट पाने के लिए पु-रजोर कोशिश कर रहे हैं, देखना अब यह है कि भाजपा द्वारा आगामी समय में जारी की जाने वाली पांचवी सूची में इस भोजपुर क्षेत्र से किस नेता को टिकट मिलेगा यह बात अभी भाजपा हाई कमान के पाले में है। पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा का भोजपुर क्षेत्र अब बदला बदला नजर आ रहा है और राजनीतिक परिदृश्य भी पहले से वर्तमान में काफी कुछ बदल गया है वर्तमान में उनके भतीजे सुरेंद्र पटवा यहां से विधायक हैं उनका इस बार क्षेत्र में विरोध हो रहा है क्षेत्र की आम जनता में भी इस बात की चचाएं सुने दे रही है। वहीं दूसरी और भोजपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी की ओर से जो नेता टिकट पाने के लिए सक्रिय हैं उनमें प्रमुख रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बद्री सिंह चौहान, राजेश पटेल, बद्री पाल एवं युद्ध वीर सिंह पटेल इस क्षेत्र से कांग्रेस का टिकट मांग रहे हैं अब देखना है कि कांग्रेस की पार्टी की नवरात्र में जारी होने वाली सूची में किस नेता का नाम आता है यह तो तभी पता चलेगा परंतु इस क्षेत्र से पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल भारी पड़ रहे हैं। भोजपुर क्षेत्र इस समय भाजपा पार्टी का गढ़ बन चुका है यहां कांग्रेस कमजोर साबित हो रही है सुरेश पचौरी, अजय सिंह राहुल भैया जैसे बड़े नेता भी क्षेत्र से चुनाव हार चुके है। कांग्रेस पार्टी इस बार किस नेता को यहां से टिकट देती है यह तो सूची जारी होने के बाद ही पता चलेगा परंतु कांग्रेस पार्टी हाई कमान भोजपुर क्षेत्र के लिए कोई वजनदार नेता को ही टिकट देगी इस बात की प्रबल संभावनाएं देखने में आ रही है।

**भोजपुर विधानसभा क्षेत्र का इतिहास एक नजर में,,,,**

राजधानी भोपाल से लगा हुआ भोजपुर विधानसभा क्षेत्र का इतिहास निराला है प्राचीन कालीन एशिया





का सबसे बड़ा शिवलिंग भोजपुर मंदिर जो कि विश्व विख्यात है इसके अलावा इस क्षेत्र में मां कंकाली देवी का विश्व प्रसिद्ध मंदिर है, इसके अलावा यह क्षेत्र गोंडवाना का इतिहास भी संजोए हुए हैं यहां पर वर्ण बांध तथा सिघोरी वन अभ्यारण एवं राता पानी वन अभ्यारण टाइगर रिजर्व के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए हैं, इसके अलावा मंडीदीप औद्योगिक क्षेत्र संपूर्ण भारत की सामाजिक एवं सांस्कृतिक पहचान के दिग्दर्शन करता नजर आता है। यहां का हरा भरा वन परिक्षेत्र एवं विंध्याचल की पर्वतमालाओं के बीच वनवासी संस्कृति को समेटे हुए हैं यहां की बासमती धान पूरे विश्व में भोजपुर की पहचान रखती है इसके अलावा राजनीतिक महत्व को दशार्ता है कभी यहां गोंड राजाओं का राज रहा तो कभी भोपाल के नवाब ने शासन किया जब देश 1947 में आजाद हुआ लेकिन यह क्षेत्र भोपाल स्टेट के साथ बिलीनीकरण आंदोलन के बाद 1949 में तिरंगा फहरा सका। सभी राजनीतिक दलों ने अपना दम दिखाया जिसके तहत 1972 में कांग्रेस के गुलाबचंद तनोट, 1977 में परमचंद जैन जनता पार्टी से, 1980 में शालिग्राम श्रीवास्तव भारतीय जनता पार्टी से, 1985 में पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवार क्षेत्र से चुनाव लड़ते रहे 2003 में कांग्रेस पार्टी के राजेश पटेल यहां से विधायक चुने गए, वर्ष 2008 में यहां से अभी तक पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा के भतीजे सुरेंद्र पटवा लगातार यहां से विधायक हैं इसके अलावा एक बार उपचुनाव हुए जिसमें रामकिशन चौहान एवं नरेश पटेल सनखेड़ा इस क्षेत्र से विधायक चुने जा चुके हैं। इस तरह से भोजपुर विधानसभा क्षेत्र का अभी तक का इतिहास है परंतु पहले की स्थिति और वर्तमान स्थिति में जमीन आसमान का अंतर देखने में आ रहा है, अब क्षेत्र की जनता भी बदलाव चाह रही है कब तक एक ही प्रत्याशी को आम जनता झेलते रहेगी अब परिवर्तन की लहर भोजपुर विधानसभा क्षेत्र में तेजी के साथ चल रही है, देखना अब है कि भारतीय जनता पार्टी की पांचवी सूची में भोजपुर क्षेत्र से किस नेता को भाजपा का अधिकृत प्रत्याशी बनाया जाएगा इसका निर्णय भाजपा हाई कमान ही करेगी। वैसे भी देखा जाए तो बदलाव प्रकृति का नियम है क्षेत्र में बदल होते रहना चाहिए और राजनीतिक दलों को परिवर्तन भी करते रहना चाहिए इस बात की चर्चा आम जनता के बीच भी सुनाई दे रही है लेकिन आम जनता की आवाज को राजनीतिक दल कब तक पहचान पाएंगे यह उनके ऊपर निर्भर है।

# विधानसभा आम निर्वाचन,जिले में मप्र कोलाहल नियंत्रण अधिनियम अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

रायसेन। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन-2023 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार 17 नवम्बर को मतदान होगा तथा 03 दिसम्बर को मतगणना की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे ने विधानसभा आम निर्वाचन-2023 को दृष्टिगत रखते हुए निर्वाचन प्रचार-प्रसार कार्य में लाउडस्पीकर के अनियंत्रित उपयोग से होने वाली जन परेशानी, ध्वनि प्रदूषण तथा शांति व्यवस्था के हित में मप्र कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 18 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक विहित प्राधिकारी की लिखित अनुज्ञा के बिना जिले में ध्वनि विस्तारण यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अधिनियम अंतर्गत रायसेन जिले की चारों विधानसभाओं के लिए संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी को प्राधिकृत अधिकारी घोषित किया गया है। विहित प्राधिकारी ऐसे समस्त मामलों में जिनमें ध्वनि विस्तारक यंत्र चलाने की अनुज्ञा दी गई है, ध्वनि विस्तारक चलाए जाने की अवधि एक दिन में 06 घण्टे से अधिक नहीं होगी, विनियमित कर सकेंगे। ध्वनि विस्तारक का उपयोग किसी चिकित्सालय, नर्सिंग होम, दूरभाष केन्द्र, न्यायालय, शिक्षण संस्था तथा उनके छात्रावास, सरकारी कार्यालय, स्थानीय प्राधिकरण के कार्यालय तथा बैंक से 200 मीटर के भीतर नहीं किया जाएगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के निर्धारित दूरी से परे चलाए जाने पर वाल्यूम इस प्रकार विनियमित किया जाए कि उपर्युक्त संस्थाओं को कोई विध्न ना पहुंचे या न्यूसेंस कारित ना हो। विहित प्राधिकारी अनुज्ञा या तो साधारणतया किसी विनिर्दिष्ट कालावधि के लिए या किसी प्रयोजन के लिए दे सकेगा। आमसभा, जुलूस एवं प्रचार कार्य के लिए लाउडस्पीकर/ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग की अनुमति नगरीय क्षेत्रों में प्रातः 06 बजे से रात्रि 10 बजे के मध्य अधिकतम 06 घण्टे के लिए दी जाएगी। ट्रक, जीप, टेम्पों, आटो, रिक्शा, तांगा आदि वानों से चुनाव प्रचार-प्रसार की अनुमति आवेदन करने पर ही जा सकेगी तथा ध्वनि विस्तारक यंत्र के रूप में डीजे का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। आवेदन पत्र में वाहन के पंजीयन क्रमांक का उल्लेख करना अनिवार्य है। बिना अनुमति के लाउडस्पीकर/ध्वनि विस्तारक यंत्र द्वारा प्रसारण, प्रचार-प्रसार करने पर या अनुमति के निर्दिष्ट अवधि के पश्चात लाउडस्पीकर या संबंधित उपकरण के उपयोग की दशा में जप्त कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से रायसेन जिले की सम्पूर्ण राजस्व सीमा में प्रभावशील होगा

# पुलिस कंट्रोल रूम में शांति समिति की बैठक,

## *श्री दुर्गा उत्सव व आचार संहिता पालन को लेकर हुई चर्चा*

रायसेन। पुलिस कंट्रोल रूम में मंगलवार शाम 5 बजे शांति समिति की बैठक आयोजित की जिसमें मुख्य रूप से एसडीएम मुकेश कुमार एसडीओपी मोहन सारवान, थाना प्रभारी मनोज सिंह सहित श्री हिंदू उत्सव समिति के पदाधिकारी शहर के गणमान्य नागरिक ग्रुप एडमिन झांकी समिति सदस्य डीजे संचालक सहित अन्य लोक मौजूद थे। बैठक में आगामी दुर्गा उत्सव और विधानसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता का पालन करने के विषय पर चर्चा हुई जिसमें एसडीएम मुकेश सिंह ने बताया की दुर्गा उत्सव धूमधाम से मानना है, पर सभी को आचार संहिता के नियमों का पालन भी करना है। श्री हिंदू उत्सव समिति के पदाधिकारी से शहर में लगने वाली सभी झांकियां की सूची बनाकर प्रश-ासन को सौंपने को कहा वही उपस्थित जनों से श्री दुर्गा उत्सव पर की जाने वाली व्यवस्थाओं के विषय में चर्चा की जिस पर उपस्थित श्री हिंदू उत्सव समिति और गणमान्य नागरिकों द्वारा बताया गया कि दशहरे पर्व पर निकलने वाले चल समारोह के लिए दशहरे मैदान से सांची रोड तक लाइट की



व्यवस्था की जाए साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखा जाए पुराने शहर में जो रोड पर वाहन खड़े हैं। उनको हटाया जाए। इस पर एसडीएम ने बिजली विभाग और नगर पालिका के कर्मचारियों को व्यवस्था दुरुस्त करने दिशा निर्देश दिए। विधानसभा चुनाव को लेकर लगी आचार संहिता का पालन करने और त्योहार शांति और सौहार्द से मनाने की अपील भी की है।अधिकारियों ने कहा कि सभी लोग आदर्श आचार संहिता का पालन करें साथ ही कोई भी ऐसी सामग्री जो किसी पार्टी या दलों से संबंधित को सोशल मीडिया व्हाट्सएप ग्रुपों पर शेयर ना करें। एसडीओपी मोहन सारवान ने कहा कि झांकी में पुलिस की व्यवस्था तो की जाएगी साथ में समिति के सदस्य भी झांकियां में रात के समय जरूर रुके, इसके अलावा कई अन्य विषयों पर शांति समिति की बैठक में चर्चा की गई।

# साल्हेवाडा में सूने मकान के अंदर फांसी पर लटका मिला युवक,जाँच में जुटी पुलिस

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बिरसा।( 11अक्टूबर )बिरसा थाना अंतर्गत साल्हेवाडा ( मानेगांव ) निवासी अमृत लाल पिता मायाराम शिवहरे जाति मरार उम्र 35 वर्ष ने अपने ही घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया, जिसकी जाँच बिरसा पुलिस थाना में पदस्थ सहा.उपनिरीक्षक फूलचंद गजभिये कर रहें हैं। मृतक के चचेरे भाई संतलाल शिवहरे से मिली जानकारी अनुसार मृतक अमृत लाल विगत 5-6 वर्षो से अपने मकान में अकेले रहता था जो शराब पीकर विक्षिप्त जैसा व्यवहार करता था। संतलाल ने बताया कि मृतक की शादी 10 वर्ष पहले छत्तीसगढ़ के बरबसपुर निवासी ललता बाई से हुई थी जिससे एक पुत्री का जन्म हुआ था जिसकी कुछ वर्ष बाद मौत हो गयी।4-5 साल ललता बाई मृतक के साथ रही लेकिन इसी बीच वह अपने मायके चली गयी जहाँ से वह वापस नहीं आयी।इस बीच मृतक के पिता की भी मौत हो गयी और मां तीर्थ यात्रा पर गयी जहाँ से वह भी वापस नहीं आयी। इसके बाद से मृतक अकेले अपने घर में रह रहा था जो कभी कभी मेरे यहां खाना खा लेता था और कभी अपने घर में ही बनाकर खाता था।शनिवार को मृतक अमृत लाल मेरे घर आकर खाना खाने के बाद अपने घर सोने चला गया जिसके बाद हमारी मुलाकात नहीं हो पायी।

**पडोसी महिला ने मकान से बदबू आने की दी सूचना**

मृतक के भाई संतलाल ने बताया कि सोमवार को पड़ोस में रहने वाली सरला बाई ने बताया कि तुम्हारे चचेरे भाई के मकान से बदबू आ रही हैं और मकान में मक्खीयां भन भना रही हैं जिसे सुनकर मैंने इसकी सूचना ग्राम सरपंच एवं कोटवार को दिया, जिसके बाद उक्त लोगों के साथ मृतक के घर जाकर देखा तो मकान का दरवाजा अंदर से बंद था जिसे खोल कर जब हम सभी अंदर गए तो अंदर का नजारा देखकर सभी सहम गए क्यों कि मेरा चचेरा भाई अमृत लाल फांसी पर झूल रहा था जिसकी मौत हो चुकी थी, जिसकी सूचना पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंची बिरसा पुलिस के सहा. उपनिरीक्षक फूलचंद गजभिये,प्रधान आरक्षक भारत सिंह परते ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मामले की विवेचना सहा. उपनिरीक्षक फूलचंद गजभिये कर रहें हैं।

# ऑटो बाइक की टक्कर में बाइक सवार हुआ घायल, गंभीर हालत होने पर मेडिकल कालेज रेफर

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 11अक्टूबर )जिले के कटंगी में बाइक और ऑटो के टक्कर में खमरिया निवासी 22 वर्षीय युवक संजय पिता प्रेमलाल आतरे गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज हेतु कटंगी अस्पताल लाया गया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।गंभीर हालत को देखते हुए जिला चिकित्सालय के चिकित्सक ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। जानकारी अनुसार संजय किसी कार्य से अपने ग्राम खमरिया से कटंगी बाजार के तरफ जा रहा था कि विपरीत दिशा से आ रहा ऑटो के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दिया जिसमे बाइक सवार संजय गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे जिला चिकित्सालय में इलाज करने के बाद कोई सुधार नहीं होता देख चिकित्सक ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

# तनाव किसी भी समस्या का हल नहीं बल्कि अनेक समस्याओं का जन्मदाता,,,,ब्रह्माकुमारी

रायसेन। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय मंसापूर्ण हनुमान मंदिर के पास स्थित सेवा केंद्र में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भागदौड़ भरी वर्तमान जीवन शैली में सबसे बड़ी और लगातार बढ़ती हुई समस्या है मानसिक तनाव हर किसी के जीवन में स्थाई रूप से अपने पैर पसार चुका तनाव व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को बुरी तरह से प्रभावित कर रहा है यही कारण है कि इससे बचने के लिए और मानसिक शांति प्राप्त करने के लिए योग, ध्यान, अध्यात्म और कई तरह के अलग-अलग तरीकों को लोग अपने जीवन में उतार रहे हैं लेकिन व्यक्ति को यह बात याद रखनी चाहिए कि तनाव किसी भी समस्या का हल नहीं होता बल्कि कई अन्य समस्याओं का जन्मदाता होता है। उदाहरण के लिए तनाव आपको अत्यधिक सिर-दर्द, माइग्रेन, उच्च निम्न रक्तचाप, हृदय से जुड़ी समस्याओं से ग्रस्त करता है। दुनिया में सबसे अधिक हार्ट अटैक का मुख्य कारण मानसिक तनाव होता है यह आपका स्वभाव चिड़चिड़ा कर आपकी खुशी और मुस्कान को भी चुरा लेता है। जबकि एक छोटा बच्चा दिन में तीन सौ बार मुस्कुराता है और एक व्यस्त व्यक्ति दिन



में तीन बार भी नहीं मुस्कुराता, तो आप आज यह संकल्प लें कि किसी भी समस्या में अत्यधिक तनाव नहीं लेंगे क्योंकि यह कई तरह की शारीरिक समस्याओं को भी जन्म दे सकता है। आखिरकार तनाव लेने से समस्याएं सुलझाने की बजाय और जटिल हो जाती हैं तो बेहतर यही है कि उन्हें शांति से समझते हुए हल किया जाए। समस्याओं में मुस्कुराना क्यों भूला जाए इसलिए हंसते रहिए, मुस्कुराते रहिए, चिंता को दूर भगाते रहिए। साथ में ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने अपनी बात रखते हुए कहा कि मनोवैज्ञानिकों के रिसर्च में पता चला है कि व्यक्ति अस्सी प्रतिशत पास्ट की सोचता है, पन्द्रह प्रतिशत फ्यूचर की सोचता है और पांच प्रतिशत वर्तमान की सोचता है लेकिन सच यह है कि जो व्यक्ति वर्तमान में जीता वही खुश रह सकता है, तनाव मुक्त रह सकता है। इसलिए हमें बीती को बिंदी लगाकर वर्तमान में जीना सीखना चाहिए। ब्रह्माकुमारी द्वारा तनाव प्रबंधन पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं तनाव से मुक्त रहने के लिए मेडिटेशन का अभ्यास बहुत मदद करता है जो आपको ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पर निशुल्क सिखाया जाता है। अंत में सभी को मीठी टोली (प्रसाद) दिया गया। अधिक संख्या में भाई बहनों ने कार्यक्रम का लाभ लिया।

# विधानसभा आम निर्वाचन-2023

## *आर्म्स एक्ट 1959 के तहत शस्त्र लायसेंसधारियों के शस्त्र लायसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित*

**रायसेन, 10 अक्टूबर 2023**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। विधानसभा आम निर्वाचन को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने के लिए राजनैतिक दलों, अभ्यार्थियों, शासकीय विभागों के कर्मचारियों पर भी चुनाव आदर्श आचारण संहिता प्रभावशील हो गई है।

विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत कानून एवं व्यवस्था की दृष्टि से निर्वाचन कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अधिकारी श्री अरविंद दुबे द्वारा रायसेन जिले के सभी नगरीय क्षेत्र, ग्रामीण क्षेत्र एवं समस्त थाना क्षेत्रों के तहत उन सभी क्षेत्र की सीमाओं में जहां चुनाव प्रक्रिया में जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आग्नेयास्त्रों के दुरूपयोग को रोकने की दृष्टि से आर्म्स एक्ट 1959 की धारा-17 की उपधारा-3 के अंतर्गत जिले में निवासरत ऐसे लायसेंस धारियों को प्रदाय शस्त्र लायसेंस तत्काल प्रभाव से निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न होने की अवधि तक के लिए निलंबित किए गए हैं। स्क्रीनिंग कमेटी के प्रतिवेदन अनुसार लायसेंसों पर आधारित शस्त्र संबंधित थाने में तत्काल जमा किए जाने के आदेश दिए गए हैं। जिले में कानून व्यवस्था के संधारण, निर्वाचन एवं सुरक्षा प्रक्रिया में संलग्न कर्मचारियों आर्मी, बीएसएफ, एसएएफ, पुलिस, होमगार्ड, केन्द्रीय एवं राज्य के सशस्त्र बल एवं बैंकों की सुरक्षा में संलग्न लाइसेंसधारियों, चुनाव कार्य में संलग्न कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं न्यायिक सेवा के अधिकारीगण इस आदेश से मुक्त रहेंगे। पुलिस अधीक्षक जिला रायसेन के प्रमाणीकरण उपरांत नेशनल रायफल एसोसिएशन के सदस्यों तथा पब्लिक सेक्टर यूनिट में सुरक्षा हेतु तैनात सुरक्षाकर्मी व सुरक्षा प्राप्त प्रतिष्ठित व्यक्तियों को आवश्यक छूट प्रदान की जा सकेगी।

# पैसे देने से इनकार पर कानपुर में जीजा ने की साले की हत्या ,गिरफ्तार

**सुनील बाजपेई**

कानपुर । पैसे का लालच बेहद नजदीकी पारिवारिक संबंधों में भी हत्या जैसी वारदातों को अंजाम दिलवा रहा है। ऐसी एक घटना में पैसे देने से इनकार करने पर एक व्यक्ति ने अपने सगे की ही हत्या कर दी` सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने उसे फरार होने के पहले गिरफ्तार भी कर लिया है` पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कोतवाली शिवली के प्रतापपुर उदैत गांव निवासी राकेश कुमार के यहां उसका साला विश्वनाथ राजपूत (55) निवासी जसवंतपुर मुगरा पांच माह से रह रहा था। पुलिस ने बताया कि कल सोमवार देर रात बहनोई और साले गांव के बाहर मुर्गा फार्म पर लेटे थे। इसी बीच घरेलू कलह और पैसे को लेकर लेकर राकेश और विश्वनाथ में झगड़ा हुआ ,जिस पर राकेश ने फावड़ा से ताबड़तोड़ हमला कर विश्वनाथ की हत्या कर दी। सूचना मिलने पर जब पुलिस मौके पर पहुंची तो हत्यारे ने अज्ञात छह लोगों पर हत्या करने की कहानी बताकर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया।लेकिन उसका यह प्रयास सफल नहीं हुआ और जब पुलिस ने सख्ती की, तो वह टूट गया और सारी सच्चाई बता दी। एएसपी राजेश पांडेय ने बताया की हत्यारोपी बहनोई राकेश कुमार को गिरफ्तार कर आला कत्ल फावड़ा बरामद कर उसे जेल भी भेज दिया गया है।

# स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती भदौरिया ने दिलाई मतदान की शपथ, संकल्प पत्र भी भरवाए

## *स्वीप प्लान के तहत सम्पूर्ण जिले में आयोजित हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम*

**रायसेन, 10 अक्टूबर 2023**

विधानसभा निर्वाचन-2023 में जिले में अधिक से अधिक मतदान हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निर्देशानुसार स्वीप प्लान के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को रायसेन जिले के सभी विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किए गए और विधानसभा निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदान करने के संकल्प पत्र भरवाए गए। रायसेन में स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में जिला स्वीप



नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती भदौरिया ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, युवा मतदाताओं से संवाद करते हुए उन्हें मतदान का महत्व बताते हुए कहा कि लोकतंत्र में एक-एक वोट कीमती होता है। सशक्त लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि सभी मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं स्वविवेक से नैतिक मतदान करें। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, युवा मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई गई और संकल्प पत्र भी भरवाए गए। छात्र-छात्राओं, युवा मतदाताओं के साथ स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती भदौरिया, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ इशरत खान सहित अन्य अधिकारियों द्वारा भी मतदान करने के संकल्प पत्र भरे गए।

# विधानसभा आम निर्वाचन-2023

## *पेड न्यूज की मॉनीटरिंग के लिए जिला स्तरीय मीडिया मॉनीटरिंग सेल स्थापित*

**रायसेन, 10 अक्टूबर 2023**

विधानसभा निर्वाचन-2023 के दौरान इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट और सोशल मीडिया में पेड न्यूज की मॉनिटरिंग के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय, कम्पोजिट भवन में जिला स्तरीय मीडिया मॉनिटरिंग सेल स्थापित किया गया है। जिसमें पेड न्यूज



की मॉनिटरिंग के लिए तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिला जनसम्पर्क अधिकारी एवं नोडल अधिकारी एमसीएमसी अनुभा सिंह ने वीसी कक्ष में आयोजित बैठक में इन कर्मचारियों को मीडिया मॉनीटरिंग सेल तथा सम्पादित किए जाने वाले कार्यो के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। इस मीडिया मॉनीटरिंग सेल में लगातार टेलीविजन, प्रिंट और सोशल मीडिया में प्रकाशित और प्रसारित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों, समाचारों आदि की मॉनिटरिंग की जाएगी। इस सेल के माध्यम से एमसीएमसी समिति द्वारा अभ्यर्थियों से विज्ञापन प्रमाणन के लिए आवेदन पत्र प्राप्त किए जाएंगे तथा समय सीमा में परीक्षण उपरांत विज्ञापन की अनुमति प्रदान करना सुनिश्चित किया जाएगा।

# तीन आदतन अपराधी 06-06 माह के लिए जिलाबदर

**रायसेन, 10 अक्टूबर 2023**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अरविन्द कुमार दुबे द्वारा पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर विभिन्न अपराधों में आरोपी नदीम पिता फरीद वेग निवासी खिरियानारायणदास बेगमगंज थाना बेगमगंज जिला रायसेन को 06 माह के लिए रायसेन जिला तथा रायसेन जिले के सीमावर्ती जिलों की राजस्व की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2018 से लगातार आपराधिक कृत्य में लिप्त है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 12 प्रकरण पंजीबद्ध हैं।

इसी प्रकार विभिन्न अपराधों में आरोपी रोहित राजपूत पिता खुमान सिंह राजपूत निवासी ग्राम मेहरागाव कला बरेली थाना बरेली जिला रायसेन को 06 माह के लिए रायसेन जिला तथा रायसेन जिले के सीमावर्ती जिलों की राजस्व की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2018 से लगातार आपराधिक कृत्य में लिप्त है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 14 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। इनके अतिरिक्त विभिन्न अपराधों में आरोपी ऋषिराज लोधी पिता शंकर सिंह लोधी निवासी भैंसवाई खुर्द थाना बेगमगंज जिला रायसेन को 06 माह के लिए रायसेन जिला तथा रायसेन के सीमावर्ती जिलों की राजस्व की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2010 से लगातार आपराधिक कृत्य में लिप्त है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 17 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी नदीप वेग, आरोपी रोहित राजपूत तथा आरोपी ऋषिराज लोधी को जिलाबदर करने संबंधी पारित आदेश के अनुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, नर्मदापुरम् एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से 06-06 माह के लिए निष्कासित किया गया है।

# मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर सांची स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मनोचिकित्सा शिविर का आयोजन

रायसेन। संगत संस्था रायसेन द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सिविल अस्पताल सांची में एक जागरूकता कार्यक्रम किया गया जिसमें जिला रायसेन से पधारे मनोरोग विशेषज्ञ विवेक यादव जी द्वारा मानसिक स्वास्थ्य को कैसे स्वस्थ्य रखें इस बारे में महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाई साथ ही डिप्रेशन से कैसे बचा जा सकता है और यदि कोई डिप्रेशन से जूझ रहा है तो क्या उपचार ले सकते है इस बारे में विस्तार से बताया इस



अवसर पर ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर श्रीमती स्मृति सिंह ,संगत संस्था के जिला समन्वयक प्रशांत शर्मा,ब्लॉक प्रोग्राम प्रबंधक अंजू बेलवंशी, बी सी एम रघुवीर जाटव, हेप सुपरवाइजर गौरीशंकर द्विवेदी, समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, संगत संस्था से कुमारी प्रज्ञा शर्मा ,कुमारी प्रतीक्षा एवम स्टाफ उपस्थित रहा।

# 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं सृजन सामाजिक विकास न्यास के संयुक्त तत्वाधान में उपकार हॉस्पिटल सुंदरपुर में स्वच्छता अभियान संगोष्ठी रैली

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसीः सृजन सामाजिक विकास न्यास के अध्यक्ष एवं गंगा हरीतिमा अभियान के ब्रांड अम्बेसडर अनिल कुमार सिंह के मिशन एक करोड़ पौध रोपण के तहत एवं श्री सुरेंद्र चौधरी पुलिस उपमहानिरीक्षक रेंज चंदौली एवं अनिल कुमार बृक्ष कमांडेंट 95 बटालियन के दिशा निर्देश में उपकार हॉस्पिटल सुंदरपुर वाराणसी के बच्चों और अध्यापक, अध्यापिका के साथ स्वच्छता अभियान संगोष्ठी एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री दिलीप पटेल भाजपा काशी प्रांत अध्यक्ष थे, विशिष्ट अतिथि अभिषेक कुमार सिंह सहायक कमांडेंट 95 बटालियन एवं श्री डाक्टर एस जे पटेल संस्थापक उपकार हॉस्पिटल ममता पटेल निदेशक उपकार हॉस्पिटल थी। मुख्य अतिथि महोदय ने हरी झंडी दिखाकर एक विशाल रैली को रवाना किए तथा सभी से आग्रह किया कि सभी लोग अपने आसपास के सरकारी संस्थानों,पार्कों को स्वच्छ रखें एवं अपने जन्मदिन शादी के सालगिरह आदि शुभ अवसरों पर एक-एक पौधे भी लगाये।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सृजन संस्था के अध्यक्ष व गंगा हरीतिमा के ब्रांड एंबेसडर श्री अनिल सिंह जी ने की, कार्यक्रम प्रमुख रूप से उपकार हॉस्पिटल के निदेशक, अध्यापक अध्यापिकाएं एवं भारी संख्या में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया व 95 बटालियन सीआरपीएफ के प्रवीण सिंह ने जवानों के साथ पूरे जोश के साथ



कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिए,शत्रुघ्न पटेल भाजपा एवं सृजन सामाजिक विकास न्यास के सदस्य आदि लोगों ने भाग लिया, दिवाकर दुबे नगर निगम की टीम स्वच्छता अभियान में बढ़चढ़ कर भाग लिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गंगा हरीतिमा के ब्रांड एम्बेसेडर श्री अनिल सिंह जी के द्वारा 95 बटालियन सीआरपीएफ के जवानों व उपकार हॉस्पिटल एवं नर्सिंग होम वाराणसी के अध्यापक बच्चों एवं सीआरपीएफ के नौजवानों सृजन सामाजिक विकास न्यास के सदस्यों को जल संरक्षण हेतु एवं स्वच्छता,पौध रोपण, पर्यावरण के लिए शपथ दिलाये

# दुष्कर्म के मामले में दो आरोपितों को मिली जमानत

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी। दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने व तांत्रिक को घर में बुलाकर उससे दुष्कर्म कारवाने के मामले में दो आरोपितों को कोर्ट से राहत मिल गई। प्रभारी जिला जज (देवकांत शुक्ला) की अदालत ने समधाखास, औराई (भदोही) निवासी विजय बिंद व अजय बिंद को एक-एक लाख रुपए की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनुज यादव, अजय पाल व बृजेश सोनकर ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार कपसेठी थाना क्षेत्र निवासिनी वादिनी ने 12 अगस्त 2023 को कपसेठी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि उसकी शादी 21मई 2013 को समधाखास, औराई (भदोही) निवासी संजय बिंद के साथ हुई थी। शादी के बाद जब वह विदा होकर ससुराल गई तो उसके पति, सास अनारा देवी, ससुर, दो जेठ अजय व विजय एवं दो जेठानी दहेज में दो लाख रुपए की मांग को लेकर उसे आए दिन मारते-पीटते व प्रताड़ित करते थे। इस बीच उसके ससुराल वाले वर्ष 2015 में एक तांत्रिक को घर में बुलाकर उसका दुष्कर्म करवाए और धमकी दिए कि किसी से बताया तो जान से मरवा देंगे। इसके बाद 20 मार्च 2022 को ससुराल वालों ने उसे व उसकी 5 वर्षीय पुत्री को मारपीटकर घर से भगा दिया। इस बीच 3 जुलाई 2023 को रिश्तेदारों से वादिनी को पता चला की उसके पति ने संगीता नाम की लड़की से दूसरी शादी कर ली है। इस पर जब वह अपने भाई व भाभी के साथ अपने ससुराल पहुंची तो वह लोग मारपीट पर आमादा हो गए और जान से मारने के लिए दौड़ा लिए। किसी तरह वह लोग जान बचाकर वहां से भागे।

# खबर ग्राम बनकट के ग्रामीणों की जुबानी

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी /चौबेपुर सभा बनकट गांव में जाने वाले रास्ते मे गंदे पानी व



कीचड़ लगा रहता है ग्रामीणों का कहना है। कि हम लोग रोजाना इसी रास्ते से आते- जाते हैं। लेकिन गंदे पानी के कारण उन्हें बड़ी मुश्किल का सामना करना पड़ता है। आपको बता दें कि इसी रास्ते पर प्राइमरी स्कूल भी पड़ता है। जहां पर स्कूल के बच्चों ने बताया कि हम लोग इसी कीचड़ में से रोजाना स्कूल जाते हैं। कभी तो वह बच्चे कीचड़ में गिर जाते हैं। उनका ड्रेस खराब हो जाता है। इसकी वजह से स्कूल जाने से वंचित रह जाते हैं। और गांव वालों ने बताया कि सफाई कर्मी गांव में दिखाई नहीं देते हैं। नाहीं कही सफाई की जाती है। रास्ते पर कीचड़ लगा हुआ है। लेकिन सफाई कर्मी साफ करने नहीं आते हैं। पूर्व प्रधान रामसेवक ने ब्लॉक के द्वारा हर खंबे पर लाइट लगवाया गया था वह लाइट भी लोग उखाड़ कर अपने घर में लगा लिए हैं। ग्रामीणों का सवाल है कि संबंधित विभाग समय-समय पर आकर चेकिंग अभियान करते रहें और अपने कर्मचारियों की कार्यशैली पर गौर फरमाए यह स्थिति जल्द से जल्द सही हो सकती है मगर जिम्मेदार अपने जिम्मेदारी से बेखबर है।

# पुलिस कार्यालय बाबतपुर सभागार कक्ष में 'ऑपरेशन त्रिनेत्र' अभियान के अन्तर्गत गोमती जोन के समस्त थानों पर नामित अधिकारी/कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक

वाराणसीः शासन के मंशानुरूप चलाये जा रहे ह्यऑपरेशन त्रिनेत्रह्न अभियान के अन्तर्गत आज अपर पुलिस उपायुक्त गोमती जोन द्वारा पुलिस कार्यालय बाबतपुर में गोमती जोन के समस्त थानों में नामित उ0नि0/हे0का0/मुन्शियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी। गोष्ठी के दौरान उपस्थित सभी पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों से मुख्य चौराहों/बाजारों/ महत्वपुंर्ण स्थानों पर सुरक्षा के दृष्टिगत ग्राम प्रधान व समाजसेवी संस्थाओं से समन्वय स्थापित करके जनसहयोग के माध्यम से अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरा लगवाये जाने हेतु बताया गया। व्यापारियों/ समाजसेवियों से अपील करे कि वे अपने-2 घरों, कालोनी व व्यवसायिक/ प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवाए और कम से कम एक कैमरे से सड़क पर निगरानी रखें। ग्राम सुरक्षा समिति के बैठक में हर गांव में कम से कम 05-05 सीसीटीवी कैमरे व ग्राम पंचायत के सर्वाजनिक स्थलों/मुख्य मार्गों पर ढ.ळ. सीसीटीवी कैमरा लगवाने हेतु ग्राम प्रधान को प्रोत्साहित करने हेतु निर्देशित किया गया। जिससे की अपराधिक व असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा सके। आपका यह छोटा सा प्रयास कानून व्यवस्था बेहतर करने में बहुत कारगर होगा।

# वायरल फीवर की प्राथमिक जांच व उपचार के लिए हेल्थ एंड वेलनेस पर जोर"

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी। वायरल फीवर के नियंत्रण व रोकथाम के लिए जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग लगातार नजर बनाए रखे हुये है। इस क्रम में स्वास्थ्य विभाग बुखार व जोड़ों के दर्द से ग्रसित मरीजों को सामुदायिक स्तर पर ही जांच व उपचार की सुविधा के साथ ही मरीजों को प्राथमिक स्वास्थ्य के लिए आयुष्मान भारत झ हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर संपर्क करने पर जोर दिया जा रहा है।

इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संदीप चौधरी ने कहा कि जनपद के आठ ब्लॉक के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर 222 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) तैनात हैं जो निरंतर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं समुदाय में लोगों को पहुंचा रहे हैं। वर्तमान में वायरल फीवर का प्रसार तेजी से हो रहा है। इससे बचाव के लिए अब स्वास्थ्य विभाग की सबसे निचली इकाई हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर ही जांच व उपचार की सेवा के लिए जोर दिया जा रहा है। घर के नजदीक बने सेंटर पर बुखार, जोड़ों से दर्द आदि स्वास्थ्य समस्या को लेकर तुरंत वहाँ के सीएचओ से संपर्क किया जा सकता है। उनके द्वारा स्क्रीनिंग व जांच की सुविधा दी जा रही है। इसके साथ ही सेंटर पर टेली कंसल्टेंसी की सुविधा उपलब्ध है। विशेषज्ञ/चिकित्सकों के माध्यम उन्हें परामर्श दिया जा रहा है। गंभीर स्थिति होने पर उच्च इकाईयों के लिए रेफर भी किया जा रहा है।

सीएमओ ने बताया कि अराजीलाइन में 41 सीएचओ, बड़ागांव में 23, पिंडरा में 20, सेवापुरी में 35, चोलापुर में 21, काशी विद्यापीठ में 29, हरहुआ में 29 और चिरईगांव में 24 सीएचओ तैनात हैं। हर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर से औसतन पाँच-पाँच आशा कार्यकताएं भी तैनात हैं जो लगातार बुखार, सर्दी, खांसी आदि संक्रामक रोगों के मरीजों कि पहचान कर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर जांच व उपचार के लिए भेज रही हैं। इसके साथ ही जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान भी संचालित किया जा रहा है जिसमें लोगों को हर सप्ताह पानी के स्रोतों को नष्ट करने की सलाह दी जा रही है। काशी विद्यापीठ ब्लॉक के कोरौता हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की सीएचओ प्रिया मल्ल ने कहा कि सेंटर पर प्रतिदिन औसतन 25 से 30 लोगों की ओपीडी होती है, जिसमें से करीब 10 से 12 लोगों को टेली परामर्श की सेवा भी प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही सेंटर पर आने वाले मरीजों व उनके परिजनों को बचाव के लिए पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें। मच्छर रोधी क्रीम का इस्तेमाल करें। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। हर सप्ताह पानी बदलते रहने के लिए भी सलाह दी जा रही है।

इन्सेट -

सीएचओ की है अहम भूमिका -

सीएमओ ने कहा कि सीएचओ अच्छी सेहत को बढ़ावा देने, जांच से बीमारी का जल्द पता लगाने, निदान और दवाओं की उपलब्धता और निरंतर देखभाल सुनिश्चित करने के लिये टेली-परामर्श का उपयोग करते हुये बुनियादी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में सुधारों का नेतृत्व कर रहे हैं। सीएचओ सभी को निःशुल्क प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन केन्द्रों में प्रोत्साहक, निवारक, और उपचारात्मक स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराई जातीं हैं।

# पूर्व सांसद स्व. कमला प्रसाद सिंह का मनाई गई 89वां जयंती

**समाज जागरण जौनपुर**

बदलापुर थाना क्षेत्र के घनश्यामपुर बाजार में स्थित श्री बजरंग इंटर के संस्थापक व पूर्व सांसद स्व. कमला प्रसाद सिंह की 89वीं जयंती मनाई गई। इस दरम्यान कालेज के स्टाफ ने उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धां सुमन अर्पित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य विनोद तिवारी ने कहा कि कमला प्रसाद सिंह 1985 में जौनपुर सदर लोकसभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर सांसद चुने गए थे। दो बार विधायक और एक बार जिला पंचायत अध्यक्ष रहे। उन्हें जौनपुर के विकास पुरुष के नाम से जाना जाता है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, विश्वनाथ प्रताप सिंह समेत देश के तमाम बड़े नेताओं से उनके करीबी रिश्ते थे।

बदलापुर क्षेत्र के शाहपुर सानी गांव में दस अक्तूबर को जन्मे स्व. कमला प्रसाद सिंह जौनपुर शहर के हुसैनाबाद मोहल्ले में रहते थे। पहली बार वह 1977 में जौनपुर सदर विधानसभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर विधायक चुने गए थे। 1980 में



वह इसी सीट से दोबारा विधायक रहे। 1985 में सदर लोकसभा सीट से चुनकर संसद में पहुंचे। रोजगार परक कताई मिल की नींव उन्होंने ही रखी। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के स्थापना के समय उनका खास योगदान था। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर बड़े बाबू कमला प्रसाद तिवारी, राम सागर सिंह, शशिभूषण मिश्र, मयाशंकर तिवारी, राजेश मिश्र, संजय कुमार तिवारी, अशोक तिवारी, संजय कुमार चतुर्वेदी, शेर बहादुर मौर्य, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, रमाशंकर शुक्ल, अजीत प्रताप सिंह, स्वतन्त्र कुमार शुक्ल, अतुल कुमार, अनिल उपाध्याय, प्रज्ञा मिश्रा, दीपिका पाण्डेय व चन्द्रमा देवी, संतोष कुमार चतुर्वेदी व प्रधान लिपिक सन्तोष कुमार तिवारी आदि सहित छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# "मेरा माटी मेरा देश" के तहत आराजी लाइन ब्लाक पर पहुंची कलश यात्रा का रोहनिया विधायक ने किया भव्य स्वागत

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी : गांव के इस एकत्रित मिट्टी से दिल्ली में शहीद स्मारक व मेहंदीगंज में बनेगी अमृत वाटिका

रोहनिया।आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में "मेरा माटी मेरा देश"



कार्यक्रम के तहत आराजी लाइन ब्लॉक पर मंगलवार को ब्लॉक क्षेत्र के 117 ग्राम पंचायतो से मिट्टी इकट्ठा कर कलश में लेकर अपने-अपने गांवों से ग्राम प्रधान के नेतृत्व में शहीद जवानों के सम्मान में गाजे बाजे के साथ "भारत माता की जय" एवं "वंदे मातरम की नारा" लगाते हुए ब्लॉक मुख्यालय पर पहुंचे। जहां पर सीआईएसएफ के जवानों के साथ मुख्य अतिथि रोहनिया विधायक डॉक्टर सुनील पटेल एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक रोहनिया सुरेंद्र नारायण सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर महेंद्र सिंह पटेल एवं खंड विकास अधिकारी विजय कुमार जायसवाल ने संयुक्त रूप से कलश यात्रा में शामिल लोगों का स्वागत करते हुए कलश रिसीव किया। जिसके दौरान सभी गांव की मिट्टी को एक कलश में एकत्रित किया गया।जिसके बारे में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर महेंद्र सिंह तथा खंड विकास अधिकारी विजय कुमार जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री के सपना को साकार करने के लिए यह मिट्टी देश की शहीदों की याद में 17 अक्टूबर को ब्लॉक मुख्यालय से गाजे बाजे के साथ शहिद उद्यान सिगरा ले जाया जाएगा जहां से लखनऊ होते हुए दिल्ली जाएगा जहां पर शहीद स्मारक बनाया जाएगा।शेष मिट्टी से मेहंदीगंज गांव में अमृत वाटिका बनाया जाएगा। इस अवसर पर सेवापुरी विधायक प्रतिनिधि वंशराज पटेल, प्रधान संघ अध्यक्ष मुकेश पटेल, प्रवीण सिंह गौतम, अजय दुबे,अनिल गुप्ता,संजय यादव, विजय गुप्ता, मनोज कुमार वर्मा,भैयालाल पटेल, श्री प्रकाश यादव, श्याम लाल चौहान, जयश्री यादव, नीरज पांडेय, गुड्डु सिंह ,विजय श्रीवास्तव सहित सैकड़ो ग्रामीण लोग शामिल रहे।

# बाईकों की आमने सामने टक्कर में महिला की गई जान

**समाज जागरण (जौनपुर)**

गुलरा बजरडीहा गांव के एक निजी स्कूल के पास मंगलवार की देर शाम दो बाईकों की हुई आमने सामने टक्कर में महिला की मौत हो गई।जब कि बाइक चला रहे उसके पति को हल्की चोटें आई। मौके पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के बाद पीएम हेतु भेज दिया।

इसी गांव निवासी जमुना निषाद अपनी 43 वर्षीय पत्नी शीला देवी को बाइक से गौसपुर बाजार किसी काम से लिवाकर जा रहे थे।

स्कूल के पास सामने से बाइक पर सवार दो युवक तेज गति से आकर टक्कर मार दिए। जमुना मार्ग के बायें तथा शीला दाहिनी तरफ गिर गई। टक्कर मारने के बाद बाइक शीला के गले के ऊपर से पार हो गई।

अंधेरे का फायदा उठा दोनों युवक बाइक सहित भाग गए। शीला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका के पति का दावा है कि टक्कर मारने वाले दोनों बाइक सवार बगल गांव के ही हैं।

# मेडिकल कॉलेज में मनाया गया विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

**समाज जागरण (जौनपुर)**

उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में मंगलवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान के आयोजन के साथ साथ प्राचार्य ने लोगों को संबोधित करते हुए मानसिक स्वास्थ्य दिवस के महत्व के बारे में लोगों को बताया।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर शिवकुमार ने बताया कि बढ़ती हुई मानसिक बीमारियों के बारे में उपस्थित मेडिकल छात्रों कर्मचारियों और मरीजों को जागरूक करना होगा तथा उन्होंने कहा की समस्या अत्यधिक तनाव लेने की आवश्यकता नहीं है यदि उन्हें महसूस होता है कि वह अस्वस्थ है तो वह तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर ए ए जाफरी ने विभिन्न मानसिक बीमारियों के बारे में बताया तथा उसके बचाव के बारे में भी लोगों को संबोधित किया।मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विनोद वर्मा ने विस्तार पूर्वक मानसिक रोग के कारण लक्षण एवं उसके निवारण के बारे में चर्चा किया बताएं कि तनाव,चिंता,अकेलापन,शारीरिक बीमारियां,पारिवारिक समस्याएं मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने के लिए मुख्य कारण होते हैं। उन्होंने बताया कि नेशनल मेंटल हेल्थ सर्वे के मुताबिक वर्तमान में 10.3 जनसंख्या किसी ने किसी मानसिक बीमारी से ग्रसित है लोगों में नशा सेवन और आत्महत्या की समस्या बढ़ती जा रही है। इस मौके पर डॉ राजश्री यादव विभागअध्यक्ष, ईएनटी ,डॉक्टर चंद्रभान चंद्र,डॉ जितेंद्र कुमार ,डॉक्टर आंचल सिंह,डॉक्टर हमजा समस्त कर्मचारी मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राएं एवं मरीज उपलब्ध रहे।

# खाली मकान में रंगरेलियां मना रहे प्रधान को पुलिस ने उठाया !

**समाज जागरण (जौनपुर)**

खेतासराय(जौनपुर) स्थानीय थाना क्षेत्र के गोरारी पुलिया के पास एक खाली मकान में रंगरेलियां मनाना एक प्रधान प्रतिनिधि और उसके साथियों को महंगा पड़ गया। काफी दिनों मिल रही शिकायत के बाद उन्हें दबोच लिया। हालांकि स्थानीय पुलिस इसे परिवारिक विवाद बताकर इसे खारिज कर रही है। बाद में पुलिस ने आरोपितों को छोड़ दिया। अब मंजर-ए आम होने पर क्षेत्र में जबर्दस्त चर्चा का विषय बना हुआ है।

बताया जाता है कि उक्त क्षेत्र में एक खुटहन ब्लॉक के ग्राम प्रधान का खाली बना मकान है। चर्चा है कि उसी स्थान पर कई ग्राम प्रधान लड़कियां लाकर रात रंगीन करते है। यह वेश्यावृत्ति की कुकृति काफी दिनों से हो रहा है` सूत्र बताते है कि कई जनप्रतिनिधि से मामला जुड़ा होने के चलते कोई भी शिकायत करने की हिम्मत जुटा नही पाता था। पुलिस भी सटीक घटना की जानकारी न मिलने की वजह से कोई भी कार्यवाही से किनारा कर लेती। सूत्रों की मानी जाए तो पुलिस को कही से सटीक इनपुट मिलने पर सोमवार को एक प्रधान प्रतिनिधि व कोटेदार को रंगरेलियां मनाते दबोचा लिया। पुलिस ने महिला और मकान मालिक प्रधान को हिरासत में लाकर थाने लाई। पुलिस ने कई घण्टे रोकने के बाद उन्हें छोड़ दिया। पुलिस उन्हें क्यों छोड़ दिया लोग तरह तरह की चचाएँ कर रहे है।

इस बाबत पूछे जाने पर थानाध्यक्ष चंदन रॉय ने कुछ भी बताने से इंकार किया है। सिर्फ इतना कहा कि परिवारिक मामले में उन लोगों को बैठाया गया था। अन्य आरोप झूठ है।

# पितृ कर्मों के लिये प्रसिद्ध भारत के प्रमुख तीर्थ

**समाज जागरण वाराणसी सिटी रिपोर्टर**
**विक्रम मेहरोत्रा**

पितृपक्ष विशेष - गया ही नहीं, बल्कि देश मे अन्य कई तीर्थ है जहां तर्पण, पिंडदान आदि पितरों से सम्बंधित कर्म प्रमुखता से किये जाते है इन तीर्थ पर श्राद्ध कर्म को प्राथमिकता दि जाती है।

हमारे शास्त्रों में श्राद्ध पक्ष में तीर्थ स्थलों पर जाकर अपने पितरों की आत्मशांति और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए पिंडदान, तर्पण और श्राद्ध कर्म करने का विशेष महत्व बतायागया है। अधिकतर परिजन अपने पूर्वजों का श्राद्ध करने गया जी, बोधगया, प्रयागराज, अयोध्या, पुष्कर व हरिद्वार आदि स्थानों पर जाते हैं। लेकिन, हमारे शास्त्रों में कई ऐसे तीर्थ स्थानों का उल्लेख है, जिनके बारे में अधिकतर लोगों को पता ही नहीं है। ये वे तीर्थ है, जहां जाकर तर्पण, पिंडदान और श्राद्ध कर्म करके अपने पितृ ऋण से उऋण हो सकते हैं। इन तीर्थ स्थलों पर शास्त्रों के अनुसार किया गया पिंड, दान और श्राद्ध कर्म सबसे ज्यादा मान्य है।

1. देव प्रयाग, उत्तराखंड- यह भागीरथी एवं अलखनन्दा का संगम है। यहां पितृों के निमित्त श्राद्ध तर्पण आदि किया जाता है।
2. त्रियूगीनारायण या सरस्वती कुंड, उत्तराखंड- रूद्र प्रयाग के समीप इस तीर्थ पर भगवान नारायण, भू-देवी एवं लक्ष्मी देवी विराजमान हैं। यहां सरस्वती नदी पर स्थित रूद्र कुण्ड स्नान, विष्णु कुण्ड मार्जन, ब्रह्मकुण्ड आश्वन और सरस्वती कुण्ड तर्पण के लिए हैं।
3. मदमहेश्वर या मध्यमेश्वर उत्तराखंड- केदारधाम पर स्थित इस तीर्थ पर भगवान शंकर की नाभि प्रतिष्ठित है। यह तीर्थ पंच केदार में शामिल द्वितीय केदार है।
4. रूद्रनाथ- यह तीर्थ पंच केदार में से एक तुंगनाथ के समीप स्थित है।
5. बद्रीनाथ (ब्रह्म कपाल शिला)- अलखनन्दा नदी के किनारे ब्रह्म कपाल (कपाल मोचन) तीर्थ है। यहां पिण्डदान किया जाता है।
6. हरिद्वार (हरि की पैड़ी)- यहां सप्त गंगा, त्रि-गंगा और शक्रावर्त में विधिपूर्वक देव ऋषि एवं पितृ तर्पण करने वाला पुण्यलोक में प्रतिष्ठित होता है। तदन्तर कनखल में पवित्र स्नान किया जाता है।
7. कुरूक्षेत्र (पेहेवा)- हरयाणा के कुरुक्षेत्र जिले में सरस्वती के दाहिने तट पर स्थित इस तीर्थ को अधिक पुण्यमय माना जाता है।
8. पिण्डास्क पेहोवा और कुरुक्षेत्र के बीच (हरियाणा)- इसे पिण्ड तारक तीर्थ भी कहते हैं। यहां स्नान करके पितृ तर्पण किया जाता है।
9. मथुरा (ध्रुवघाट)- मथुरा में यमुना किनारे 24 प्रमुख घाटों में से एक ध्रुव घाट है। इसके पास ध्रुव टीले पर छोटे मंदिर में ध्रुव जी का विग्रह है। इसे पितृ तर्पण के लिए प्रधान माना जाता है।
10. नैमिषारण्य (उत्तर प्रदेश)- बालामऊ जंक्शन के पास नैमिषारण्य में तपस्या, श्राद्ध, यज्ञ, दान इत्यादि की पूजा एंव क्रिया सात जन्मों के पापों को दूर करती है।
11. धौतपाप (हत्याहरण तीर्थ)- निमिषारण्य से लगभग 13 किमी दूर गोमती नदी के किनारे स्थित इस तीर्थ पर स्नान एवं श्राद्ध तर्पण करने से समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं।
12. बिठूर (ब्रह्मावर्त)- कानपुर के निकट बिठूर नामक स्थान है, यहां गंगा जी के कई घाटों में प्रमुख ब्रह्मा घाट है।
13. प्रयागराज, इलाहाबाद- यहां श्राद्ध एवं पितृ तर्पण करने से बहुत अधिक पुण्य की प्राप्ति होती है।
14. काशी (मणिकर्णिका घाट)- यह पुरी भगवान शंकर के त्रिशूल पर बसी हुई है और प्रलय में भी इसका नाश नहीं होता है। यहां श्राद्ध एवं पितृ तर्पण करने से पितृ तृप्त होकर सभी सुख प्रदान करते हैं।
15. अयोध्या- सप्त पुरियों में अयोध्या को प्रथम पुरी माना गया है। यहां सरयू नदी पर पितृ तर्पण एवं श्राद्ध करने से पितृ तृप्त होकर आशीर्वाद देते हैं।
16. गया, बिहार- यह भारत का प्रमुख पितृ तीर्थ है। पुराणों के अनुसार पितृ कामना करते हैं कि उनके वंश में कोई ऐसा पुत्र हो जो गया जाकर उनका श्राद्ध करे। गया में पिण्डदान से पितृों को अक्षय तृप्ति प्रदान होती है।
17. बोधगया, बिहार- यहां भगवान बुद्ध का विशाल मंदिर है। यहां पितृ तर्पण एवं श्राद्धकर्म का विशेष महत्व है।
18. राजगृह, बिहार - यह हिन्दू, बौद्ध एवं जैन तीनों धर्मों का तीर्थ स्थल है। यहां पुरूषोत्तम मास में श्राद्ध करने से पितृ तृप्त होते हैं।
19. परशुराम कुण्ड, असम-पूर्वकाल में इसे श्राद्धकर्म के लिए बहुत पवित्र माना जाता था।
20. याजपुर, ओडिशा- यहां श्राद्ध एवं तर्पण आदि का बहुत महत्व है। ऐसा माना जाता है कि यहां ब्रह्मा जी ने यज्ञ किया था।
21. भुवनेश्वर, ओडिशा- यहां काशी के समान अत्यधिक शिव मंदिर हैं। इसे उत्कल-वाराणसी और गुप्त काशी भी कहा जाता है। श्राद्ध एवं पितृ तर्पण के लिए यह पवित्र स्थान है।
22. जगन्नाथपुरी, ओडिशा- भारत के पावन चार धामों में से एक जगन्नाथपुरी है। यह क्षेत्र श्राद्ध एवं पितृकर्म के लिए अत्यन्त पावन माना जाता है।
23. उज्जैन, मध्यप्रदेश- यहां बहती शिप्रा नदी भगवान विष्णु के शरीर से उत्पन्न मानी जाती है, जिस पर कई घाट पर मंदिर बने हैं, महाकाल के इस स्थान पर श्राद्ध करने से पितृ पूर्ण तृप्त होते हैं।
24. अमर कण्टक, मध्यप्रदेश- ऐसा माना जाता है कि सरस्वती का जल तीन दिन में, यमुना का एक सप्ताह में तथा गंगा का जल छूते ही पवित्र कर देता है।
25. नासिक, महाराष्ट्र-यहां बहने वाली गोदावरी नदी भारत की प्रसिद्ध सात नदियों में से एक है। यहां पितृों की संतुष्टि हेतु स्नान तर्पण आदि कर्म किये जाते हैं।
26. त्र्यम्बकेश्वर, महाराष्ट्र- यहां महर्षि गौतम ने तपस्या कर शिव जी को प्रसन्न किया था। पितृ दोष शान्ति का यह प्रमुख स्थान है।
27. पंढरपुर महाराष्ट्र- यहां भीमा नदी है, जिसे चन्द्रभागा भी कहा जाता है। यहां भगवान श्री बिट्ठल का प्रसिद्ध मंदिर भी है, जोकि पितृकर्म के लिए अत्यन्त श्रेष्ठ माना गया है।
28. लोहार्गल, सीकर राजस्थान- यहां देशभर के लोग अस्थि विसर्जन के लिए आते हैं। यहां मुख्य तीन पर्वत से निकलने वाली सात धारायें हैं।
29. पुष्कर, अजमेर राजस्थान- यहां अधिकतर लोग हरिद्वार आदि तीर्थ में अस्थि विसर्जन के बाद पुष्कर में आकर पिण्डदान करते हैं।
30. तिरूपति, तमिलनाडू- यह श्राद्ध के लिए अत्यन्त पवित्र माना जाता है। यहां कपिल तीर्थ में स्नान, बैंकटाचल पर बालाजी दर्शन के बाद ऊपर के अन्य तीर्थ दर्शन के बाद तिरूपति में गोविन्दराज आदि के दर्शन किये जाते हैं।
31. शिवकांची, सर्वतीर्थ सरोवर तमिलनाडू- मोक्षदायिनी सप्त पुरियों में शामिल कांची हरिहरात्मकपुरी है। इसके शिवकांची और विष्णुकांची दो भाग हैं। भगवान शिव और विष्णु का क्षेत्र एंव शक्ति सति स्थान होने के कारण इसे अत्यन्त पावन पितृ तीर्थ माना गया है।
32. कुम्भ कोणम, केरल-कावेरी नदी के तट पर स्थित यहां मुख्य तीर्थ महामघम सरोवर है।
33. रामेश्वरम, लक्ष्मणतीर्थ-यहां पर पिण्डदान करने से पितृगण पूर्ण रूप से संतुष्ट होते हैं।
34. दर्भशयनम- यहां भगवान राम ने दर्भशय्या पर शयन किया था। इसे भी श्राद्ध आदि के लिए मुख्य तीर्थ माना जाता है।
35. सिद्धपुर, गुजरात- यहां श्राद्ध करने से पितृों को पूर्ण तृप्ति प्राप्त होती है।
36. द्वारकापुरी, गुजरात- श्रीकृष्ण का धाम होने के कारण यहां श्राद्ध करने से पितृों को पूर्ण तृप्ति प्राप्त होती है।
37. नारायणसर, गुजरात-यहां आदि नारायण, लक्ष्मी नारायण, गोबर्धनन्नाथ आदि के मंदिर हैं। अतः नारायण सरोवर के पास पितृों की तृप्ति का तीर्थ स्थान है।
38. प्रभास-पाटण, वेरावल-यहां अग्निकुण्ड, ज्योतिर्लिंगसोमनाथ, अहिल्याबाई इत्यादि कई प्रसिद्ध मंदिर हैं। इस क्षेत्र से प्राची त्रिवेणी संगम पर भालक तीर्थ भी है। जहां श्री कृष्ण को पैर में बाण लगा था।
39. शूलपाणी, गुजरात- नरवदा तट के मुख्य तीर्थों में शामिल शूलपाणी तीर्थ पर शूलपाणी महादेव का मंदिर है। इसके अलावा पिंडदान के लिए चाणोद, श्रीरंगम, और रीवा भी प्रमुख स्थान हैं।

# पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी/रामनगर आज सुबह 11 बजे निवर्तमान अध्यक्ष जितेंद्र यादव मलिक के आवास पर नेता जी स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव जी का पुण्य



तिथि कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमे प्रमुख रुप से शामिल रहे जितेंद्र यादव मलिक, इंजमामुल खान, विवेक कहार,किशन यादव, डा शौकत अली, आनन्द चौहान, मान सिंह चौहान, लव कुश साहनी,सूरज सोनकर राहुल शर्मा, दिलीप यादव, आदि लोग उपस्थित रहे।

# किसानों ने कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित 3 दिवसीय हरियाणा कृषि विकास मेले से खरीदे उन्नत किस्मों के बीज

## किसानों ने फलदार पौधे और सब्जियों के बीजों की खरीद में भी ली रुचि

विनोद कश्यप
प्रभारी दैनिक समाज जागरण
पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़ ,10 अक्टूबरः चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चल रहे तीन दिवसीय हरियाणा कृषि विकास मेला-2023 में किसानों की भारी गहमा-गहमी रही। मेले में दो दिन में हरियाणा सहित दिल्ली, पंजाब, राजस्थान तथा उत्तर प्रदेश राज्यों से करीब 1 लाख 40 हजार किसान शामिल हुए।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के अनुसार मेले के पहले दो दिन में किसानों ने करीब 1करोड़ 64 लाख रुपये के रबी फसलों व सब्जियों की उन्नत व सिफारिशशुदा किस्मों के प्रमाणित बीज तथा करीब 61 हजार रुपए के फलदार पौधे व सब्जियों के बीज खरीदें।

उल्लेखनीय है कि किसानों को आगामी रबी मौसम की फसलों व सब्जियों के बीज तथा फलों की नर्सरी उपलब्ध करवाने के लिए विश्वविद्यालय ने मेला स्थल पर सरकारी बीज एजेंसियों के सहयोग से बीज बिक्री की पर्याप्त व्यवस्था की थी। बीज के अलावा किसानों ने 1.55 लाख रुपये के जैव उर्वरक तथा 75 हजार रुपये का कृषि साहित्य भी खरीदा।




विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि मेले में किसानों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म का भ्रमण करवाकर उन्हें वैज्ञानिक विधि से उगाई गई फसलों के प्रदर्शन प्लॉट दिखाए जा रहे हैं तथा उन्हें जैविक खेती, खेती में प्राकृतिक संसाधन संरक्षण, कृषि उत्पादन व गुणवत्ता बढ़ाने व फसल लागत कम करने संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही है।

इस अवसर पर किसानों ने विश्वविद्यालय की ओर से मिट्टी व पानी जांच के लिए की गई व्यवस्था का भी लाभ उठाया और उन्होंने कुल 762 नमूने टैस्ट करवाए। इनके अतिरिक्त किसानों ने प्रश्नोत्तनरी सभाओं में भाग लेकर वैज्ञानिकों से कृषि व पशुपालन संबंधी अपनी समस्याओं एवं शंकाओं को दूर किया तथा उनके लिए आयोजित हरियाणवी सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनोरंजन किया।

संयुक्त निदेशक विस्तार डॉ. कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि मेले में लगाई गई कृषि-औद्योगिक प्रदर्शनी किसानों के आकर्षण का विशेष केन्द्र रही। इस प्रदर्शनी में पिछले वर्षों का रिकार्ड तोड़ते हुए 350 स्टॉल लगाए गए है। इन स्टॉलों पर विश्वविद्यालय तथा गैरसरकारी एजेसियों व मल्टीनैशनल कंपनियों द्वारा कृषि प्रौद्योगिकी, मशीनें, यन्त्र आदि प्रदर्शित किए गए हैं, जिन पर किसानों की भारी भीड़ रही।

# हरियाणा के किसानों को उप राष्ट्रपति धनखड़ ने आमंत्रित किया भोज पर




अदिति गौड़
संवाददाता दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा

चंडीगढ़,अक्टूबरः हरियाणा के किसानों की ओर से कृषि क्षेत्र में लाए जा रहे बदलाव से प्रसन्न भारत के उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कृषि प्रधान राज्य मानकर यहाँ के किसानों की मेहनत और अथक परिश्रम की सराहना की है। उन्होंने नए संसद भवन में राज्य के 50 किसानों को भोज के लिए आमंत्रित किया है।

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल के नेतृत्व में 50 किसानों का प्रतिनिधिमंडल 13 अक्टूबर को नये संसद भवन पहुंचेगा। किसानों के लिए यह एक अभूतपूर्व क्षण होगा, जब भोज के दौरान हरियाणा की कृषि विरासत का एक अनोखा उत्सव देखने को मिलेगा।

कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि भारत का अन्न भंडार कहा जाने वाला हरियाणा देश के कृषि परिदृश्य में अग्रणी रहा है। विभिन्न नवाचारों, अग्रणी पहलों और किसान कल्याण पर मजबूत फोकस के साथ हमारी सरकार कृषि में क्रांति ला रही है और किसान को 'बीज से बाजार तक' सभी सुविधाएं मुहैया करवाकर उनकी समृद्धि व प्रगति सुनिश्चित कर रही है।

### हरियाणा कृषि विकास मेले के शुभारंभ अवसर पर उप-राष्ट्रपति ने दिया था निमंत्रण

दलाल ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा और चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 8 से 10 अक्टूबर तक तीन दिवसीय आयोजित हरियाणा कृषि विकास मेला-2023 के शुभारंभ अवसर पर भारत के उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ किसानों को प्रोत्साहित करने पहुंचे थे। इस अवसर पर उन्होंने मेले में सम्मानित हुए किसानों को भोज के लिए न्योता दिया था। उपराष्ट्रपति ने किसान मेले की भव्यता को देखते हुए सरकार व किसान भाईयों की सराहना करते हुए कहा था कि हरियाणा के दूध, घी, और दही में कुछ तो खास बात है कि जो कोई न कर पावे, वो करके दिखा देते हैं।

# चण्डीगढ़ स्थित पीजीआई के नेहरू ब्लॉक में ग्राउंड फ्लोर पर भड़की आग

## सभी 415 मरीजों को सुरक्षित बचाकर किया गया दूसरी जगह शिफ़्ट

विनोद कश्यप
प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, अक्टूबरः संघ शासित क्षेत्र चण्डीगढ़ में पीजीआई के नेहरू ब्लॉक में सोमवार देर रात भीषण आग गई। बताया जाता है कि, नेहरू ब्लॉक के ग्राउंड फ्लोर पर भड़की यह आग देखते ही देखते ऊपरी मंजिलों तक भी जा पहुंची। आग की तेज लपटों और धुएं में पूरा ब्लॉक घिर गया। आग के चलते पीजीआई स्टाफ और मरीजों में अफरा-तफरा मच गई। आग की इस घटना में सामान्य वार्ड से लेकर इमरजेंसी और वेंटिलेटर पर भर्ती करीब 415 मरीजों को आनन-फानन में सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और उन्हें दूसरी जगह शिफ्ट किया गया। कुछ मरीज क्रेन के जरिये भी बाहर निकाले गए। खैर यह बड़ी गनीमत रही कि, आग की इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। पीजीआई के इंटरनल स्टाफ के साथ-साथ चंडीगढ़ प्रशासन ने भी मुस्तैदी दिखाई और जल्दी से मौके पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां पहुंची और आग पर मशक्कत के बाद पूरी तरह से काबू पा लिया गया। फिलहाल हालात नियंत्रण में हैं और रिस्टोरेशन का काम जारी है।

### कम्प्यूटर रूम से निकली चिंगारी ने धारण किया अग्नि रूप

बताया जा रहा है कि, नेहरू ब्लॉक के ग्राउंड फ्लोर पर किडनी सेंटर के साथ कंप्यूटर डेटा सेंटर है। यहाँ स्थित किसी यूपीएस में शॉर्ट सर्किट से आग भड़की और कुछ पलों में ज्वाला बन गई। आग तेजी से फैलती चली गई और नेहरू ब्लॉक के काफी हिस्से को अपनी चपेट ले लिया।



आग ग्राउंड फ्लोर से ऊपर मंजिलों की ओर बढ़ती जा रही थी। इस बीच तेज लपटों के साथ धुएं का भयंकर गुबार भी पूरे ब्लॉक में भर गया। जिसने मरीजों और लोगों की काफी परेशानी बढ़ा दी। आग लगने से हर तरफ धुआं ही धुआं था. जिसकी वजह से मरीजों में अफरा-तफरा मच गई। धुएं के कारण उन्हें सांस लेने में दिक्क्त हो रही थी और साथ ही आंखों में भी जलन हो रही थी। फिलहाल, आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। पीजीआई के इतिहास में यह पहली बार है कि अस्पताल में इतनी बड़ी आग लगी है। बताया जाता है कि, पीजीआई में मौजूद इंटरनल फायर स्टेशन से जब आग पर काबू पाना नहीं हो पाया तब चंडीगढ़ के फायर स्टेशन को सूचना दी गई और फायर टेंडर बुलाए गए।

### पीजी आई के निदेशक ने आकर स्थिति का लिया जायजा

पी जी आई में आग की इस बड़ी घटना के बाद पीजीआई के निदेशक डॉ. विवेक लाल स्थिति का जायजा लिया है। डॉ. विवेक लाल ने कहा कि, यह आग कम्प्यूटर रूम के यू पी एस सिस्टम की बैटरी में आग लगी जो काफी तेजी से फैली। आग लगने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने तेजी से रिस्पांड किया और सभी कर्मियों ने मिलकर लगभग आधे घंटे में करीब 415 मरीजों को बचाया और सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। डॉ. विवेक लाल ने कहा कि जो मरीज इमरजेंसी में थे उन्हें इमरजेंसी में भर्ती किया गया है और जो वेंटिलेटर पर थे। उन्हें वेंटिलेटर पर ही रखा गया है। विवेक लाल ने कहा कि चंडीगढ़ प्रशासन ने भी मुस्तैदी दिखाई। जल्दी से मौके पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां पहुंच गईं थीं। घटना में किसी भी मरीज ने अपनी जांच नहीं गंवाई है। आग पर काबू पा लिया गया है और बहाली कार्य शुरू कर दिया गया है। विदित हो कि पीजीआई में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। इससे पहले पीजीआई में आग की घटनाएँ घट चुकी हैं। हाल ही में अगस्त के महीने में भी में यहां रिसर्च ब्लॉक में आग लगी थी।

# आम आदमी पार्टी के राघव चड्डा ने ली उच्च न्यायालय की शरण

विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, अक्टूबर। आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढ़ा से उनका सरकारी बंगला खाली कराए जाने का मामले से आम आदमी पार्टी के नेताओं ने इसे सीधा केंद्र सरकार का कारनामा बताया है। इस कारण मामला गंभीर होने लगा है।
मंगलवार को इस मामले को लेकर राघव चड्ढा ने दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। दरअसल, दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने उस आदेश को मंजूरी दी थी, जिसमें उनसे उनका सरकारी बंगला खाली करने के लिए कहा गया था।
सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार राघव चड्ढा ने दिल्ली हाईकोर्ट में पटियाला हाउस कोर्ट के इसी फैसले को चुनौती दी है। राघव चड्ढा की तरफ से पेश वकील ने न्यायालय को बताया कि उनके मुवक्किल को इस संबंध में नोटिस जारी किया गया है और बंगले से बेदखल करने की प्रक्रिया भी जारी है।



वकील ने चीफ जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस संजीव नरूला की बेंच से कहा कि राघव चड्ढा की याचिका पर तत्काल सुनवाई की जाए। हाईकोर्ट बुधवार को राघव चड्ढा की याचिक पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। आपको बता दें कि बीते 5 अक्टूबर को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि राघव चड्ढा सरकारी बंगले पर अपना संपूर्ण हक होने का दावा नहीं कर सकते।

**राज्यसभा सचिवालय ने क्यों रद्द किया राघव के बंगले का आवंटन**

**गौरतलब है कि राघव चड्ढा को पिछले साल जुलाई के महीने में टाइप-6 बंगला आवंटित किया गया था।**

इसके बाद राघव चड्ढा ने राज्यसभा के चेयरमैन से गुजारिश की, कि उन्हें इससे बड़ा बंगला टाइप-7 आवंटित किया जाए और उसी साल उन्हें सितंबर में ये बंगला आवंटित कर दिया गया। हालांकि, मार्च में राज्यसभा सचिवालय ने उनके लिए इस बंगले का आवंटन रद्द कर दिया। सचिवालय का कहना था कि पहली बार चुनकर आए सांसद को इस ग्रेड का बंगला आवंटित करने का प्रावधान नहीं है।

# वाहनों का दबाव कम करने के लिए सोनीपत में सिटी बस सेवा को मिली हरी झंडी

संवाददाता दैनिक समाज जागरण हरियाणा

सोनीपत, अक्टूबरः हरियाणा परिवहन विभाग यात्रियों को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरंतर प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शामिल सोनीपत जिले में सिटी बस सेवा की शुरूआत की गई है। विदित हो कि दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदुषण के बढ़ते स्तर को कम करने के लिए जी आर ए पी लागू किया गया है। ऐसे में रोडवेज विभाग ने शहर में वाहनों का दबाव कम करने के उद्देश्य से सिटी बस का संचालन किया है ताकि यात्रियों की ऑटो से निर्भरता कम हो सकें ।

### सिटी बस सेवा को हरी झंडी

ग्रेप नियमों का पालन करते हुए शहर में आज से सिटी बस सेवा को हरी झंडी दिखाई गई है। यह बस बहालगढ़ से गोहाना बाईपास के बीच सफर करेगी । जिसमें अधिकतम किराया 15 रुपए तय किया गया है. यह बस सोनीपत बस स्टैंड से सुबह साढ़े 6 बजे रवाना होकर बहालगढ़ पहुंचेगी और दोपहर तक छह फेरे लगाएगी। दोपहर 2 बजे गोहाना बाईपास से सोनीपत बस स्टैंड पर आगमन करेगी।




रोडवेज डिपो के एक अधिकारी ने बताया कि शहर में वाहनों का दबाव कम करने के लिए शुरूआत में एक सिटी बस सेवा को संचालित किया गया है, यदि प्रयोग सफल रहा तो अन्य रूटों पर भी सिटी बसों को उतारा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बस में यात्रियों को आरामदायक सफर का आनन्द मिलेगा तो वहीं अधिकतम किराया 15 रुपए और न्यूनतम किराया 10 रुपये तय होने से आर्थिक बोझ भी कम पड़ेगा।
उन्होंने बताया कि अब तक अगर किसी व्यक्ति को गोहाना बाईपास से बहालगढ़ जाना है तो उसे पहले ऑटो में बस अड्डे तक 15 रुपये देने होते थे और बस अड्डे से दूसरा ऑटो पकड़कर इतना ही किराया आगे देना पड़ता था, लेकिन अब सिटी बस में 15 रुपये में गोहाना बाईपास से बहालगढ़ तक का सफर कर सकेंगे. इस रूट पर बस स्टैंड सोनीपत, केंद्र रहेगा। दोनों तरफ से आने वाले यात्रियों को बस अड्डे तक 10 रुपये और उससे आगे तक जाने के लिए 15 रुपये किराए का भुगतान करना होगा।

# रामलीला महोत्सव एवं दशहरा मेले का आयोजन बड़े हर्ष व उल्लास से किया जायेगा: समाज सेवी व उद्योपगति राजेश जैन

कैलाश वर्मा संवाददाता
दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा

रोहतक, अक्टूबर। विजय दशमी के शुभ अवसर पर श्री रामलीला उत्सव कमेटी द्वारा आयोजित पुराना आई.टी.आई. ग्राउण्ड सरकुलर रोड में 14 अक्टूबर शनिवार से से शुरू होने वाले रामलीला महोत्सव एवं दशहरा मेले को लेकर एक दिल्ली बाईपास पर स्थित बी.पी.जैन स्कील डेवलपमैंट सैंटर में एक प्रैस कांफैस महामण्डलेश्वर बाबा कपिल पुरी जी महाराज, महामण्डलेश्वर बाबा बाबा कर्णपुरी जी, महामंडलेश्वर स्वामी परमानंद महाराज, परमहंस कालिदास महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद महाराज, स्वामी सूयानंद, साध्वी शिवानी भारती, डी उपाध्याय आईपीएस आईजी गुवाहाटी ओ अन्य साधु संतों की छत्र छाया में आयोजन किया गया।

प्रैस कांफ्रेंस को रामलीला उत्सव कमेटी के मुख्य संरक्षक समाज सेवी उद्योपगति राजेश जैन ने संबोधित करते हुए कहा की हर वर्ष की भांति इस बार भी रामलीला महोत्सव एवं दशहरा मेले का आयोजन बड़े हर्ष व उल्लास से किया जायेगा।

रामलीला 14 अक्टूबर से शुरू होकर 26 अक्टूबर तक मनाई जायेगी। 24 अक्टूबर को दशहरा मोहत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। इस बार रामलीला को भव्य बनाते हुए भगवान श्रीराम व भगवान कृष्ण के जीवन पर आधारित बीस संचालित झाकियां रंग बिरंगी लाईटों से लाईव दिखाई जाएगी। जिसमें लोग अपनी सैल्फी लेकर व्हटसैप, फेसबुक पर भेज सकते हैं। रामलीला का दो करोड रुपए का बीमा करवाया गया है। भारत के इतिहास में पहली बार जिसे अयोध्या में राम मंदिर की आकृति वाली स्टेज 150 फुट चैड़ी डबल स्टोरी स्टेज व भव्य पंडाल बनाया जायेगा। रामलीला में तीन स्टेज 100 गुणा 60 के बनाये जायेंगे। जिसे अयोध्या राम मंदिर की तर्ज पर दो मंजिला भवन बनाया जायेगा। इसमें 6 हजार कुर्सियां 500 सौफे लगाकर 35 कैबिन बनाकर दर्शकों के बैठने की व्यवस्था की जायेगी। जिसमें अलग से 2000 परिवार के सदस्यों के बैठने की व्यवस्था रहेगी। सुरक्षा को लेकर सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाये जायेंगे। सुरक्षा को देखते हुए 60 गार्डों को लगाया जायेगा और पुलिस प्रशासन भी तैनात रहेगा और पूरा पुलिसबल भारी संख्या में रहेगा। मुम्बई के आकर्षक लाईट वाले झूले बच्चों के लिये लगाये जायेंगे। रामलीला देखने वालों के लिये जगह जगह पर बड़ी बड़ी कई एल.ई.डी. लगाई जायेगी। पूरा टैंट वाटर प्रूफ बनाया जायेगा। पार्किंग की व्यवस्था की जायेगी। जगह जगह पर स्वागत गेट बनाये गये हैं और दो किलोमीटर के एरिये तक रंग बिरंगी लाईटों से सजाया जायेगा। रामलीला उत्सव को लेकर तैयारियां जोर शोर से शुरू कर दी गई है। मुंबई से आये महाभारत व रमायण के कलाकारों द्वारा रामलीला की सुंदर प्रस्तुति की जायेगी व सुन्दर सुन्दर झांकियों की भी प्रस्तुति की जायेगी। रामलीला का मंचन निश्चित समय पर रात्रि 9 बजे से शुरू होकर 12 बजे तक होगा। रामलीला का मंचन पहली बार बेहतरीन लाईट एंड साउंड, एल.ई.डी स्क्रीन एवं कोरियोग्राफी द्वारा भारत की मशहूर पार्टी संस्कृति कला संगम नई दिल्ली के कलाकारों द्वारा मुख्य निर्देशक लीलाधर के नेतृत्व में किया जायेगा।



उन्होंने कहा कि रामलीला उत्सव के कार्यक्रम की पात्रिका का भी विमोचन किया जाएगा। इस अवसर पर स्वामी बालकपुरी जी महाराज जी की आसीन कृपा से बाबा कर्णपुरी जी के डेरे से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राम बारात एवं दशहरा महोत्सव पर 24 श्री हनुमान जी के स्वरूप धारण कर शहर में बैंड बाजे व शहनाई के साथ बारात निकाली जायेगी।

बंगलौर से आये रंग बिरंगे गुलाब और सफेद फूलों और गुलाब के फूलों द्वारा चाँदनी चौक से आये कारिगरों द्वारा मुख्य मंच को सजाया जायेगा। फस्ट एड के लिये डाक्टरों की टीम की भी व्यवस्था की गई है। एक एंबुलैंस रामलीला के समय उपलब्ध रहेगी। हर रोज आकाश में धूमकेत तारा गुब्बारा छोड़ा जायेगा। ड्रोन द्वारा फूलों की वर्षा की जाएगी। लाजवाब खाने के लिये मशूहर कैटरों के द्वारा अलग अलग तरह के स्टॉल लगाए जाएंगे दर्शक इन व्यंजनों का लुफ्त उठा सकेंगे। इस अवसर पर रंग बिरंगी आतिशबाजी की जायेगी।

राजेश जैन ने कहां आज लोगों में जागरूकता लानी बहुत जरूरी है। आधुनिक युग के अंदर अध्यात्म का ज्ञान होना बहुत जरूरी है। इसलिए समय समय पर धार्मिक आयोजन किये जाते हैं। वातावरण को स्वच्छ कैसे करें। सरकार की नीतियों का आम जनता तक पहुंचाये। जीरो बजट खेती के फायदे, प्लास्टि द्वारा बनाई वस्तुओं का इस्तेमाल करने से हमारे स्वास्थ्य पर क्या असर पड़ता है, बिजली की कम खपत के लिये सौलर ऊर्जा प्लांट, अभी आने वाले समय में लोकसभा चुनाव के लिये आम लोगों की राय जानने के लिये और सर्वे के लिये मीडिया को अपने बूथ लगाने चाहिये। पेड़ों का हमारे स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ता और उनका क्या योगदान है इसके लिए वन विभाग, डिस्ट्रिक लीगल सर्विस एर्थिटी, स्वास्थ्य विभाग, प्राकृतिक खाद, स्वच्छ भारत मिशन आदि के बूथ लगाये जायें ताकि वातावरण के प्रति लोगों में जागरूकता आए। इलैक्ट्रिनिक आईटम, आर.ओ. वाटर आदि के बड़े आयोजनों में पब्लिक को जागरूक करने के लिये ज्यादा से ज्यादा डिस्पले करके व बूथ लगाये जायेंगे ताकि लोगों को उनके फायदे व नुकसान के बारे में जानकारी मिल सके।

इस अवसर पर प्रधान सुभाष तायल, शंकर लाल मित्तल, मीडिया प्रभारी राजीव जैन, अमित गोयल, जयभगवान ऐरण, गुलशन निझावन, अनिल बंसल, योगेश अरोड़ा, तरूण वर्मा, सन्नी निझावन, शीतल, प्रेम गर्ग, मनोज जिंदल, श्रीनिवास सिंगल, अंकित बंसल, ब्रह्मा गोयल, सुशील मंगला, नरेश शर्मा, श्रीकृष्ण गुप्ता, मोहित गुप्ता, अमित गुप्ता, विजय गुप्ता, अमित नागपाल, अमित गोयल, वरुण गोयल, वरुण शर्मा, सोनू जैन, दिनेश तायल, नितिन बंसल एडवोकेट, ब्रह्मा गोयल, उमा गोयल, मीना सिंघल, उर्मिल गुप्ता, कुसुम मंगला, आशा गर्ग, सुनिता, संतोष जैन, राजबाला गर्ग, ममता ऐरण, माया जैन, सुमित्रा वर्मा आदि उपस्थित थे।

# राजस्थान में विधानसभा चुनावों को पार व निष्पक्ष कराने के लिए हरियाणा सरकार संयुक्त रूप से नाकेबंदी,

## कानून व्यवस्था और अवैध शराब की तस्करी रोकने में देगी सहयोग- संजीव कौशल

विनोद कश्यप
प्रभारी दैनिक समाज जागरण
पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़ ,अक्टूबरः हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि राजस्थान में विधानसभा के सामान्य चुनाव पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए हरियाणा सरकार साथ लगते जिलों में संयुक्त रूप से नाकाबंदी करने, अवैध शराब की तस्करी रोकने एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण कार्यो में सहयोग प्रदान करेगी।
मुख्य सचिव आज राजस्थान में सामान्य विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर राजस्थान की मुख्य सचिवे उषा शर्मा एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ वर्चुअल मिटिंग की। मुख्य सचिव ने कहा कि चुनावी अवधि के दौरान दोनों राज्य सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा उपायों का आंकलन कर बढ़ाया जाएगा।
मुख्य सचिव ने कहा कि हरियाणा और राजस्थान की सीमा पर संयुक्त चौकियां स्थापित करने के लिए एक सहयोगात्मक प्रयास किया जाएगा। उन्होंने राजस्थान से सटे जिलों में मजबूत सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा पुलिस के प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शराब की अवैध तस्करी को विफल करना और चुनाव अवधि के दौरान असामाजिक तत्वों की घुसपैठ को रोकना है।

कौशल ने कहा कि सीमा से सटे क्षेत्रों में संभावित अपराधियों की आवाजाही के समय वाहनों और यात्रियों के सामान की जांच, अवैध शराब एवं नकदी पर बारीकी से निगरानी के लिए सात जिलों में विभिन्न स्थानों पर संयुक्त नाके लगाए जाएगें। एक्साईज से संबंधित मामलों के लिए उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त नारनौल को नोडल अधिकारी लगाया गया है।
बैठक में पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर, हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल, प्रधान सचिव आबकारी एवं कराधाने, देविंदर सिंह कल्याण, आबकारी एवं कराधान आयुक्त अशोक कुमार मीणा और विशेष गृह सचिव महावीर कौशिक उपस्थित थे।

# हरियाणा के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विजय दहिया को भ्रष्टाचार विरोधी दस्ते ने किया गिरफ्तार

विनोद कश्यप
प्रभारी, दैनिक समाज जागरण
पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, अक्टूबरः हरियाणा के वरिष्ठ आई. ए. एस. अधिकारी विजय दहिया को भ्रष्टाचार विरोधी दस्ते ने गिरफ्तार कर लिया है। विजय दहिया पर रिश्वतखोरी का आरोप साबित हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हरियाणा रोजगार कौशल निगम में बिल पास करवाने के एक मामले में 5 लाख रुपये बतौर रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ी गई पूनम चोपड़ा ने गिरफ्तारी के बाद खुलासा किया कि वो ऐसे मामलों में विजय दहिया के लिए लम्बे समय से काम कर रही थी और उसे असामियों से मिलने वाली रकम में से कमीशन मिलता रहता था। पूनम चोपड़ा ने पूछताछ में अनेक मामलों और खातों की जानकारी दी और उसके आधार पर ही भ्रष्टाचार विरोधी दस्ते ने विजय दहिया को भ्रष्टाचार के आरोप में काबू किया है।





# पं. उमापति त्रिपाठी की धूमधाम से मनाई गई 230 वीं जयंती, योगाचार्य डॉ. चैतन्य को मिला ब्रह्मचारी सम्मान

अयोध्या।
रामनगरी की प्रतिष्ठित पीठ तिवारी मंदिर में महापौर गिरीशपति त्रिपाठी की अध्यक्षता में वशिष्ठावतार के रूप में ख्याति प्राप्त पं. उमापति त्रिपाठी के 230 वीं जयंती के अवसर पर वशिष्ठ सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मरणोपरांत महंत कौशल किशोर फलाहरी को वशिष्ठ व योगाचार्य डॉ. चैतन्य को बृजनंदन ब्रह्मचारी सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह वशिष्ठावतार के रूप में ख्याति प्राप्त पं. उमापति त्रिपाठी के 230 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया था।
समारोह को संबोधित करते हुए महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि पूवार्चार्य मनीषियों के चिंतन करने का अवसर भी सौभाग्य से प्राप्त होता है। ये मनीषी सदैव हमारे लिए प्रेरक रहेंगे। वशिष्ठ सम्मान फलाहारी जी के उत्तराधिकारी राजगोपाल मंदिर के व्यवस्थापक शरद ने ग्रहण किया। वशिष्ठ सम्मान सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार व ब्रह्मचारी सम्मान सामाजिक क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले महापुरुषों को दिया जाता है। समारोह की अध्यक्षता महंत कमलनयन दास व संचालन रघुनाथ दास शास्त्री ने किया।



सम्मान समारोह के बाद सांस्कृतिक संध्या का कार्यक्रम पंडित ज्वाला प्रसाद संगीत शोध संस्थान अयोध्या के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। द्वितीय सत्र में संस्कृत विभाग लखनऊ के कलाकारों ने प्रस्तुति दी। रामलला के बाल रूप की झांकी ठुमक चलत रामचंद्र... ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं कीर्ति मिश्रा ने कभी राम बनके कभी श्याम बनके, पायो जी मैंने राम रतन धन पायो सुनाकर भक्तिभाव का संचार किया। कार्यक्रम में महंत मैथिलीरमण शरण, महंत मिथिलेश नंदिनी शरण, महंत जन्मेजय शरण, महंत रामभूषण दास कृपालु, महंत डॉ.ममता शास्त्री, महंत रामकुमार दास, सांसद लल्लू सिंह, विधायक वेदप्रकाश गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, संत एमबीदास, शरद कुमार त्रिपाठी समेत बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।

# भीषण विद्युत कटौती से उपभोक्ता त्रस्त, फसलों का भी हो रहा है भारी नुकसान

**बिजली कटते ही अधिकारी कर लेते हैं मोबाइल करते हैं बंद**

**बीते 24 घंटे में मात्र 8 घंटे ही बिजली की मिली सप्लाई**

अयोध्या।
बीकापुर तहसील के सभी विद्युत उपकेंद्र से पिछले सप्ताह से लगातार बिजली की कटौती से विद्युत उपभोक्ताओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली आने और जाने का अब कोई रोस्टर समझ में उपभोक्ताओं को नहीं आ रहा है। विद्युत फीडर वाले जब चाहे बिजली की कटौती कर लेते हैं यदि उपभोक्ता विद्युत फीडर पर दूरभाष के जरिए जानकारी करना चाहे तो कोई कुछ भी बताने को तैयार नहीं होते और फोन काट देता है। इस समय किसानों को धान की फसलों और गन्ने की सिंचाई के लिए बिजली का इंतजार करते-करते आंखें तरस जाती हैं। किसान रमाकांत द्विवेदी, रमाकांत पाण्डेय, राम आशीष यादव, महेंद्र यादव, ललित कुमार पाण्डेय, हनुमंत पाण्डेय, रनजीत सिंह भदोरिया, भूपेंद्र प्रताप सिंह सहित बीकापुर विद्युत उपकेंद्र के एनी फीडर के विद्युत उपभोक्ताओं ने रविवार बताया कि बीते 24 घंटे में लगभग 8 घंटे ही बिजली मिल पाई है वह भी दर्जनों पर बिजली की कटौती के बाद किसान बिजली आने के इंतजार में अपने-अपने खेतों में स्थित नलकूपों पर बैठकर बल्ब देखते रहते हैं की कब बिजली आए और नलकूप चलाकर खेतों में पानी जा सके। वहीं दूसरी तरफ नगरीय क्षेत्रों में व्यापारियों को विद्युत आपूर्ति में कटौती होने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रात में मात्र चार घंटे ही बिजली उपभोक्ताओं को मिल पाई है उसमें भी लगातार कटौती होती रहती थी। बिजली आपूर्ति बाधित होने के बाबत उप केंद्र पर तैनात जिम्मेदार अधिकारियों से जब संपर्क साधा गया तो जिम्मेदारों के पास कोई माकूल जवाब नहीं दिया। अधिकांश अधिकारियों के सेल फोन स्विच ऑफ रहते हैं। फिलहाल बिजली की बदहाली के कारण क्या व्यापारी क्या किसान सभी हलकान हैं। अवर अभियंता सौरभ कुमार से जब बिजली जाने और आने का रोस्टर उपभोक्ता पूछते हैं तो कुछ उत्तर देने के बजाय मोबाइल फोन बंद कर लेते हैं।

# लम्पी वायरस की वजह से 31अक्तूबर तक बंद रहेंगे पशु बाजार

अयोध्या।
तेजी से पशुओं में फैल रहे लंपी वायरस की वजह से जिले के पशु बाजार अब 31 अक्तूबर तक बंद रहेंगे। बीमारी का प्रकोप सितंबर के पहले सप्ताह में शुरू हुआ था । मवई और रुदौली ब्लाक क्षेत्रों में ज्यादा तेजी से बढ़ा था। नौ सितंबर को अफसर पीड़ित पशुपालकों के घर मवेशी देखने पहुंचे थे। इसके बाद लंपी वायरस के प्रसार को रोकने के लिए पशुओं की खरीद-फरोख्त के साथ पशु बाजारों को खोलने पर पाबंदी लगा दी गई थी। अब यह पाबंदी बढ़ा दी गई है। जिले में 2.33 लाख पशुओं के सापेक्ष अब तक लगभग 1.8 लाख का टीकाकरण हो चुका है। वायरस से संक्रमित कुल 163 पशु मिले थे। इसमें 111 पशु पूरी तरह ठीक हो चुके है। 52 का इलाज चल रहा है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. जगदीश सिंह ने बताया कि जिले में पिछले चार दिन से लंपी वायरस से संक्रमित कोई पशु नहीं पाया गया है।



# "सिलेंडर से लगी आग से दुकान में हजारों का नुकसान"

**अयोध्या ।**
स्थानीय बाजार में स्थित मोनू चाय मिष्ठान भण्डार में मंगलवार की सुबह गैस सिलेंडर से लगी आग में हजारों का नुकसान हो गया। बताते हैं कि सुबह लगभग 9 बजे दुकान मालिक मोनू गैस सिलेंडर से ग्रहकों के लिए



चाय बना रहे थे। वहीं बगल में रखे दूसरे गैस सिलेंडर का रिगुलेटर निकालते ही पिन की खराबी से उसमें से गैस निकलने लगी,और देखते ही देखते जल रहे चूल्हे से सिलेंडर में आग लग गयी। आग को बुझाने के लिए बाजारवासी इकट्ठा हो गये और जब तक आग पर काबू पाते तबतक मोबाइल, फ्रिज, कुर्सी मेज और काउंटर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।

# काम की खबर! शहर में लगेगा रोजगार मेला, फ्लिपकार्ट सहित कई कंपनियां लेंगी हिस्सा




झांसी. क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय झांसी में 11 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से रोजगार मेला व कॅरियर कॉउन्सिलिंग का आयोजन करेगा. रोजगार मेले में आये अभ्यर्थियों की कॅरियर कॉउन्सिलिंग के साथ ही उनके भविष्य निर्माण के सम्बन्ध में मार्गदर्शन और जानकारियों से अवगत कराया जायेगा. युवाओं को रोजगार देने के लिए इस मेला का आयोजन किया जा रहा है. रोजगार मेला में कई बड़ी कंपनियां हिस्सा लेंगी. सेवायोजन कार्यालय में आयोजित होने वाले इस रोजगार मेला में पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड झांसी, होम हेल्थ केयर लिमिटेड झांसी, श्री राम लाइफ इंशोरेंस कम्पनी लिमिटेड झांसी, ग्रोफास्ट भोपाल, फ्लिपकार्ट ई-कार्ट झांसी, वेल्सपन इण्डिया लिमिटेड, भारतीय जीवन बीमा निगम झांसी सहित कई कम्पनियों द्वारा अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा. हर कंपनी के प्रतिनिधि युवाओं के कौशल और इंटरव्यू के आधार पर उनका चयन करेंगे.

## नि:शुल्क होगी प्रक्रिया

सेवायोजन विभाग के अधिकारियों के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपने बायोडाटा के साथ क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय झांसी के परिसर में कॅरियर काउन्सिलिंग एंव रोजगार मेला में साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं. इस कार्यालय के माध्यम से आयोजित होने वाले रोजगार मेला में कम्पनी द्वारा चयन प्रक्रिया पूरी तरह नि:शुल्क होती हैं, जिसमें अभ्यर्थियों से किसी प्रकार के सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमाण्ड नहीं की जाती है.

# किशोरी की हत्या: है रिंगटनगंज पुलिस चौकी पर दिन भर डटी रही पुलिस टीमें

***कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही कड़ी पूछताछ***

***घटना का खुलासा न होने से पुलिस के रात की नींद और दिन का चैन छिना***

**अयोध्या।**
इनायत नगर थाने के ग्राम रेवना पूरे विद्या पाण्डेय स्थित अपने घर में अकेले मौजूद किशोरी का शव संदिग्ध अवस्था में पाए जाने के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में धारदार हथियार से हत्या की पुष्टि हुई है। मृतका के पिता द्वारा अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का एफआईआर भी दर्ज करा दिया गया लेकिन पुलिस हत्यारे को अभी गिरफ्तार नहीं कर पाई है। हालांकि रविवार को दिनभर इनायत नगर पुलिस टीम व एसओजी दल घटनास्थल और हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी के ईर्द-गिर्द ही रहा। देर रात तक हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी परिसर में अधिकारियों की मीटिंग होती रही। पुलिस ने जांच पड़ताल की रफ्तार बढ़ा दी है।
बताते चलें कि इनायत नगर थाने के ग्राम रेवना पूरे विद्या पाण्डेय निवासी राम जियावन की पुत्री पिंकी यादव (16) बीते शुक्रवार को अपने घर में अकेली थी। शाम करीब 4:30 बजे किशोरी का शव उसके घर में ही संदिग्ध अवस्था में पाए जाने के बाद गांव में सनसनी फैल गई थी। किशोरी के गले में दुपट्टा कसकर बंधा हुआ था और गले में कटे व चोट के निशान थे। किशोरी के शव के बगल में ही एक धारदार हंसिया भी मौके से मिली थी। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने इनायत नगर पुलिस को दी थी। जानकारी पाकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नय्यर, एसपी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर एवं प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह सहित चौकी प्रभारी हैरिंग्टनगंज रजनीश पांडे भी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नय्यर ने घटनास्थल का गहन निरीक्षण कर मातहतों को प्रकरण में आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे।




किशोरी की मौत प्रकरण में प्रभारी निरीक्षक इनायत नगर ने किशोरी के पिता राम जियावन यादव की तहरीर पर हत्या का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। उधर पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ जाने के बाद किशोरी की संदिग्ध मौत के रहस्य से पर्दा उठ गया है। पोस्टमार्टम के डॉक्टर ने किशोरी की मौत का कारण किसी धारदार हथियार से गला रेत कर किया जाना बताया है। मामले के विवेचक प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि कुछ संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की जा रही है। घटना के संबंध में कुछ कड़ियां मिली हैं। जल्दी ही युवती की हत्या का पदार्फाश कर दिया जाएगा।

# अपराधियों के हौसले बुलंद शहर के सबसे भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में बदमासो ने दी पुलिस को सलामी

वाराणसीः दशाश्वमेध थाने के पुलिस ने लहूलोहान युवक को मंडली अस्पताल कबीरचौरा भर्ती कराया जहां से डॉक्टरो ने बीएचयू रेफर किया प्राप्त सूचना के अनुसार घायल युवक पुराना बदमाश है पैसे के विवाद को लेकर के हुई है यह घटना पुलिस जांच में जुटी आयल आसिफ तनेजा पुत्र कमरुद्दीन निवासी देहलु गली को बकाये पैसे के लेन देन के मामले में जाहिद बाबा पुत्र स्व सिकन्दर निवासी शेख सलीम फाटक ने चाकू मारा हैं।
जाहिद मौके से फरार हो गया है
दशाश्वमेध पुलिस उसकी तलाश में कई स्थानों पर दबिश दे रही है



# पुलिस महकमा हुआ सख्त रोडवेज के बाहर खड़े होने वाले प्राइवेट बसों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

**समाज जागरण वाराणसी**
वाराणसी :अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था डा0 एस चन्नप्पा द्वारा कमिशनरेट वाराणसी की यातायात व्यवस्था सुधार एवं आगामी त्यौहार के द्दष्टिगत विजय श्रीवास्तव (A.R.M) परिवहन विभाग, सहायक पुलिस आयुक्त (यातायात) विकास श्रीवास्तव, निरीक्षक यातायात के साथ रोडवेज बस स्टैंड, काशी बस स्टैंड,का स्थलीय


निरीक्षण कर जायजा लेते हुए बसों

को तरतीबवार खड़े होने व निर्धारित रूट पर संचालन करने के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओ पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए एवं रोडवेज बस स्टैंड के बाहर खड़े होने वाले प्राइवेट बसों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जाम को छुड़ाने हेतु निर्देशित किया गया।

# केंद्रीय मंत्री ने आयुष मंत्रालय के एक महीने के आयुर्वेद उत्सव अभियान का शुभारंभ किया

केंद्रीय आयुष और पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री श्री सबानंद सोनोवाल ने आज देश भर में 8 वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के संबंध में एक महीने तक चलने वाले अभियान का अनावरण किया। आयुर्वेद के देवता भगवान धन्वंतरि के सम्मान में पूरे भारत में आयुर्वेद दिवस मनाया जाता है।

संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने जनसंदेश, जनभागीदारी और जन आंदोलन पर जोर दिया और कहा आयुष मंत्रालय का उद्देश्य न केवल मानव बल्कि पर्यावरण की भलाई को बढ़ावा देने के लिए आयुर्वेद की संभावनाओं का पता लगाना है । यह विषय भारत की जी-20 प्रेसीडेंसी 'वसुधैव कुटुंबकम' की थीम के अनुरूप है और आयुर्वेद दिवस-2023 के लिए मुख्य विषय मानव-पशु-पौधे-पर्यावरण इंटरफेस पर ध्यान केंद्रित कर 'एक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद' के रूप में निर्धारित किया गया है।

# उत्तर प्रदेश के चार मंडलों के 11 जनपद को मिलाकर समेकित ग्रोथ-हब के रूप में विकास विषयक नीति आयोग की बैठक

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी के मंडलायुक्त सभागार में अन्ना रॉय, वरिष्ठ सलाहकार/एडिशनल सेक्रेटरी नीति आयोग की अध्यक्षता में प्रदेश के चार मंडलों को ग्रोथ-हब के रूप में विकास विषयक बैठक आहूत की गई। इसमें मैक किन्सी, डिलोइट, आईएसईजी कंपनियों के सलाहकार और नीति आयोग के सिंसल्टैंट के साथ साथ उत्तर प्रदेश के नियोजन विभाग के अधिकारी मौजूद थे।
उक्त बैठक में प्रदेश के चार मण्डल क्रमशः वाराणसी, मिर्जापुर, आजमगढ़ एवं प्रयागराज के मंडलायुक्त और विकास प्राधिकरणों के उपाध्यक्षगण समेत अन्य अधिकारिगण तथा सलाहकार एवं प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।बैठक में अन्ना रॉय, वरिष्ठ सलाहकार, नीति आयोग ने बताया कि इस बैठक का मूल उद्देश्य, पूरे परिक्षेत्र के विकास से जुड़ी हुई है। प्रत्येक मंडल में विकास का लक्ष्य इस प्रकार हो कि समेकित ग्रोथ हब की विकास दर प्रदेश की विकास दर से भी तेज हो। उन्होंने कहा की
वाराणसी को देश-विदेश के आगंतुकों हेतु पहली पसंद के रूप में एक अनुपम टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाने के लिए जिला प्रशासन का कार्य सरहनीय है।
उन्होंने कहां कि किसी भी शहर के सार्वभौमिक विकास केलिए चार मापदंड क्रमशः बेस-लाइनिंग, ग्रोथ इंडिकेटर्स, सिटी-लिविंग स्टैण्डर्ड




तथा सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर पर मंथन किया जाना मूलभूत है।
बैठक में मंडलायुक्त-वाराणसी द्वारा यह बताया गया की भविष्य में वाराणसी के विकास में यहाँ टाउनशिप का विकास, शहर में सुगम यातयात, अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का विस्तारीकरण, लॉजिस्टिक हब रवम इंडस्ट्रियल टाउनशिप, पब्लिक ट्रांसपोर्ट में सुगमता, एग्री-एक्सपोर्ट तथा एग्री-प्रोसेसिंग जैसे कार्य प्रस्तावित है।
वाराणसी भविष्य में पर्यटन के साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था तथा फि ल्म इंडस्ट्री हेतु भी एक प्रमुख हब बन के निकलेगा।
- मंडलायुक्त-वाराणसी ने यह कहा कि देश-विदेश की बेस्ट प्रक्टिसेस के अध्ययन कर के वाराणसी में नवीन परियोजनाओं का विकास किया जाएगा तथा सरकारी विभागों का भी संबंधित परियोजनाओं के अनुसार ओरिएंटेशन किए जाने पर जोर दिया जाएगा।
- अंत में श्रीमती अन्ना रॉय, वरिष्ठ सलाहकार, नीति आयोग द्वारा चार मंडलों की प्रेजेंटेशन से संबंधित विभिन्न सुझावों पर चर्चा की गई तथा बैठक के समस्त प्रतिभागियों से विभिन्न नीतियाँ बनाए जाने हेतु विचार, विवरण एवं सहयोग की अपेक्षा की गई। विभिन्न विभागीय मण्डल स्तर के अधिकारियों को उनके द्वारा बताया गया कि नीति आयोग कि टीम के द्वारा उनसे डेटा प्राप्त किए जाएँगे जिसको उपलब्ध कराने में वो मदद करें। ग्रोथ हब की पूरी योजना तीन माह में ही तैयार की जानी है।

# पेट्रोल पंप पर मारपीट करने के मामले में 4 के विरुद्ध मुकदमा हुआ दर्ज

**समाज जागरण जौनपुर**
**मुफ्तीगंज, जौनपुर।**
गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के रामपुर ग्राम पंचायत के पित्तुपुर स्थित समशेर फीलिंग स्टेशन पर सोमवार की शाम बाइक में पेट्रोल भराने पहुंचे युवकों पर सेल्समैनों से सवा लाख रुपये छिनैती का आरोप लगाने वाले पेट्रोल पंप मालिक समशेर कुमार ने मंगलवार को चार लोगों के विरुद्ध मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की तहरीर पुलिस को दिया। इस संबंध में थाना के उपनिरीक्षक रामशंकर पांडेय ने बताया कि पेट्रोल पंप मालिक की तहरीर पर माताप्रसाद राय, शिवम राय, सत्यम राय और आदर्श राय निवासी गद्दोपुर के विरुद्ध धारा 384, 323, 504, 506 और एससीएसटी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है।

# वर्ल्ड कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट फारुख नगर, गुड़गांव में फ्रेशर पार्टी 2023 का आयोजन में इंडिया के जाने माने व बॉलीवुड के लोकप्रिय डीजे अकील ने मचाया धमाल ।

गुरुग्राम : शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुके वर्ल्ड कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, फरुखनगर, गुरुग्राम के प्रांगण में फ्रेशर पार्टी 2023 का आयोजन बेहद मौज-मस्ती से भरा रहा । वर्ल्ड कॉलेज के रजिस्ट्रार श्री युद्धवीर सिंह जी ने जानकारी देते हुए बताया कि फ्रेशर पार्टी 2023 में इंडिया के जाने माने व बॉलीवुड के लोकप्रिय डीजे अकील ने धमाल मचा दिया और अपने जोशीले गानों से सभी को थिरकने पर मजबूर कर दिया।
इस अवसर पर इंजीनियरिंग, बिजनेस एडमिंस्ट्रेशन और कंप्यूटर एप्लीकेशन के नए बैच के छात्रों ने अत्यंत खूबसूरत रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए । इस अवसर पर नए छात्रों द्वारा रैंप वॉक का प्रदर्शन किया गया, इसमें चुने गए विद्यार्थियों को अपना टैलेंट दिखाने का अवसर भी मिला, जिनके प्रदर्शन को देखकर सभी अध्यापक व विद्यार्थी मंत्रमुग्ध हो गए ।
बी.टेक में कुमार गौरव और वाणी बामेल को क्रमश मिस्टर डब्ल्यूसीटीएम और मिस डब्ल्यूसीटीएम के खिताब से नवाजा गया, श्रेया झा (बी.टेक) ने मिस एलिगेंट का खिताब जीता। बबनीक कौर व देवेन्द्र को क्रमश मिस और मिस्टर हॉस्टल का खिताब के लिए चुना गया। लविशा व वैष्णव को क्रमश मिस और मिस्टर डब्ल्यूसीटीएम कंप्यूटर एप्लीकेशन तथा रूपाली (एमसीए) को मिस टैलेंटेड का खिताब के लिए चुना गया। बिजनेस एडमिंस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के छात्रों में अंजुल को मिस डब्ल्यूसीटीएम और सौरभ को मिस्टर डब्ल्यूसीटीएम के शीर्षको से सम्मानित किया गया । परवीन को मिस्टर टैलेंटेड व युवराज को मिस्टर एलिगेंट खिताब के लिए चुना गया।

# बीएसए के औचक निरीक्षण मे अनुपस्थित मिले शिक्षक व शिक्षामित्र, मिला यह दंड

**समाज जागरण जौनपुर)**
जौनपुर। बेसिक विभाग की ओर से परिषदीय स्कूलों में चल रहे निरीक्षण अभियान के तहत बुधवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल द्वारा विकासखण्ड केराकत व डोभी के परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर शासन द्वारा विद्यालयों मे संचालित योजनाओं एवं अध्ययनरत छात्रों के अधिगम स्तर की जाँच की गयी।
प्राथमिक विद्यालय चरहुँआ, वि0क्षे0-केराकत के निरीक्षण के दौरान विद्यालय मे कार्यरत समस्त अध्यापक विद्यालय में उपस्थित पाये गये। विद्यालय में नामांकित 112 छात्रों के सापेक्ष सिर्फ 62 छात्र उपस्थित पाये गये। विद्यालय मे शिक्षक-छात्र अनुपात प्राविधानित व्यवस्था के अनुरूप नहीं पाया गया। विद्यालय मे अध्ययनरत छात्रों का अधिगम स्तर सन्तोषजनक नहीं पाया गया। विद्यालय प्रांगण साफ-सुथरा नहीं पाया गया। विद्यालय प्रांगण मे जगह-जगह ईंट व कंकरीट पायी गयी। कायाकल्प योजना के तहत विद्यालय मे लगा हुआ मल्टिपल हैण्डवाश असंतृप्त पाया गया। विद्यालय मे मध्यान्ह भोजन मीनू के अनुसार बना हुआ पाया गया। गत शिक्षिक सत्र 2022-23 मे विद्यालय द्वारा 102 छात्रों के सापेक्ष 89 छात्रों की डी0बी0टी0 की गयी प्राप्त हुई। गत वर्ष विद्यालय को शासन द्वारा प्राप्त कम्पोजिट धनराशि रू0 50000 के सापेक्ष कुल रू0 50000 व्यय पायी गयी। विद्यालय मे रंगाई-पुताई का अभाव पाये जाने के कारण बी0एस0ए0 डा0 गोरखनाथ पटेल द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बंधित प्रधानाध्यापक पर कार्यवाही करते हुए 10 दिनों मे विद्यालय मे व्याप्त कमियों को पूर्ण करते हुए फोटोग्राफध्साक्ष्यों सहित स्पष्टीकरण सम्बंधित खण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से कार्यालय मे प्रस्तुत किये जाने हेतु मौके पर निर्देशित किया गया।
प्राथमिक विद्यालय बिसौरी, वि0क्षे0-डोभी के निरीक्षण के दौरान विद्यालय मे कार्यरत शिक्षामित्र श्रीमती प्रियंका माह जुलाई 2023 से निरीक्षण तिथि तक अनुपस्थित पायी गयीं, जिसके सम्बंध में प्रधानाध्यापक द्वारा सन्तोषजनक फीडबैक प्रस्तुत नहीं किया जा सका। अनुपस्थित पाये जाने के कारण शिक्षामित्र का अनुपस्थित तिथियों का मानदेय अवरूद्ध कर दिया गया। विद्यालय मे कार्यरत शेष अन्य अध्यापक विद्यालय मे उपस्थित पाये गये। विद्यालय में नामांकित 102 छात्रों के सापेक्ष सिर्फ 63 छात्र उपस्थित पाये गये। विद्यालय मे शिक्षक-छात्र अनुपात प्राविधानित व्यवस्था के अनुरूप नहीं पाया गया। विद्यालय मे अध्ययनरत छात्रों का अधिगम स्तर सन्तोषजनक नहीं पाया गया। विद्यालय मे मध्यान्ह भोजन मीनू के अनुसार बना हुआ पाया गया। गत शिक्षिक सत्र 2022-23 मे विद्यालय द्वारा 106 छात्रों के सापेक्ष 89 छात्रों की डी0बी0टी0 की गयी प्राप्त हुयी। गत वर्ष विद्यालय को शासन द्वारा प्राप्त कम्पोजिट धनराशि रू0 50000 के सापेक्ष आय-व्यय पंजिका का अवलोकन प्रधानाध्यापक द्वारा नहीं कराया जा सका। जिसके कारण बी0एस0ए0 द्वारा प्रधानाध्यापक को स्पष्टीकरन निर्गत किया गया। विद्यालय में आने-जाने हुए लगे हुए रास्ते के विशेष मरम्मत हेतु प्रधानाध्यापक को खण्ड शिक्षा अधिकारी व ग्राम प्रधान से वार्ता कर आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु दिशा-निर्देश निर्गत किये गये। विद्यालय मे उपस्थित समस्त अध्यापकों को छात्रों के अधिगम स्तर मे वृद्धि किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।
प्राथमिक विद्यालय मढ़ी चमार बस्ती, वि0क्षे0-डोभी के निरीक्षण के दौरान विद्यालय मे कार्यरत सहायक अध्यापक शिवांश प्रताप सिंह 09 अक्टूबर, 2023 से निरीक्षण तिथि तक अनुपस्थित पाये गये, जिसके सम्बंध में प्रधानाध्यापक द्वारा सन्तोषजनक फीडबैक प्रस्तुत नहीं किया जा सका। अनुपस्थित पाये जाने के कारण सहायक अध्यापक शिवांश प्रताप सिंह का अनुपस्थित तिथियों का वेतन अवरूद्ध कर दिया गया। विद्यालय मे कार्यरत शेष अन्य अध्यापक विद्यालय मे उपस्थित पाये गये। विद्यालय में नामांकित 82 छात्रों के सापेक्ष सिर्फ 60 छात्र उपस्थित पाये गये। विद्यालय मे शिक्षक-छात्र अनुपात प्राविधानित व्यवस्था के अनुरूप नहीं पाया गया। गत शिक्षिक सत्र 2022-23 मे विद्यालय द्वारा 120 छात्रों के सापेक्ष 120 छात्रों की डी0बी0टी0 की गयी प्राप्त हुयी। गत वर्ष विद्यालय को शासन द्वारा प्राप्त कम्पोजिट धनराशि धनराशि रू0 50000 के सापेक्ष कुल रू0 50000 व्यय पायी गयी। विद्यालय में आने-जाने हुए लगे हुए रास्ते के विशेष मरम्मत हेतु प्रधानाध्यापक को खण्ड शिक्षा अधिकारी व ग्राम प्रधान से वार्ता कर आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु दिशा-निर्देश निर्गत किये गये। विद्यालय मे प्राप्त कमियों के कारण बी0एस0ए0 डा0 गोरखनाथ पटेल द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बंधित प्रधानाध्यापक पर कार्यवाही करते हुए 10 दिनों मे विद्यालय मे व्याप्त कमियों को पूर्ण करते हुए फोटोग्राफध्साक्ष्यों सहित स्पष्टीकरण सम्बंधित खण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से कार्यालय मे प्रस्तुत किये जाने हेतु मौके पर निर्देशित किया गया।
प्राथमिक विद्यालय हिसामपुर द्वितीय, वि0क्षे0-डोभी के निरीक्षण के दौरान विद्यालय मे समस्त अध्यापक विद्यालय मे उपस्थित पाये गये । विद्यालय में नामांकित 101 छात्रों के सापेक्ष सिर्फ 72 छात्र उपस्थित पाये गये। गत शिक्षिक सत्र 2022-23 मे विद्यालय द्वारा 113 छात्रों के सापेक्ष 109 छात्रों की डी0बी0टी0 की गयी प्राप्त हुयी। गत वर्ष विद्यालय को शासन द्वारा प्राप्त कम्पोजिट धनराशि धनराशि रू0 50000 के सापेक्ष कुल रू0 50000 व्यय पायी गयी। विद्यालय के कक्षा-कक्ष की छत से सिमेंट छोड़ने के कारण बी0एस0ए0 डा0 गोरखनाथ पटेल द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बंधित प्रधानाध्यापक पर कार्यवाही करते स्पष्टीकरण सम्बंधित खण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से कार्यालय मे प्रस्तुत किये जाने हेतु मौके पर निर्देशित किया गया।